पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय

(एक केंद्रीय विश्वविद्यालय)



32 वाँ वार्षिक प्रतिवेदन 2017-18

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय
(केंद्रीय विश्वविद्यालय)

32 वाँ वार्षिक प्रतिवेदन 2017-2018

(1अप्रैल 2017 से 31मार्च 2018 तक)

आर. वेंकटरामन् नगर
कालापेट
पुदुच्चेरी- 605 014

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय

कुलपति की ओर से

पांडिचेरी विश्वविद्यालय, 1985 में संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जिसका लक्ष्य अध्ययन की सर्वाधिक उचित शाखाओं में निर्देशात्मक और अनुसंधानात्मक सुविधाएँ प्रदान करना तथा विशेष रूप से फ्रांसीसी-अध्ययन, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और मानविकी विषयों में एकीकृत पाठ्यक्रमों के अध्ययन हेतु विशेष प्रावधान दिलाना है। अंतर्विषयी अध्ययन और अनुसंधान को प्रोत्साहन देना विश्वविद्यालय का उद्देश्य रहा है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय- भारत के रैंकिंग 2018 ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढ़ांचे (एन.आई.आर.एफ.) के माध्यम से रैंकिंग प्रक्रिया द्वारा विश्वविद्यालयों की सूची में पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को 59वाँ स्थान और समग्र सूची में 86वाँ स्थान दिया है। विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) इमर्जिंग इकोनॉमिक्स यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2018 में 801-1000 श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय को QS BRICS रैंकिंग में- 201-250 वीं, QS ASIAN यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 301-350 वीं और यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2018 -में 201-250 रैंक में रखा गया है।

विश्वविद्यालय में 15 विद्यापीठ, 39 विभाग, 1 अध्ययन पीठ तथा 11 केंद्र हैं और 133 से अधिक स्नातकोत्तर कार्यक्रम, स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट और अनुसंधान कार्यक्रम विश्वविद्यालय में चलाये जा रहे हैं। छात्रों का चयन अखिल भारतीय सामान्य प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। विश्वविद्यालय को अपने विभिन्न कार्यक्रमों के लिए साल-दर-साल 35,000 से अधिक आवेदन प्राप्त होते रहे हैं। विश्वविद्यालय में 6300 से अधिक विद्यार्थी (जिनमें 40% छात्र महिला विद्यार्थी हैं) अध्ययनरत हैं और इनमें 10 विदेशी छात्र शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने विभिन्न स्कूलों/ विभागों/ केंद्रों के अंतर्गत डॉक्टोरल अनुसंधान कार्यक्रमों के लिए लगभग 899 छात्रों को नामांकित किया है। विश्वविद्यालय में चलनेवाले सायं-कार्यक्रम, नियमित विद्यार्थियों के लिए भी खुले हैं और विद्यार्थी, विदेशी भाषाओं सहित 19 से अधिक स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में से अपना चुनिंदा विषय ग्रहण सकते हैं, जिससे उनकी मुख्य स्नातकोत्तर उपाधि का मूल्यवर्धन होगा।

विश्वविद्यालय में देश भर से 346 संकाय और 6300 से अधिक छात्र हैं। विश्वविद्यालयों के 93 संबद्ध कॉलेजों में 47,000 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। विश्वविद्यालय सक्रिय अनुसंधान में भाग लेने के लिए संकाय को प्रोत्साहित करता है, जिससे कक्षा में अध्ययन व शिक्षण के विशाल प्रयोजन से छात्र लाभान्वित हो सकते हैं। संप्रति हमारे पास विभिन्न निधीयन अभिकरणों- यथा- UGC, DST, CSIR, DBT, ISRO, DRDO, BRNS, ICSSR और MOEF के द्वारा 234

वित्तपोषित परियोजनाएँ उपलब्ध करायी गयी हैं; और इन परियोजनाओं के लिए अनुदान के रूप में रू. 80 करोड़ से अधिक राशि प्राप्त हुई है।

इस पूरे वर्ष के दौरान सम्मेलनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, परिसंवादों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विविध त्योहारों के लगातार आयोजन के कारण विश्वविद्यालय का परिसर खूब जीवंत रहा है। विश्वविद्यालय के द्वारा विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों और भारतीय संस्थानों के साथ 53 समझौता-ज्ञापन (27 राष्ट्रीय और 26 अंतर्राष्ट्रीय) किये गये हैं, जिनमें भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, बेलागवी, कर्नाटक और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA), नयी दिल्ली शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में 4,97,264 पुस्तकों और 38,011 शोध-पत्रिकाओं/जर्नलों (मुद्रित: 13,292 और इलेक्ट्रॉनिक 24,719) तथा 2,74,906 से अधिक ई-संसाधनों में 1,83,312 ई-पुस्तकें, 24,719 ई-पत्रिकाओं, 36 ई-डेटाबेस और 1196 ई- शोध-प्रबंधों से युक्त एक समृद्ध संग्रह उपलब्ध है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान ई-संसाधन उपयोग की कुल संख्या 12,61,795 थी। पुस्तकालय आरएफआईडी और सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के साथ पूरी तरह से स्वचालित है, जिसमें सुगम तरीके से सूचना प्राप्त करने के लिए रिमोट लॉगिन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ भी हैं। इनके अलावा पुस्तकालय में संसाधनों की पहुँच हेतु दृष्टि-बाधित विद्यार्थियों के लिए विशेष सॉफ्टवेयर(ब्रेल लैब) की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। पुस्तकालय में एक वातानुकूलित वाचनालय है जो आधी रात के 12 बजे तक खुला रहता है।

विश्वविद्यालय में 3840 की छात्र-क्षमता (जिसमें महिला विद्यार्थियों के लिए 39% आरक्षण है) के साथ 23 छात्रावास (जिनमें 8 महिला विद्यार्थियों के लिए हैं) मौजूद हैं। छात्रावासों के लिए सौर ऊर्जा हीटर, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं के साथ-साथ अत्याधुनिक विश्लेषणात्मक उपकरण, विश्वविद्यालय के परिसर के अंदर और बाहर मुफ्त परिवहन तथा उत्कृष्ट खेल सुविधाएँ आदि उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय सभी महिला विद्यार्थियों को मुफ्त-किराए पर आवास प्रदान करता है और सभी दिव्यांग छात्रों को पूरी तरह से मुफ्त शिक्षा प्रदान करता है। परिसर में विश्वविद्यालय के सभी विभागों और छात्रावासों के लिए 100% बिजली बैक-अप मौजूद है। सभी सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस के साथ 24 घंटे सेवाएँ देने वाला औषधालय परिसर में उपलब्ध एक और सुविधा है। विश्वविद्यालय के औषधालय में सिद्ध चिकित्सा की एक इकाई भी कार्यरत है।

पुदुच्चेरी और माहे में उपस्थित विश्वविद्यालय के कम्यूनिटी कॉलेज, सामुदायिक रेडियो स्टेशन, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय और मानव संसाधन विकास केंद्र सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय में रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित सुविधाएँ उपलब्ध करायी गयी हैं :

1. विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में 26.04.2017 को सिद्ध चिकित्सा-इकाई के लिए सर्वीस प्वाइंट का आरंभ किया गया ।

2. ऑनलाइन छात्र शैक्षणिक गतिविधि- प्रबंधन प्रणाली (PU-SAMS) का आरंभ किया गया।
3. परिवहन सेवाओं के लिए ऑनलाइन सेवा प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत की गयी।
4. बिजली से संबंधित शिकायतों के लिए ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली का आरंभ।
5. **उन्नत भारत अभियान** स्कीम के तहत 'गांव गोद लेने' की योजना।
6. 100% वाई-फाई सक्षम परिसर।
7. 31.07.2017 को श्री तपन मिश्रा (निदेशक, अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, अहमदाबाद) के द्वारा "इंडियन सोसाइटी ऑफ जियोमैटिक्स - पुदुचेरी चैप्टर" का उद्घाटन।
8. 31.07.2017 को "पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के पूर्व-छात्र पोर्टल" का उद्घाटन किया गया।
9. 10.11.2017 को श्री आर. कमलाकण्णन् (कृषि, शिक्षा और बिजली मंत्री, पुदुच्चेरी सरकार) द्वारा "सीएलआईएल रिसोर्स एंड ट्रेनिंग सेंटर" का उद्घाटन
10. फरवरी 2018 के दौरान राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद को स्वतः अध्ययन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया ।
11. 08.02.2018 से 10.02.2018 के दौरान पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को 'सामग्री योगदान' का प्रमाण पत्र दिया गया और विषय सामग्री के उदार योगदान के लिए भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय के 'विषय सामग्री भागीदार" के रूप में विश्वविद्यालय को नामित किया गया तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नयी दिल्ली के भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय द्वारा सम्मानित किया गया ।
12. विश्वविद्यालय में "सॉलिड इलेक्ट्रोलाइट्स फॉर एड्वांस्ड अप्लिकेशन्स: गार्नेट्स एंड कांपिटीटर्स" विषय पर प्रथम विश्व सम्मेलन का आयोजन 06.09.2017 से 09.09.2017 तक किया गया।

सुदूर दक्षिण में उपस्थित होते हुए भी, 16 अक्टूबर 1985 से- यानी स्थापना के समय से लेकर आज तक विश्वविद्यालय अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए देश भर में प्रसिद्ध है और फलस्वरूप पूरे देश व विदेशों की अकादमिक श्रेणियों के मध्य अपने लिए एक विशिष्ट स्थान बनाये रखते हुए सफलता का शिखर छूने की दिशा में अग्रसर है।

कुलपति

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय

आर. वेंकटरामन् नगर, कालापेट, पुदुच्चेरी- 605 014

अभिस्वीकृति

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय की इस वार्षिक रिपोर्ट को तैयार करने में विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के आचार्य **प्रो. के. राजन्,** बैंकिंग प्रौद्योगिकी विभाग के आचार्य **प्रो. वी. मारियप्पन्** और भौतिकी विभाग के आचार्य एवं अध्यक्ष **प्रो. वी. वी. रविकांत कुमार** विशेष रूप से सराहनीय हैं और उनके सहयोग व मदद के लिए मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। मैं संबंधित अनुभागों सहित प्रशासन को भी धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने आंकड़ों को एकत्र करने में बहुत परिश्रम किया है।

कुलपति

कुलाध्यक्ष
माननीय श्री प्रणब मुखर्जी
भारत के राष्ट्रपति (25.07.2017 तक)

माननीय श्री रामनाथ कोविंद
भारत के राष्ट्रपति (25.07.2017 से)

कुलाधिपति
माननीय श्री मोहम्मद हमीद अन्सारी
भारत के उपराष्ट्रपति (11.08.2017 तक)

माननीय श्री मुप्पवरपु वेंकय्या नायुडु
भारत के उपराष्ट्रपति (11.08.2017 तक)

मुख्य कुलदेशिक
माननीया डॉ. किरण बेदी, आई.पी.एस.(सेवा निवृत्त)
उप राज्यपाल, पुदुच्चेरी

कुलपति
प्रो. (श्रीमति) अनीशा बशीर खान
(कार्यवाहक) (29.11.2017 के पूर्वाह्न तक)

प्रो. गुरुमीत सिंह
(29.11.2017 तक)

कुलसचिव
प्रो. एम. रामचंद्रन्
(प्रभारी) (14.07. 2017 तक)

श्री बी.आर.बाबू
(14.07.2017 से 20.09.2017 तक)

प्रो. के. धरणिक्करसु
(21.09.2017 से)

वित्त अधिकारी (प्रभारी)
प्रो. मालबिका देव

परीक्षा नियंत्रण अधिकारी (प्रभारी)
(06.11.2017 तक)
प्रो. पी. नटराजन्
(07.11.2017 से)

पुस्तकालयाध्यक्ष
डॉ. आर. संयुक्ता

विद्यापीठों के अध्यक्ष

सुब्रमणिय भारती तमिल भाषा एवं साहित्य विद्यापीठ	प्रो. ए. तिरुनागलिंगम् विद्यापीठाध्यक्ष (प्रभारी)
प्रबंधन विद्यापीठ	प्रो. जी. आंजनेय स्वामी
रामानुजम् गणितीय विज्ञान विद्यापीठ	प्रो. के.एम. तमिलमणि (10.04.2017 तक) प्रो. पी. धन्वंतन् (11.04.2017 तक)
भौतिकी, रसायनिक एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान विद्यापीठ	प्रो. जी. गोविंदराज (अध्ययन अवकाश) प्रो. एस. बालकृष्णन् विद्यापीठाध्यक्ष (21.07.2017 से)
जीवविज्ञान विद्यापीठ	प्रो. एन. पार्थसारथी
मानविकी विद्यापीठ	प्रो. नलिनी जे. थंपी
सामाजिक विज्ञान & अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विद्यापीठ	प्रो. वेंकट रघोत्तम्
अभियांत्रिकी & प्रौद्योगिकी विद्यापीठ	प्रो. पी. धन्वंतन् विद्यापीठाध्यक्ष (प्रभारी)
शिक्षा विद्यापीठ	प्रो. पी. के. सुब्रमणियन् (प्रभारी)
चिकित्सा विज्ञान विद्यापीठ	डॉ. एस. महादेवन् (विद्यापीठाध्यक्ष -प्रभारी) आचार्य (शैक्षिक) जे.आई.पी.एम.ई.आर.
प्रदर्शन कला विद्यापीठ	प्रो. सी.के. रामैय्या (विद्यापीठाध्यक्ष -प्रभारी)
मीडिया &संचार विद्यापीठ	प्रो. सी.के. रामैय्या
मदनजीत सिंह हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी विद्यापीठ	प्रो. के. अन्बलगन् (विद्यापीठाध्यक्ष -प्रभारी)
विधि विद्यापीठ	प्रो. शिबनाथ देब (विद्यापीठाध्यक्ष -प्रभारी)

विविध विभागों & केंद्रों के अध्यक्ष

प्रबंधन विद्यापीठ

प्रबंध-अध्ययन विभाग	डॉ. पी. पन्नीरसेल्वम् (10.04.2017 तक) डॉ. आर. चित्रा शिवसुब्रमणियम् (11.04.2017 से)
प्रबंध-अध्ययन विभाग (कारैकाल परिसर)	डॉ. एस. ए. सेंथिल कुमार
वाणिज्य विभाग	डॉ. मालबिका देव
वाणिज्य विभाग (कारैकाल परिसर)	डॉ. एस. अमिलन्
अर्थशास्त्र विभाग	डॉ. वी. निर्मला
प्रबंध अध्ययन विभाग	डॉ. वाई. वेंकटराव विभागाध्यक्ष (प्रभारी)
बैंकिंग प्रौद्योगिकी विभाग	डॉ. वी. प्रसन्न वेंकटेशन्
अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय विभाग	डॉ. यार्लगड्डा श्रीनिवासुलु (01.05.2017 तक) डॉ. भूषण डी. सुधाकर विभागाध्यक्ष (प्रभारी) (02.05.2017 से)

रामानुजम् गणितीय विज्ञान विद्यापीठ

गणित विभाग	डॉ. टी. दुरैवेल
सांख्यिकी विभाग	डॉ. पी. तिरुपति राव

भौतिकी, रसायनिक एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान विद्यापीठ

भौतिकी विभाग	डॉ. रामस्वामी मुरुगन्
रसायन विज्ञान विभाग	डॉ. के. धरणिक्करसु
पृथ्वी विज्ञान विभाग	डॉ. डी. सेंथिल नाथन्
अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग	डॉ. बी. रंगैय्या (19.09.2017 तक) डॉ. सुरेंद्र कुमार सिया (20.09.2017 तक)

आपदा प्रबंधन विभाग	डॉ. एन. रामानुजम् (31.05.2017 तक) डॉ. के. धरणी राजन् विभागाध्यक्ष (प्रभारी) (09.06.2017 से)
जीवविज्ञान विद्यापीठ	
जैव रसायन विज्ञान और आण्विक जीव विज्ञान विभाग	डॉ. सी. तिरुनावुक्करसु (28.08.2017 तक) डॉ. पी.पी. माथुर (29.08.2017 से)
सूक्ष्म जैविकी विभाग	डॉ. जोसफ सेल्विन संयोजक
जैव प्रौद्योगिकी विभाग	डॉ. वी. अरुल्
खाद्य विज्ञान & प्रौद्योगिकी विभाग	डॉ. एच. प्रताप कुमार शेट्टी
पारिस्थितिकी & पर्यावरण विज्ञान विभाग	डॉ. प्रिया दावीदार (30.11.2017 तक) डॉ. जी. पोय्यामोलि (01.12.2017 से)
महासागर अध्ययन & समुद्री जैवविज्ञान विभाग	डॉ. जयंत कुमार मिश्रा (13.11.2017 तक) डॉ. आर. मोहनराजु (14.11.2017 से)
जैव सूचनाविज्ञान केंद्र	डॉ. एच. सूर्य प्रकाश राव विभागाध्यक्ष (प्रभारी)
मानविकी विद्यापीठ	
अंग्रेजी विभाग	डॉ. क्लेमेंट सहायराज लूर्दुस
फ्रांसीसी भाषा विभाग	डॉ. नलिनी जे. थंपी
हिंदी विभाग	डॉ. एस. पद्मप्रिया (16.08.2017 तक) डॉ. सी. जयशंकर बाबू विभागाध्यक्ष (प्रभारी) (17.08.2017 से)
संस्कृत विभाग	डॉ. जे. कृष्णन्
दर्शनशास्त्र विभाग	डॉ. एस. इंदिरा
खेल निदेशालय	डॉ. डी. सुल्ताना

विदेशी भाषाई केंद्र	डॉ. बी. कृष्णमूर्ति
फिजिकल एजुकेशन और खेल विभाग	डॉ. डी. सुल्ताना (20.07.2017 तक) डॉ. पी.के. सुब्रमणियम् (21.07.2017 से)
एशियाई क्रिश्चियन अध्ययन में एस्केंडे अध्ययन पीठ	डॉ. एन. जोनस
सामाजिक विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विद्यापीठ	
नृविज्ञान विभाग	डॉ. टी. सुब्रमण्यम् नायुडु (31.05.2017 तक) डॉ. ए. चेल्ला पेरुमाल् (21.06.2017 से)
समाजशास्त्र विभाग	डॉ. सुधा सीतारामन्
इतिहास विभाग	डॉ. के. वेणुगोपाल रेड्डी
राजनीति & अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन	डॉ. बी. कृष्णमूर्ति
समाज-कार्य विभाग	डॉ. ए. शाहीन सुल्ताना विभागाध्यक्ष (प्रभारी)
दक्षिण एशियाई अध्ययन केंद्र/ युनेस्को – मदनजीत सिंह दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संस्थान	डॉ. ए. शुब्रमण्यम् राजु
महिला अध्ययन केंद्र	डॉ. आर. नलिनी विभागाध्यक्ष (प्रभारी)
सामाजिक बहिष्कार एवं समावेश नीति अध्ययन केंद्र	डॉ. ए. शुब्रमण्यम् राजु (31.05.2017 तक) डॉ. एम. तनूजा विभागाध्यक्ष (प्रभारी) (21.06.2017 से)
यूरोपीय अध्ययन केंद्र	डॉ. बी. कृष्णमूर्ति
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग समुद्री अध्ययन केंद्र	डॉ. ए. शुब्रमण्यम् राजु
अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विद्यापीठ	
कंप्यूटर विज्ञान विभाग	डॉ. टी. चित्रलेखा
कंप्यूटर विज्ञान विभाग (कारैकाल परिसर)	डॉ. जी. सुरेश कुमार विभागाध्यक्ष (प्रभारी) (28.01.2018 तक) जी. कुमार वेलन् विभागाध्यक्ष (प्रभारी) (29.01.2018 से)

एलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग	डॉ. आर. नक्कीरन्
प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी केंद्र	डॉ. बसंत के. तिवारी विभागाध्यक्ष (प्रभारी)
शिक्षा विद्यापीठ	
वयस्क और सतत शिक्षा केंद्र	डॉ. के. देवन्
मीडिया & संचार विद्यापीठ	
एलेक्ट्रानिक मीडिया और जनसंचार विभाग	डॉ. डी. निवेदिता (18.07.2017 तक) डॉ. एम शोयब मोहम्म हनीफ , विभागाध्यक्ष (प्रभारी) (19.07.2017 से)
पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग	डॉ. आर. सेवुकन्
मदनजीत हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी विद्यापीठ	
हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी विभाग	डॉ. बी. मोहम्मद जाफर अली
नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र	डॉ. ए. सुब्रमणिया
एजुकेशनल मल्टीमिडिया रीसर्च सेंटर	डॉ. एम.एस. पांडियन् (31.05.2017 तक) डॉ. एस. अरुल सेल्वन् विभागाध्यक्ष (प्रभारी) (01.06.2017 से)
महाविद्यालय विकास परिषद	प्रो. के. श्रीनिवास विद्यापीठाध्यक्ष (प्रभारी)
निदेशक – यूजीसी मानव विकास संसाधन केंद्र	प्रो. वेंकट रघोत्तम्
कम्यूनिटी कॉलेज, पुदुच्चेरी, प्राचार्य	डॉ. ए. चेल्ल पेरुमाल् (26.12.2017 तक) डॉ. जी. चंद्रशेखरन् (27.12.2017 से)
कम्यूनिटी कॉलेज-माहे	डॉ. प्रभात भास्करन् केंद्र के अध्यक्ष
निदेशक- दूरस्थ शिक्षा	प्रो.शिबनाथ देब निदेशक (प्रभारी)

प्रशासनिक अधिकारी (31.08.2018 तक)

कुलपति का सचिवालय

सहायक कुलसचिव	:	श्रीमति एस. अलमेलु

कुलसचिव का सचिवालय

सहायक कुलसचिव	:	श्री बी.एन.के. राडिपे (31.10.2017 तक)
		श्री एम.पी.टी. सहायराजा (20.11.2017 से)

कुलसचिव का कार्यालय

संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन व स्थापना)	:	डॉ. बी. चित्रा (09.11.2017 तक)
उप कुलसचिव	:	डॉ. पी. मुरलीदासन् (24.08.2017 से)
उप कुलसचिव (विशेष आरक्षण प्रकोष्ठ)	:	डॉ. पी. मुरलीदासन्
सहायक कुलसचिव (विशेष आरक्षण प्रकोष्ठ)	:	श्री के. जयबालन् (31.08.2017 से)
सहायक कुलसचिव (विधिक प्रकोष्ठ)	:	श्री एल. आर. फ्रांक्लिन थॉमस
सहायक कुलसचिव (प्रशासन)	:	श्री एन. गिरिधरन्
सहायक कुलसचिव (स्थापना)	:	श्री बी. रौद्रमूर्ति
सहायक कुलसचिव (पी&डी एंड पीसीआर सेल)	:	श्री एस. मुरुगय्यन्
सहायक कुलसचिव (क्रय & भंडार)	:	श्री एम. वल्लादन् (31.05.2017 तक)
		श्री पी. वैद्यनाथन् (23.06.2017 तक)
उप कुलसचिव (अकादमिक)	:	श्रीमति एस. पुनीता
सहायक कुलसचिव (अका- प्रवेश)	:	श्री पी. राजशेखरन्
सहायक कुलसचिव (अका- सामान्य)	:	श्री एन. देवनारायणन्
उप कुलसचिव (संबद्धता विंग)	:	श्रीमति एस. पुनीता (16.11.2017 से)
सहायक कुलसचिव (संबद्धता विंग)	:	श्री एम.पी.टी सहायराजा (19.11.2017 तक)
सहायक कुलसचिव (परियोजना प्रकोष्ठ)	:	श्री पी. वैद्यनाथन् (22.06.2017 तक)
		श्री के. महेश (23.06.2017 से)
उप कुलसचिव (भर्ती पकोष्ठ)	:	डॉ. पी. मुरलीदासन् (24.08.2017 से)
सहायक कुलसचिव (भर्ती पकोष्ठ)	:	श्री वी. ज्योति मुरुगैय्यन् (05.07.2017 तक)
सहायक कुलसचिव (जनसंपर्क)	:	डॉ. एम. वल्लादन् (31.05.2017 तक)
		श्री के. महेश (03.07.2017 से)
सहायक कुलसचिव (यातायात/ प्रभारी)	:	श्री एम. वेलायुधम्
विशेष कार्य अधिकारी (सतर्कता/सुरक्षा)	:	श्री एन. रविकुमार
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ	:	श्री वी. ज्योति मोहन (06.07.2017 से)

वित्त अधिकारी का कार्यालय

उप कुलसचिव (एफ/ए)	:	श्री आर. शेखर
सहायक कुलसचिव (एफ/ए)	:	श्री एम. वेलायुधम्
		श्री एन. पिच्चै पांडी

परीक्षा नियंत्रण अधिकारी का कार्यालय

संयुक्त कुलसचिव (परीक्षा)	:	डॉ. बी. चित्रा (10.11.2017 से)
उप कुलसचिव (परीक्षा)	:	डॉ. पी. मुरलीदासन् (23.08.2017 तक)
		श्री. पी. गुणशेखरन् (28.02.2018 तक)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)	:	श्री एल.आर. फ्रांक्लिन थॉमस
		श्री वी. पार्थ सारथी
		श्रीमति रामन गीता

पब्लिक ग्रीवेंस सेल

पब्लिक ग्रीवेंस अधिकारी	:	डॉ. के. देवन्

केंद्रीय पुस्तकालय

उप पुस्तकालयाध्यक्ष	:	डॉ. यू. नागलिंगम्
सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	:	श्री एस. दुरै
		डॉ. आर. हेमा
		डॉ. एम. भास्कर
		श्री जी. शिव सुब्रमणियन्
		श्री शिबू के.एम.
		डॉ. पी. विजय कुमार
कंप्यूटर/ सूचना वैज्ञानिक	:	श्री जेड. ऑलिर वेल्

कंप्यूटर केंद्र

सिस्टम्स मैनेजर	:	श्री मेरी स्टेनिलैस अशोक
सिस्टम्स एनलिस्ट	:	श्री के.पलनिवेल्
प्रोग्रामर	:	श्री डब्ल्यू.जे. कालेशा

अभियांत्रिकी विंग

एक्सेक्यूटिव इंजीनियर	:	श्री एन. शंकरमूर्ति
सहायक इंजीनियर (सिविल) -I	:	श्री जी. रघुपति
सहायक इंजीनियर (सिविल) -II	:	श्री एस. वेंकटेशन्
सहायक इंजीनियर (एलेक्ट्रिकल)	:	श्री के. मुरुगवेल्

बागवानी विंग

बागवानी विशेषज्ञ	:	डॉ. आर. मणिवण्णन्

चिकित्सा केंद्र

मुख्य चिकित्सा अधिकारी	:	डॉ. (श्रीमति) शीला दास
वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी	:	डॉ. एस. महालक्ष्मी

केंद्रीय इन्स्ट्रुमेंटेशन सुविधा

केंद्र के अध्यक्ष	:	डॉ. बाल मणिमारन
तकनीकी अधिकारी (श्रीणी-I) (एस.एस.)	:	श्री पी. तिल्लैमणि
तकनीकी अधिकारी (श्रीणी-I) (एस.जी.)	:	श्री एस. रामस्वामी

केंद्रीय रखरखाव कार्यशाला

तकनीकी अधिकारी (श्रीणी-II)	:	श्री पी. काशी राजन्

वयस्क एवं निरंतर शिक्षा केंद्र

केंद्र के अध्यक्ष	:	डॉ. के. देवन्

कम्यूनिटी कॉलेज

सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	:	श्री एन. शंकर सुब्रमणियन्
सहायक कुल सचिव	:	श्री के. महेश (22.06.2017 तक)

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

सहायक कुल सचिव (डीडीई परीक्षा)	:	श्री एन. रवि

तमिल विद्यापीठ

सहायक कुल सचिव	:	श्री डी. बाबू

सामाजिक विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विद्यापीठ

सहायक कुल सचिव	:	श्री एम. सांदिरेन्

युनेस्को – मदनजीत सिंह दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संस्थान

सहायक कुल सचिव	:	श्री के. नल्ल पेरुमाल् पिल्लै

जैवसूचना विज्ञान केंद्र

सूचना अधिकारी	:	श्री एम. सुंदर मोहन

विश्वविद्यालय छात्रावास

सहायक कुल सचिव	:	श्री जी. वेंगुइडेश्वरने

आंतरिक लेखापरीक्षा विंग

आंतरिक लेखा परीक्षा अधिकारी (प्रतिनियुक्त पर)	:	श्री के. कृष्ण सामी (31.05.2017 तक)
अपर आंतरिक लेखा परीक्षा अधिकारी	:	श्री एम. बालू

क्र. सं.	**विषयसूची**	पृष्ठ संख्या
1.	कार्य-निष्पादन सार	1-9
2.	शैक्षिक गतिविधियाँ	10-70
3.	विकास गतिविधियाँ	71-74
4.	संकाय/कर्मचारियों के विवरण	75-83
5.	विद्यापीठ/ विभाग/ केंद्र	84-262
6.	छात्र-सुविधाएँ एवं गतिविधियाँ	263-267
7.	छात्रों को वित्तीय सहायता	268-270
8.	अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजातियों & महिला कर्मचारियों तथा छात्रों के लिए विशेष प्रावधान	271-277
9.	केंद्रीय सुविधाएँ	278-316
10.	विश्वविद्यालय वित्त	317-323
11.	शैक्षिक विशेष-योग्यताएँ	324-331
12.	अकादमिक आउटरीच	332-381
13.	सम्मेलनों में प्रपत्र एवं व्याख्यान	382-440
14.	शोध-प्रकाशन	441-602
15.	परियोजनाएँ	603-605
16.	संबद्ध संस्थान	606-743
17.	विश्वविद्यालय प्राधिकरण-निकाय	744-762

अध्याय 1

कार्यनिष्पादन-सार

1.1 प्रस्तावना

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है। संसद के अधिनियम (1985 की सं. 53) द्वारा 16 अक्टूबर 1985 को एक शिक्षण एवं संबद्ध संस्थान के रूप में इसकी स्थापना की गयी है। यह विश्वविद्यालय कोरोमंडल तट से सटे ईस्ट कोस्ट रोड पर 780 एकड़ के हरेभरे और विशाल परिसर में स्थित है। यह पांडिच्चेरी शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूरी पर और चेन्नई से 160 किलोमीटर दक्षिण में है। इस प्रकार यहाँ पहुंचना आसान है। इस विश्वविद्यालय का विशाल क्षेत्राधिकार में पुदुचेरी एवं कारैकल (तमिलनाडु में), माहे (केरल में) और यानाम (आंध्रप्रदेश में) से युक्त पुदुचेरी केंद्र शासित प्रदेश ही नहीं, बल्कि अंडमान और निकोबार तथा लक्षद्वीप द्वीप समूह भी शामिल हैं, जिससे राष्ट्र की सांस्कृतिक और भाषाई विविधता का एक अनोखा चित्र देखने को मिलता है। इन सभी क्षेत्रों में कुल 95 कॉलेज पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं, जिससे यह दक्षिण भारत में उच्च शिक्षा से संबद्ध सबसे बड़े संस्थानों में से एक है। चिकित्सा, नर्सिंग, दंत विज्ञान, पैरामेडिकल विज्ञान, इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी, विधि, विज्ञान, मानविकी और शिक्षा क्षेत्रों के व्यापक अध्ययन के लिए स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

इस विश्वविद्यालय के उद्देश्य हैं :

1. निर्देशात्मक और अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करके उच्च श्रेणी के ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना
2. फ्रेंच में पढ़ाई करने के लिए विशेष प्रावधान करना
3. शैक्षिक कार्यक्रमों में मानविकी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान में एकीकृत पाठ्यक्रम संचालित करना
4. अंतर-विषयक अध्ययन और अनुसंधान को प्रोत्साहन और बढ़ावा देना।
5. उद्योग-शैक्षणिक इंटरफेस के पहलों को प्रोत्साहिन और बढ़ावा देना

1.2 शैक्षणिक पाठ्यक्रम

संकाय, विभाग एवं केंद्र

हमारे विश्वविद्यालय में 15 संकाय , 39 विभाग, 11 केंद्र और एक पीठ हैं। इस विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अभिनव और रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों का परिचय इसमें प्रवेश लेनेवाले विद्यार्थियों की संख्या में प्रतिवर्ष हो रही बढ़ोतरी से परिलक्षित होता है। यह विश्वविद्यालय पांडिच्चेरी के विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में और कारैकल, पोर्ट ब्लेयर (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) और माहे में स्थित परिसर में 51 विषयों में पीएच.डी. पाठ्यक्रम, 8 विषयों में एम.टेक., 55 विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, 4 विषयों में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और 12 विषयों में एड-ऑन डिप्लोमा / सर्टिफिकेट कोर्स संचालित कर रहा है।

शैक्षणिक पाठ्यक्रम

पीएच.डी.	* स्नातकपूर्व		*बी.वॉक	* डिप्लोमा / एडवान्सड डिप्लोमा	स्नातकोत्तर डिप्लोमा	एड-ऑन पाठ्यक्रम
51	04	63	10	49	04	12

* पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कम्यूनिटी कॉलेज

प्रवेश

वर्ष 2017-18 के दौरान 2631 छात्रों ने प्रवेश लिया, जिनमें से 20%, अर्थात् 562 छात्र अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के हैं।

नामांकन

इस वर्ष के दौरान कुल 6353 छात्रों का नामांकन किया गया, जबकि पिछले वर्ष (2016-17) में इसकी संख्या 6454 थी। इनमें 899 पीएच.डी. अध्येता और 5222 स्नातकोत्तर छात्र, जिनमें क्रमशः 238 एम.टेक और 999 एकीकृत एम.एससी के छात्र शामिल हैं।

विद्यार्थियों की संख्या (2017-18 **के लिए प्रवेश प्राप्त)**

पाठ्यक्रम	प्रवेश-प्राप्त विद्यार्थी						
	सामान्य	**ओबीसी**	**अ. जा.**	**अ.ज. जा.**	**पी.ए च.**	**वि. छा.**	**कुल**
पीएच.डी/एम.टेक/एम.ए./एम.एस.सी./एम.एस.सी.(एकीकृत)/एम.बी.ए./एम.सी.ए./अन्य	1264	740	375	187	57	8	2631

विद्यार्थियों की संख्या (2017-18 **नामावली के अनुसार**)

पाठ्यक्रम	प्रवेश-प्राप्त विद्यार्थी						
	सामान्य	**ओबीसी**	**अ.जा.**	**अ.ज. जा.**	**पी.ए च.**	**वि. छा.**	**कुल**
पीएच.डी/एम.टेक/एम.ए./एम.एस.सी./एम.एस.सी.(एकीकृत)/एम.बी.ए./एम.सी.ए./अन्य	2648	2336	894	402	63	10	6353

विद्यार्थियों के छात्रावास

छात्रावास में छात्रों की संख्या 3633 (2252 लड़के और 1381 लड़कियां) हैं, जिनमें 801 अनुसूचित जाति / जनजाति के छात्र हैं।

क्र.सं.	**बालक छात्रावास का नाम**	**कमरों की संख्या**	**सदस्यों की संख्या**	**अ.जा**	**अ.ज.जा**
1	पवेंदर भारतीदासन छात्रावास	62	48	24	1
2	सुब्रमण्य भारती छात्रावास	62	58	23	7
3	कंबन छात्रावास	66	194	27	15
4	टैगोर छात्रावास	66	193	26	23
5	कालिदास छात्रावास	44	120	24	16
6	इलंगो अडिगल छात्रावास	74	137	21	8
7	वाल्मीकि छात्रावास	80	223	24	19
8	कण्णदासन छात्रावास	80	223	24	19
9	कबीरदास छात्रावास	80	228	18	11
10	मौलाना अबुल कलाम आजाद छात्रावास	80	232	34	43
11	सर्वेपल्ली राधाकृष्णन छात्रावास	81	231	23	13
12	शैक्षणिक स्टाफ कालेज छात्रावास	25	69	13	6
13	सी वी रामन छात्रावास	176	169	26	15
14	विदेशी विद्यार्थियों का छात्रावास	40	12	-	-
15	पोर्ट ब्लेयर छात्रावास	81	115	16	8
	कुल (ए)	1097	2252	323	204

क्र.सं.	महिला छात्रावास का नाम	कमरों की संख्या	सदस्यों की संख्या	अ.जा	अ.ज.जा
1	कावेरी छात्रावास	76	233	26	28
2	गंगा छात्रावास	72	227	10	15
3	सरस्वती छात्रावास	33	10	5	7
4	यमुना छात्रावास	41	128	10	3
5	महिलाओं का अध्ययन छात्रावास	18	39	2	3
6	कल्पना चावला छात्रावास	73	230	15	26
7	मैडम क्यूरी छात्रावास	244	49	14	2
8	श्री अरबिंदो छात्रावास	182	465	55	53
	कुल (बी)	739	1381	137	137
	कुल योग (ए + बी)	1836	3633	460	341

पांडिच्चेरी से दूर रहनेवाले छात्रों को 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर वरीयता दी जाती है।

संकाय पद

पिछले वर्ष में 82 आचार्यों, 80 रीडरों और 195 व्याख्याताओं के विरुद्ध रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान 87 आचार्य, 67 रीडर / सह आचार्य और 192 व्याख्याता / सहायक आचार्य विभिन्न स्कूलों, विभागों और केंद्रों की नामावली पंजी में थे।

फैकल्टी का प्रोफाइल

श्रेणी	कुल	अ.जा.	अ.ज.जा	महिला
आचार्य	87	16	0	12
रीडर / सह आचार्य	67	13	0	19
सहायक आचार्य	192	29	17	65
कुल	346	58	17	96

गैर–शैक्षणिक संकाय का प्रोफाइल

श्रेणी	सामान्य	ओबीसी	अ. जा.	अ.ज. जा	पी. एच.	कुल
सांविधिक अधिकारी / समूह क और ख अधिकारी / समूह ग और समूह घ कर्मचारी	19	392	88	24	11	523

संगोष्ठियों / विचार-गोष्ठियों / कार्यशालाओं /स्वल्पकालीन पाठ्यक्रमों का आयोजन

वर्ष 2017-18 के दौरान, विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के तहत विभागों और केंद्रों द्वारा 175 संगोष्ठियों, विचार-गोष्ठियों और कार्यशालाओं / स्वल्पकालीन पाठ्यक्रम और 161 व्याख्यान आयोजित किए गए थे।

विश्वविद्यालय के संकाय ने कई संगोष्ठियों, विचार-गोष्ठियों आदि में भाग लिया।

वर्ष 2017-18 के दौरान फैकल्टी ने भारत और विदेशों में अन्य विश्वविद्यालयों और संस्थानों में आयोजित किए गए कुल 538 संगोष्ठियों, विचारगोष्ठियों, कार्यशालाओं आदि में भाग लिया।

आमंत्रित व्याख्यान

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के संकाय ने शैक्षणिक परिसंवाद के लिए भारत और विदेशों में विभिन्न संस्थानों और विश्वविद्यालयों का दौरा किया। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान संकाय ने विभिन्न संस्थानों में 592 आमंत्रित व्याख्यान दिए।

1.3 अनुसंधान कार्यक्रम

डॉक्टोरल पाठ्यक्रम

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान विभिन्न पीएच.डी., पाठ्यक्रमों में 95 अध्येताओं ने पंजीकरण करवाया। इस रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान 899 अध्येता पाठ्यक्रम की नामावली में हैं।

अनुसंधान परियोजनाएँ

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, विभिन्न बाहरी एजेंसियों से अतिरिक्त वित्तपोषण के रूप में लगभग 868.32 लाख रुपये जुटाते हुए विश्वविद्यालय के स्कूलों और विभागों के लिए 32 प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाओं को अतिरिक्त रूप से मंजूरी दी गयी थी।

अनुसंधान क्रियाकलाप

स्वीकृत परियोजना

एजेन्सी	परियोजनाओं की संख्या	स्वीकृत राशि (रु.)
DRDO	1	9,88,000
CSIR	2	26,13,000
BRNS	1	33,70,000
ISRO	1	21,96,000
ICSSR	8	55,25,000
DBT	1	55,02,400
DST	13	6,22,28,114
UGC	4	19,27,410
MOEF	1	24,83,000
कुल	32	8,68,32,924

अनुसंधान सुविधाएँ

केंद्रीय उपकरणीकरण केंद्र में सभी शोध छात्रों को नि:शुल्क विश्लेषणात्मक सुविधा प्रदान की गयी। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान विभागों / केंद्रों में अधिक विश्लेषणात्मक सुविधाओं का सृजन किया गया।

प्रकाशन

फैकल्टी ने वर्ष के दौरान 96 पुस्तकों, 927 प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित / संपादित किए।

प्रकाशनों की कुल संख्या 4834 है, उद्धरण सूचकांक 9.04 और हमारे संकाय द्वारा 43,699 उद्धरणों के प्रकाशनों के साथ एच-सूचकांक 74 है, जो देश के कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों से कहीं अधिक है।

ठीक से पंजीकृत सोसाइटियों के तत्वावधान में, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड मैनेजमेंट साइंसेज, विश्व भारती और यात्रा जैसी पत्रिकाएं नियमित रूप से गुणात्मक शोध लेख प्रकाशित करती हैं। विश्वविद्यालय नियमित रूप से एक छात्र पत्रिका भी निकालता है, जिसका शीर्षक है, "प्रेरणा", जो विश्वविद्यालय का समाचार पत्र है।

1.4 पुस्तकालय

आनंद रंगा पिल्लई सेंट्रल लाइब्रेरी में पुस्तकों का विशाल संग्रह है, जिसमें आवश्यक ज्ञान के सभी क्षेत्रों से संबंधित विविध पुस्तकें मौजूद हैं। प्रगतिशील शिक्षा-विषयक परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए पारंपरिक सूचना संसाधनों को धीरे-धीरे इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों द्वारा पूरक बनाया जा रहा है।

पुस्तकालय के सराहनीय संग्रह में 4,97,264 पुस्तकें (प्रिंट : 2,22,358 और इलेक्ट्रॉनिक: 2,74,906 सहित), ई-पुस्तकों की एक डिजिटल लाइब्रेरी, ई-जर्नल, ई-डेटाबेस, ई-थीसेस आदि शामिल हैं जो पुस्तकालय पोर्टल के माध्यम से सभी के लिए सुलभ उपलब्ध हैं। इसमें 38,011 पत्रिकाएँ (प्रिंट: 13,292 और इलेक्ट्रॉनिक 24,719) हैं। वर्ष के दौरान ई-संसाधन का उपयोग करनेवालों की कुल संख्या 12,61,795 थी।

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय का केंद्रीय पुस्तकालय नेत्रहीनों को पढ़ने के लिए विशेष इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रावधान करनेवाले कुछ अग्रणी पुस्तकालयों में से एक है।

1.5. वित्त

इस अवधि के दौरान, विश्वविद्यालय को यू.जी.सी. से वार्षिक आबंटन के तहत 17,328.67 लाख रुपये, योजना के तहत 2,782.83 लाख रुपये, निर्दिष्ट विशेष फंड के तहत 2,329.63 लाख रुपये और ऋण, जमा और अग्रिम के तहत 2,993.99 लाख रुपये प्राप्त हुए।

वित्तपोषण एजेन्सियों से प्राप्त अनुदान

राशि लाख रु.			
योजना	**विशेष योजना स्कीम**	**गैर योजना**	**निर्दिष्ट विशिष्ट फंड**
2782.83	167.92	17328.67	2329.63

1.6. आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ :

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के कामकाज के सभी पहलुओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए वर्ष 1996 में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की स्थापना की गयी थी। वर्षों से इसने शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों के कुशल, प्रभावी और प्रगतिशील प्रदर्शन सुनिश्चित करने और शैक्षणिक कार्यक्रमों की प्रासंगिकता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए तंत्र और प्रक्रियाएं विकसित की है।

IQAC शिक्षण, अधिगम, मूल्यांकन, अनुसंधान, विस्तार और परामर्श के अवसरों की गुणवत्ता बढ़ाने पर केंद्रित है। IQAC विश्वविद्यालय की प्रगति और राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा सुझाए गए मानदंडों के आधार पर उसकी गुणवत्ता में वृद्धि की समीक्षा करने के लिए समय-समय पर बैठक करता है और गुणवत्ता को और मजबूत करने तथा बनाए रखने के लिए सुझाव देता हैनिरंतर निगरानी के माध्यम से शैक्षणिक कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती है।

विश्वविद्यालय ने आंतरिक गुणवत्ता जांच के लिए निम्नोक्त तंत्र / प्रक्रियाओं को अपनाया है :

- प्रतिवर्ष शिक्षकों द्वारा स्व-मूल्यांकन रिपोर्टें प्रस्तुत की जाती हैं।
- कार्यक्रम के परिणाम, कार्यक्रम के विशिष्ट परिणाम और पाठ्यक्रम के परिणाम प्रत्येक कार्यक्रम के लिए अद्यतन किए जाते हैं।
- प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में छात्रों द्वारा शिक्षकों का ऑनलाइन मूल्यांकन किया जाता है और डेटा का विश्लेषण कर शिक्षकों को सूचित किया जाता है।
- इन मुद्दों पर संकाय को संवेदनशील बनाने के लिए नियमित अंतराल पर गुणवत्ता आश्वासन और प्रबंधन की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है।
- विश्वविद्यालय विभागों में संचालित सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का ऑनलाइन प्रशासन छात्र शैक्षणिक प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से चलाया जाता है।

- NAAC द्वारा प्रतिवर्ष वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (AQAR) प्रस्तुत की जाती है।
- IQAC ने स्व अध्ययन रिपोर्ट सहित NAAC द्वारा प्रत्यायन के चौथे चक्र के लिए सभी प्रासंगिक दस्तावेज तैयार किए।

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के छात्र शैक्षणिक प्रबंधन प्रणाली (PU-SAMS)

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय ने इस वर्ष (2017-18) के वर्तमान सेमेस्टर से ऑनलाइन छात्र शैक्षणिक गतिविधि प्रबंधन प्रणाली (PU – SAMS)शुरू करने की योजना बनाई है। निम्नोक्त शैक्षणिक गतिविधियां PU – SAMS के माध्यम से ऑनलाइन की जाएंगी :

1. पाठ्यक्रमों का पंजीकरण
2. शिक्षकों की सहमति
3. पाठ्यक्रमों का ड्रॉपिंग
4. छात्र पंजीकरण विवरण की प्रस्तुति और शुल्क का भुगतान
5. आंतरिक मूल्यांकन अंकों की समय-समय पर प्रविष्टि
6. छात्रों द्वारा शिक्षकों का मूल्यांकन
7. विद्यार्थी उपस्थिति पंजी में प्रविष्टि करना
8. परीक्षा शुल्क का भुगतान
9. हॉल टिकट का जनरेशन
10. अंतिम सत्र की परीक्षा के अंकों की प्रविष्टि
11. पृथक और समेकित परिणाम का जनरेशन
12. सत्र का ग्रेड कार्ड जनरेशन

छात्रों को विशिष्ट अंक जैसे आंतरिक अंक और उपस्थिति तथा अंतिम अंक और ग्रेड तक पहुंच होगी। इस तरह का एक खुला और आसान पहुँच प्रणाली उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम करेगा। यह अकादमिक प्रशासन की दक्षता की बेहतर गुणवत्ता को भी बढ़ाएगा।

अंत में ग्रेड और ग्रेड कार्ड का जनरेशन पूरी तरह से स्वचालित हो जाएगा।

अपेक्षित लाभ निम्नोक्त हैं :

- ✓ पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के सभी विभागों / केंद्रों में विभिन्न कार्यक्रमों के तहत उपलब्ध पाठ्यक्रमों के लिए आसान पहुँच
- ✓ सभी केंद्रों / विभागों द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों का समय पर संचालन या समापन।
- ✓ पारदर्शिता: आंतरिक मूल्यांकन के अंक और उपस्थिति की वास्तविक जानकारी।
- ✓ परिणाम की समय पर घोषणा और ग्रेड कार्ड का जारीकरण
- ✓ सभी पणधारकों के लिए सूचना तक अंतर पहुँच : छात्र, शिक्षक, विभागाध्यक्ष / केंद्र, डीन, अकादमिक और वित्त अनुभाग, कुलसचिव और उप-कुलपति।
- ✓ कागज मुक्त ई-शासन पर भारत सरकार की पहल का पुष्टीकरण

IQAC के जरिये निम्नोक्त क्रियाकलाप आयोजित किये गये :

SAMS अभिविन्यास कार्यक्रम

04.07.2017- 05.07.2017	-	कार्यालय स्टाफ के लिए, कंप्यूटर
15.09.2017	-	संकाय सदस्यों के लिए, यूजीसी मानव विकास संसाधन केंद्र
18.09.2017	-	संकाय सदस्यों के लिए, सभागार, प्रबंधन संकाय
19.09.2017	-	संकाय सदस्यों के लिए, सेंटर फॉर बयोइनफरमेटिक्स
31.10.2017	-	कार्यालय स्टाफ के लिए, सेंटर फॉर बयोइनफरमेटिक्स

1.7. रोजगार

विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध कॉलेजों के छात्रों को कैम्पस साक्षात्कार के लिए प्रेरित करना, प्रशिक्षित करना और तैयार करना प्लेसमेंट सेल का मुख्य दायित्व है।

यह विश्वविद्यालय और इसके संबद्ध कॉलेजों के छात्रों को उनके सफल कैरियर प्लेसमेंट के लिए परामर्श और मार्गदर्शन देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो कि छात्रों के लिए पढ़ाई के शैक्षणिक कार्यक्रम के पूरा होने और उपयुक्त रोजगार में प्रवेश करने के बीच महत्वपूर्ण कडी है।

रोजगार प्राप्त छात्रों की कुल संख्या : 358

1.8. सामान्य जानकारी

दीक्षांत समारोह

विश्वविद्यालय का पच्चीसवाँ वार्षिक दीक्षांत समारोह 29 जुलाई 2017 को आयोजित किया गया था। माननीय न्यायाधीश तिरु आर महादेवन, मद्रास उच्च न्यायालय ने दीक्षांत भाषण दिया। पुडुचेरी के माननीय उप राज्यपाल और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के मुख्य रेक्टर, किरण बेदी I.P.S (सेवानिवृत्त) ने विशेष संबोधन दिया। पुदुचेरी के माननीय मुख्यमंत्री श्री वी नारायणसामी, राजस्व, उद्योग और वाणिज्य, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी, वन, वक्फ बोर्ड और मंत्रालय मामलों के माननीय मंत्री श्री एम.ओ.एच.एफ. शाहजहां और सांसद (लोकसभा) श्री आर राधाकृष्णन उक्त समारोह में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्रदत्त डिग्री का ब्यौरा निम्नोक्त हैं :

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	छात्रों की संख्या
1.	पीएच.डी.,	207
2.	एम.फिल.,	20
3.	स्नातकोत्तर	4024
4.	स्नातकपूर्व	9288
5.	डिप्लोमा / सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम	255
6.	दूरस्थ शिक्षा निदेशालय द्वारा	2903
	कुल	16697

विश्वविद्यालय के प्राधिकारों की बैठकें

विश्वविद्यालय के अधिनियमों में निर्धारित नियमों के अनुसार रिपोर्ट अधीन अवधि के दौरान न्यायालय, कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद, वित्त समिति और योजना मंडल की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की गईं। बैठकों का विवरण इस प्रकार है :

न्यायालय	: 28.07.2017 20.03.2018
कार्यकारी परिषद	: 28.07.2017 31.08.2017 25.09.2017 03.10.2017 06.03.2018
शैक्षणिक परिषद	: 28.07.2017
वित्त समिति	: 15.09.2017 28.02.2018
योजना मंडल	: 06.11.2017 20.02.2018
निर्माण समिति	: 14.11.2017 26.02.2018

समझौता ज्ञापन

मौजूदा 58 समझौता ज्ञापनों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और अनुसंधान क्षमता में संवर्धन के लिए रिपोर्ट अधीन अवधि के दौरान 5 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

अंतरराष्ट्रीय :

1. कृषि विश्वविद्यालय, प्लोवडिव, बल्गेरिया
2. एर्लांगेन-नमबर्ग विश्वविद्यालय, स्कूल ऑफ बिजनेस अंड इकोनॉमिक्स, अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन विभाग, नमबर्ग, जर्मनी

राष्ट्रीय :

1. इंदिरागाँधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA), नई दिल्ली
2. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, , मुंबई
3. राष्ट्रीय परंपरागत औषध संस्थान (ICMR), बेलगावी, कर्नाटक

पावर का बैक-अप

छात्रों के छात्रावास सहित आवश्यक भार के लिए 7085 KVA की कुल क्षमता वाले 31 जेनसेटों के माध्यम से 100% पावर बैक-अप आपूर्ति के साथ चौबीस घंटे बिजली रखरखाव सेवाएँ प्रदान की गयी हैं। परिसर में कम से कम बिजली व्यवधान और हरियाली के लिए अधिक जगह सुनिश्चित करने के लिए एलटी / एचटी रिंग मुख्य प्रणाली हेतु 100% भूमिगत केबल नेटवर्क से युक्त समर्पित हाईटेंशन फीडर के साथ पांच स्थानों पर हाई-मस्त बत्तियाँ, 45.5 KW रूफ टॉप सोलर पैनल और 164 सोलर स्ट्रीट लाइटिंग, 30 यात्री लिफ्ट, 300 स्ट्रीट लाइट, ऑनलाइन सेवा अनुरोध पंजीकरण इत्यादि।

महत्वपूर्ण कार्यक्रम

1. 26.04.2017 को स्वास्थ्य केंद्र में सिद्ध इकाई के लिए सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया।
2. मानव संसाधन विकास मंत्रालय - इंडिया रैंकिंग 2018 ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढ़ांचे (एन.आई.आर.एफ.) के माध्यम से रैंकिंग की प्रक्रिया के जरिये पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को 724 विश्वविद्यालयों / संस्थानों में से विश्वविद्यालय की श्रेणी में 37 वें स्थान पर और कुल मिलाकर 59 वें स्थान पर रखा।
3. इंडिया टुडे – नील्सन रैंकिगं – भारत के 10 श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में छटा रैंक प्राप्त हुआ है।
4. वीक – हंस – 7 वाँ रैंक

5. प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) इमर्जिंग इकोनॉमिक्स यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2018 में पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को 201-250 श्रेणी में स्थान दिया गया है।
6. "इंडियन सोसाइटी ऑफ जियोमैटिक्स - पुदुचेरी चैप्टर" का उद्घाटन 31.07.2017 को श्री तपन मिश्रा, निदेशक, अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, अहमदाबाद द्वारा किया गया।
7. "पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र पोर्टल" का उद्घाटन 31.07.2017 को भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, देहरादून के निदेशक डॉ ए सेंदिल कुमार द्वारा किया गया।
8. "CLIL संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र" का उद्घाटन 10.11.2017 को श्री आर कमलकण्णन, माननीय कृषि, शिक्षा और बिजली मंत्री, पुदुचेरी सरकार द्वारा किया गया।
9. फरवरी 2018 के दौरान NAAC समिति को स्व अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी।
10. पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को सामग्री योगदान प्रमाण पत्र दिया गया और 08.02.2018 से 10.02.2018 के दौरान विश्वविद्यालय को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के तहत भारत के राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय द्वारा प्रदान की गयी सामग्री के उदार योगदान के लिए भारत के राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय के सामग्री भागीदार के रूप में नामित किया गया था।
11. 06.09.2017 से 09.09.2017 तक "उन्नत अनुप्रयोगों के लिए ठोस इलेक्ट्रोलाइट्स : गारनेट्स और प्रतियोगी" पर प्रथम विश्व सम्मेलन आयोजित किया गया ।

अध्याय 2

शैक्षिक गतिविधियाँ

2.1 परिचय पाठ्यक्रम

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय ने 51 विषयों में पीएचडी कार्यक्रम, 8 विषयों में एम.टेक, 46 विषयों में स्नातकोत्तर, 9 विषयों में एकीकृत पीजी, 4 विषयों में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, 15 विद्यापीठों-39 विभागों, 11 केंद्रों तथा 1 अध्ययन-पीठ के माध्यम से 15 विषयों में एड-ऑन पीजी डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट कोर्स चलाये हैं।

2.2 चालू पाठ्यक्रम

पांडिच्चेरी परिसर	:	133
अंडमान परिसर	:	04
कारैकाल परिसर	:	04
कम्यूनिटी कॉलेज, पुदुच्चेरी	:	61
कम्यूनिटी कॉलेज, माहे	:	02
दूरस्थ शिक्षा निदेशालय	:	09

2.2.1 पीएच.डी कार्यक्रम

विश्वविद्यालय वयस्क और निरंतर शिक्षा, नृविज्ञान, अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान, एशियाई ईसाई अध्ययन, बैंकिंग प्रौद्योगिकी, जैव रसायन विज्ञान और आणविक जीवविज्ञान, जैव सूचना विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान, वाणिज्य (पांडिच्चेरी और कारैकाल परिसर), कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग (पांडिच्चेरी और कारैकाल परिसर), आपदा प्रबंधन, नाटक और रंगमंच कला, पृथ्वी विज्ञान, पारिस्थितिकी और पर्यावरण विज्ञान, अर्थशास्त्र, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग, अंग्रेजी, यूरोपीय अध्ययन, पर्यावरण प्रौद्योगिकी, खाद्य विज्ञान और पोषण, खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी, फ्रेंच, हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी , हिंदी, इतिहास, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, विधि, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान, प्रबंधन, समुद्री जीवविज्ञान, जनसंचार, गणित, सूक्ष्म जैविकी, नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी, दर्शन, फिजिकल एजुकेशन और खेल, भौतिकी, राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन, संस्कृत, सामाजिक बहिष्कार एवं समावेश नीतियाँ, समाजकार्य, समाजशास्त्र, दक्षिण एशियाई अध्ययन, सांख्यिकी, तमिल, पर्यटन अध्ययन और महिला अध्ययन विषयों में पीएच.डी. कार्यक्रम चलाता है।

2.2.2 स्नातकोत्तर अध्ययन कार्यक्रम

एस्ट्रोफिजिक्स, अनुप्रयुक्त भूविज्ञान, अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान, जैव रसायनिकी और आण्विक जीवविज्ञान, जैव सूचना विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान, कम्प्यूटेशनल जीवविज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, आपदा प्रबंधन, पारिस्थितिकी और

पर्यावरण विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, खाद्य विज्ञान और पोषण, खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी, समुद्री जीवविज्ञान, गणित, सूक्ष्म जैविकी, भौतिकी, क्वांटिटेटिव फाइनांस और सांख्यिकी विषयों में एम.एस.सी. स्नातकोत्तर कार्यक्रम; अनुप्रयुक्त भूविज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित, सांख्यिकी और कंप्यूटर विज्ञान विषयों में एम.एस.सी. (एकीकृत); अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र में एम.ए. (एकीकृत), फिजिकल एजुकेशन में एम.पी.एड. स्नातकोत्तर कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे हैं।

इनके अलावा विश्वविद्यालय नृविज्ञान, अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र, अंग्रेजी और तुलनात्मक साहित्य, फ्रेंच (अनुवाद और व्याख्या), हिंदी, इतिहास, जनसंचार, दर्शनशास्त्र, राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंध, राजनीति विज्ञान, संस्कृत, समाजशास्त्र, दक्षिण एशियाई अध्ययन और तमिल विषयों में एम.ए. कार्यक्रम;

बिजिनेस फाइनांस एंड अकाउंटिंग एंड टैक्सेशन में एम.कॉम;

पांडिच्चेरी तथा कारैकाल परिसरों में कंप्यूटर एप्लिकेशन्ज़ कार्यक्रम में एम.सी.ए.;

एम.बी.ए. बिजिनेस एडमिनिस्ट्रेशन, टूरिजम्, बैंकिंग प्रौद्योगिकी, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार तथा इंशूरेंश (कारैकाल परिसर);

कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, कंप्यूटेशनल बायॉलोजी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, पर्यावरणीय अभियांत्रिकी एवं प्रबंधन, एक्सप्लोरेशन जीयो साइंस, हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी, नैनो विज्ञान & प्रौद्योगिकी, नेटवर्क & इंटरनेट इंजीनियरिंग;

मास्टर ऑफ पेरफार्मिंग आर्ट्स (रंगमंच कलाएँ) ;

पुस्तकालय & सूचना विज्ञान में एम.एल.आई.एस.;

शिक्षा में एम.एड. ;

फिजिकल एजुकेशन में एम.पी.एड.;

सामाजिक कार्य में एस. एस.डब्ल्यू;

तथा एल.एल.एम्. आदि कार्यक्रम चलाता है।

स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम

फुड सेफ्टी एंड क्वालिटी एश्योरेंस इन फुड इंडस्ट्री

हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी

क्रिमिनॉलोजी एंड फोरेंसिक साइंस

2.2.3 पांडिच्चेरी परिसर में एड-ऑन स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम

स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम (सायं कार्यक्रम)

प्रयोजनमूलक हिंदी और अनुवाद, पुस्तकालय स्वचालन और नेटवर्किंग, औद्योगिक मनोविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, हेल्थ,फिटनेस और जीवन शैली प्रबंधन, निवेश प्रबंधन, ग्रामीण विकास, मानवाधिकार, औद्योगिक संबंध और श्रम कानून, शिक्षण कौशल, कंप्यूटर एप्लीकेशन, रंगमंच कला, अंग्रेजी में व्यावसायिक संचार, विदेश व्यापार, पांडुलिपि विज्ञान और पेलोग्राफी- इन विषयों में विश्वविद्यालय एड-ऑन स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाता है।

सर्टीफिकेट कार्यक्रम

विश्वविद्यालय द्वारा तमिल, फ्रेंच, जापानी, कोरियन, स्पेनिश, जर्मन और अरबी आदि विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में उन्नत विश्लेषणात्मक तकनीक सहित सात सर्टिफिकेट कार्यक्रम चलाये जाते हैं।

2.2.4 कम्यूनिटी कॉलेज, पुदुच्चेरी

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय का कम्यूनिटी कॉलेज निम्नलिखित कार्यक्रम चलाता है-

स्नातक कार्यक्रम (अवधि-तीन वर्ष)

व्यावसायिक डिग्री

1. कार्डिएक लैब प्रौद्योगिकी में बी.वोक.
2. ऑपरेशन थियेटर प्रौद्योगिकी में बी.वोक.
3. रेडियोग्राफिक और इमेजिंग प्रौद्योगिकी में बी.वोक.
4. रेनल डायलिसिस प्रौद्योगिकी में बी.वोक.
5. ऑप्टोमेट्री प्रौद्योगिकी में बी.वोक.
6. सॉफ्टवेयर डेवलोपमेंट में बी.वोक.
7. खुदरा प्रबंधन में बी.वोक.
8. पर्यटन और सेवा उद्योग में बी.वोक.

अन्य डिग्री कार्यक्रम

9. बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए)
10. बीएससी जीव रसायन
11. बीएससी दृश्य संचार
12. बैचलर ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (बीबीएम)

स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम (अवधि: एक वर्ष)

13. अस्पताल प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
14. पोषण और आहार विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
15. योग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
16. कंप्यूटर एप्लिकेशन्स में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

उच्च डिप्लोमा कार्यक्रम (अवधि: दो वर्ष) अन्य डिप्लोमा कार्यक्रम

17. कार्डिएक लैब प्रौद्योगिकी में उच्च डिप्लोमा
18. ऑपरेशन थियेटर प्रौद्योगिकी में उच्च डिप्लोमा

डिप्लोमा कार्यक्रम (अवधि: एक वर्ष)

व्यावसायिक कार्यक्रम

19. डिजिटल फोटोग्राफी में डी. वोक.
20. टू डी एंड थ्रीडी एनिमेशन में डी. वोक.
21. वीडियो प्रोडक्शन एंड एडिटिंग में डी. वोक.
22. कैटरिंग एंड हॉस्पिटालिटी में डिप्लोमा
23. लेखांकन और कराधान में डिप्लोमा

अन्य डिप्लोमा (अवधि: एक वर्ष)

24. इलेक्ट्रो कार्डियोग्राफिक तकनीक में डिप्लोमा
25. स्वच्छता निरीक्षण में डिप्लोमा
26. चिकित्सक सहायता में डिप्लोमा
27. प्रमाणित रेडियोग्राफिक सहायता में डिप्लोमा
28. अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन में डिप्लोमा
29. ऑपरेशन थियेटर तकनीक में डिप्लोमा
30. मेडिकल रिकॉर्ड और प्रशासन में डिप्लोमा
31. मेडिकल लैब प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा (2 साल)
32. आरंभिक बाल्यावस्था संरक्षण में डिप्लोमा
33. कार्यालय प्रबंधन और सचिवीय अभ्यास में डिप्लोमा

34. बीमा प्रबंधन में डिप्लोमा
35. बिक्री प्रबंधन में डिप्लोमा
36. सूचना प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा
37. ग्राफिक्स और एनीमेशन में डिप्लोमा
38. कंप्यूटर ग्राफिक्स और वेब प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा
39. हार्डवेयर प्रबंधन में डिप्लोमा
40. पर्यटन और टिकटिंग में डिप्लोमा
41. वीडियो प्रोडक्शन में डिप्लोमा
42. दस्तावेज़ लेखन में डिप्लोमा

सर्टीफिकेट कार्यक्रम (अवधि: छः महीने)

43. मधुमेह देखभाल और प्रबंधन में सर्टीफिकेट
44. केंद्रीय स्टेरिल आपूर्ति और अस्पताल अपशिष्ट प्रबंधन में सर्टीफिकेट
45. चिकित्सा प्रयोगशाला-प्रौद्योगिकी में सर्टीफिकेट (एक वर्ष)
46. किशोरावस्था स्वास्थ्य और परामर्श में सर्टीफिकेट
47. विशेष - मानसिक रूप से विकलांग बच्चों की देखभाल में सर्टीफिकेट
48. खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन में सर्टिफिकेट
49. योग में सर्टिफिकेट
50. वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग में सर्टिफिकेट
51. ईवेंट प्रबंधन में सर्टिफिकेट
52. डेस्कटॉप प्रकाशन में सर्टिफिकेट
53. टैली में सर्टिफिकेट
54. डेटा प्रविष्टि और प्रसंस्करण में सर्टिफिकेट
55. कंप्यूटर ग्राफिक्स में सर्टिफिकेट
56. पर्यटन और टूर गाइड में सर्टिफिकेट
57. रेडियो जॉकी और रिपोर्टिंग में सर्टिफिकेट
58. रिपोर्टिंग और न्यूज़ कास्टिंग में सर्टिफिकेट

59. फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी में सर्टिफिकेट
60. स्पोकन इंग्लीश में सर्टिफिकेट
61. हिंदी में सर्टिफिकेट

2.2.4.1 कम्यूनिटी कॉलेज, माहे

स्नातक कार्यक्रम- व्यावसायिक (अवधि-तीन वर्ष)

1. पत्रकारिता और जनसंचार में बी. वोक.
2. फैशन टेक्नॉलोजी में बी. वोक.

डिप्लोमा कार्यक्रम

1. रेडियोग्राफिक और इमेजिंग प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा
2. पर्यटन और सेवा उद्योग में डिप्लोमा

2.2.5 दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय निम्नलिखित कार्यक्रमों को चलाता है-

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (अवधि-दो वर्ष, नॉन-सेमिस्टर)

1. फाइनांस में मास्टर ऑफ कामर्स
2. अंग्रेज़ी में मास्टर ऑफ आर्ट्स
3. समाजशास्त्र में मास्टर ऑफ आर्ट्स
4. हिंदी में मास्टर ऑफ आर्ट्स

एम.बी.ए. कार्यक्रम

1. मार्केटिंग में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
2. फाइनांस में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
3. अंतरराष्ट्रीय व्यापार में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
4. मानव संसाधन प्रबंधन में मास्टर ऑफ बिजिनेस एडमिनिस्ट्रेशन
5. जेनरल में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन

2.3 प्रवेश

विश्वविद्यालय में विभिन्न नियमित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन दिए जाते हैं और विभिन्न केंद्रों में अखिल भारतीय आधार पर प्रवेश केंद्र आयोजित किए जाते हैं। लिखित परीक्षा और पिछले शैक्षिक रिकॉर्ड में प्रदर्शन के आधार पर छात्रों को रेगुलर मोड में चलाये जाने वाले पाठ्यक्रमों में भर्ती कराया जाता है। सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश अनुसूची के अनुसार पूरा किया गया था। प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन किए गए प्रत्याशियों का विवरण, विभिन्न पाठ्यक्रमों में भर्ती हुए प्रत्याशियों तथा, संबंधित पाठ्यक्रमों के लिए संबंधित वर्षों में छात्रों की संख्या निम्नप्रकार से दी गयी है-

2017-18 के दौरान भर्ती कराये गये छात्रों की संख्या - एक नजरिया

तालिका 2.3.1 पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के विभाग

पाठ्यक्रम	प्राप्त आवेदनों की संख्या								प्रवेश लेनेवाले प्रत्याशियों की संख्या							
	सामान्य	ओबीसी	अ.सं	अ.जा.	अ.ज.जा.	पी.एच.	वि. छा	कुल	सामान्य	ओबीसी	अ.सं	अ.जा.	अ.ज.जा.	पी.एच.	वि. छा	कुल
पीएच.डी.	1917	1708	-	765	220	12	4	4740	47	27	-	18	3	0	0	95
एम.टेक.	391	535	-	140	41	21	0	1128	75	45	-	24	11	4	0	159
एम.ए.	1627	1517	-	395	434	89	1	4063	235	130	-	64	30	10	8	477
एम.एस.सी.	5374	4491	-	854	586	87	3	1139	342	185	-	91	41	12	0	671
एम.एस.सी.(ए)	1427	2846	-	611	107	53	0	5044	99	53	-	33	18	9	0	212
एम.बी.ए.	802	1658	-	274	85	35	1	2855	170	98	-	54	26	8	0	356
एम.सी.ए.	436	667	-	64	25	17	1	1210	21	50	-	9	7	2	0	89
एम कॉम.	396	676		83	80	18	0	1253	85	45	-	23	14	1	0	168
अन्य	392	536	-	163	137	45	1	1274	88	49		23	21	4	0	185
एड ऑन कोर्स	-	-	-	-	-	-	-	0	102	58	-	36	16	7	0	219
कुल	**12762**	**14634**	**0**	**3349**	**1715**	**491**	**11**	**32962**	**1264**	**740**	**0**	**375**	**187**	**57**	**8**	**2631**

तालिका 2.3.1 पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय कम्यूनिटी कॉलेज, पुदुच्चेरी

क्रम संख्या	पाठ्यक्रम का नाम		पुरुष								स्त्री							
		कुल	सामान्य	ओबीसी	अ.सं	अ.जा.	ओबीसी	पी.एच.	अ.सं	कुल	सामान्य	ओबीसी	अ.सं	अ.जा.	ओबीसी	पी.एच.	अ.सं	कुल
1	बैचिलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन्स (बीसीए)	**47**	3	25	1	10	0	0	0	39	0	4	2	2	0	0	0	8
2	बी.एस.सी. (बायो केमिस्ट्री) बी.एस.सी. (बीसी)	**22**	1	9	0	2	0	0	0	12	1	5	1	3	0	0	0	10

3	बी.बी.ए.	**30**	4	5	3	7	0	1	0	20	1	6	1	2	0	0	0	10
4	बी.एस.सी. (विजुवल कम्यूनिकेशन)	**30**	1	11	3	9	0	0	0	24	0	6	0	0	0	0	0	6
5	बी.वोक. (रेडियो ग्राफिक & इमेज टेक्नॉलोजी)	**18**	1	8	1	2	0	0	0	12	0	2	1	3	0	0	0	6
6	बी.वोक. (कार्डियाक लैब टेक्नॉलोजी)	**20**	1	4	0	5	0	0	0	10	1	6	0	3	0	0	0	10
7	बी.वोक. (आपरेशन थियेटर टेक्नॉलोजी)	**19**	0	5	0	3	1	0	0	9	1	5	1	3	0	0	0	10
8	बी.वोक. (रेनाल डयालसिस टेक्नॉलोजी)	**19**	0	7	0	2	0	0	0	9	0	4	0	5	1	0	0	10
9	बी.वोक. (आप्टिमेट्री टेक्नॉलोजी)	**20**	0	2	0	2	0	0	0	4	0	10	0	6	0	0	0	16
10	बी.वोक. (पर्यटन और सेवा उद्योग)	**9**	0	5	0	2	0	0	0	7	0	2	0	0	0	0	0	2
11	पी.जी.डी.वाई.	**10**	0	3	0	2	0	0	0	5	1	4	0	0	0	0	0	5
12	एड.वोक. (कार्डियाक लैब टेक्नॉलोजी)	**7**	0	1	0	1	0	0	0	2	1	3	0	1	0	0	0	5
13	एड.वोक. (आपरेशन थियेटर टेक्नॉलोजी)	**11**	0	0	0	3	0	0	0	3	1	5	0	2	0	0	0	8
14	डी.एस.आई.	**30**	0	6	0	7	0	0	0	13	1	12	0	4	0	0	0	17
15	डी.डी.डब्ल्यू.	**13**	1	9	0	0	0	0	0	10	0	3	0	0	0	0	0	3
कुल		**305**	**12**	**100**	**8**	**57**	**1**	**1**	**0**	**179**	**8**	**77**	**6**	**34**	**1**	**0**	**0**	**126**

तालिका 2.3.3 पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय कम्यूनिटी कॉलेज, माहे

क्रम संख्या	**पाठ्यक्रम का नाम**	**कुल**	**पुरुष**						**स्त्री**						
			सामान्य	**ओबीसी**	**अ.जा.**	**अ.ज.जा**	**पी.एच.**	**कुल**	**सामान्य**	**ओबीसी**	**अ.जा.**	**अ.ज.जा.**	**पी.एच.**	**वि.छा.**	**कुल**
1	डी.एस.आई.& सेवा	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-

	उद्योग														
2	रेडियोग्राफी& इमेजिंग टेक्नॉलोजी	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
3	फैशन टेक्नॉलोजी	**9**	2	2	-	-	-	**4**	1	4	-	-	-	-	**5**
4	पत्रकारिता & जनसंचार	**15**	-	6	-	-	1	**7**	-	8	-	-	-	-	**8**
	कुल	**24**	**2**	**8**	-	-	**1**	**11**	**1**	**12**	-	-	-	-	**13**

तालिका 2.3.4 दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

पाठ्यक्रम	**कुल**	**पुरुष**						**स्त्री**					
		सामान्य	**ओबीसी**	**अ.जा.**	**अ.ज.जा**	**पी.एच.**	**कुल**	**सामान्य**	**ओबीसी**	**अ.जा.**	**अ.ज.जा**	**पी.एच.**	**कुल**
एम.बी.ए. कार्यक्रम													
एम.बी.ए.(एम)	**685**	352	168	23	5	0	**548**	95	37	5	0	1	**137**
एम.बी.ए.(एफ)	**2416**	677	578	97	8	5	**1360**	424	519	112	1	1	**1056**
एम.बी.ए.(आईबी)	**800**	263	295	40	3	1	**601**	92	90	16	1	1	**199**
एम.बी.ए.	**2054**	393	487	83	10	6	**973**	398	576	101	6	1	**1081**
एम.बी.ए.(जी)	**1013**	332	335	46	2	7	**715**	112	160	25	1	0	**298**
कुल	**6968**	**2017**	**1863**	**289**	**28**	**19**	**4197**	**1121**	**1382**	**259**	**9**	**4**	**2771**

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम													
एम.कॉम	**71**	**19**	**16**	**0**	**0**	**1**	**35**	**12**	**24**	**0**	**0**	**0**	**36**
एम.ए. (अंग्रेजी)	**57**	**11**	**3**	**0**	**0**	**0**	**14**	**13**	**27**	**2**	**1**	**0**	**43**
एम.ए.(समाजशास्त्र)	**25**	**6**	**3**	**3**	**0**	**1**	**12**	**5**	**6**	**1**	**1**	**0**	**13**
एम.ए.(हिंदी)	**29**	**6**	**2**	**2**	**0**	**0**	**10**	**9**	**9**	**1**	**0**	**0**	**19**
कुल	**182**	**42**	**24**	**5**	**0**	**2**	**71**	**39**	**66**	**4**	**2**	**0**	**111**
कुल योग	**7150**	**2059**	**1887**	**294**	**28**	**21**	**4268**	**1160**	**1448**	**263**	**11**	**4**	**2882**

संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, 93 संबद्ध कॉलेजों के माध्यम से विश्वविद्यालय में लगभग 49,645 छात्र नामांकित हैं, और यह संख्या विश्वविद्यालय के द्वारा जुडे छात्रों की स्मृद्धि को सूचित करती है। संबद्ध संस्थान/महाविद्यालय, पुदुच्चेरी (62), कारैकाल(14), माहे (6), यानाम (2) और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (9) में स्थित हैं।

तालिका 2.4 : 2017-18 के दौरान विश्वविद्यालय के साथ संबद्ध कॉलेजों व संस्थानों में नामांकित छात्रों का ब्यौरा

क्रम संख्या	पाठ्यक्रम	कुल छात्रों की संख्या
1.	कला & विज्ञान	19389
2.	शिक्षा	2826
3.	अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी	17426
4.	चिकित्सा	3179
5.	दंत-चिकित्सा	1072
6.	पशु-चिकित्सा	315
7.	विधि	224
8.	पैरा-मेडिकल / नर्सिंग	2895
9.	शोध-संस्थान	64
	कुल	**47390**

तालिका 2.5 : विश्वविद्यालय में विभाग/ पाठ्यक्रम वार छात्रों की संख्या

क्रम संख्या	पाठ्यक्रम का नाम	पीएच.डी		स्नातकोत्तर		एम.सी.ए.		स्नातकोत्तर डिप्लोमा		स्नातकोत्तर (एकीकृत)		कुल	
		स्वी.	प्र.	स्वी.	प्र.	स्वी.	प्र.	स्वी.	प्र.	स्वी.	प्र.	स्वी.	प्र.
1.	नृविज्ञान	0	0	36	20	0	0	0	0	0	0	36	20
2.	वयस्क और निरंतर शिक्षा	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
3.	यूरोपीय अध्ययन	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
4.	जैव विज्ञान & आण्विक जीव विज्ञान	5	3	52	46	0	0	0	0	0	0	57	49
5.	जैव प्रौद्योगिकी	0	0	25@	16	0	0	0	0	0	0	25	16
6.	जैव सूचना विज्ञान	4	4	40	39	0	0	0	0	0	0	44	43
7.	वाणिज्य (कारैकाल & पांडिच्चेरी)	4	4	0	0	0	0	0	0	0	0	4	4
8.	कंप्यूटर विज्ञान & अभियांत्रिकी	14	12	24	24	0	0	0	0	0	0	38	36

9.	रसायन विज्ञान	18	4	46	40	0	0	0	0	0	0	64	44
10.	अर्थ शास्त्र	8	8	62	42	0	0	0	0	0	0	70	50
11.	अंग्रेजी	4	5	100	97	0	0	0	0	0	0	104	102
12.	पृथ्वी विज्ञान	8	7	20	14	0	0	0	0	0	0	28	21
13.	पारिस्थितिकी & पर्यावरण-विज्ञान	5	2	60	58	0	0	0	0	0	0	65	60
14.	पर्यावरण-प्रौद्योगिकी	0	0	24	22	0	0	0	0	0	0	24	22
15.	फ्रेंच	0	0	60	49	0	0	0	0	0	0	60	49
16.	इतिहास	4	4	46	45	0	0	0	0	0	0	50	49
17.	हिंदी	0	0	26	10	0	0	0	0	0	0	26	10
18.	राजनीति शास्त्र और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन	4	4	46	35	0	0	0	0	0	0	50	39
19.	प्रबंध अध्ययन (पीएच.डी) कारैकाल & पांडिच्चेरी	9	7	0	0	0	0	0	0	0	0	9	7
20.	गणित	4	4	64	59	0	0	0	0	0	0	68	63
में आवेदन प्रस्तुत कर रहा है। यह विभाग विद्यार्थियों को अंतर और अंतर महाविद्यालयों द्वारा आयोजित किये जानेवाले सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करता है और साथ ही विद्यार्थी भी अपनी रुचि व उत्साह दिखाते हुए उनमें भाग ले रहे हैं और पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं। विभाग के संकाय-सदस्यों को भी संगोष्ठियों/सम्मेलनों और कार्यशलाओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है । संकाय सदस्य भी पत्रिकाएँ, पुस्तकों का प्रकाशन और उनके ज्ञान संवर्द्धन एवं शोध आधार के माध्यम से सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं ।

प्रबंधन विभाग द्वारा वर्ष 2013 से पर्यटन व सेवा उद्योग में बीवीओसी पूर्व स्नातक पाठ्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है ।

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय सदस्य का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ ए पांडु	सहायक आचार्य	वाणिज्य
2.	डॉ सी अर्जुन	सहायक आचार्य	प्रबंधन
3.	डॉ ए भारती	सहायक आचार्य	प्रबंधन
4.	डॉ सत्यमूर्ती	सहायक आचार्य	प्रबंधन
5.	श्री शिवशंकरन	सहायक आचार्य	प्रबंधन

विद्यार्थियों की संख्या

प्रवेश के लिए चालू पाठ्यक्रम	**चयनित विद्यार्थियों की संख्या**		
	पुरुष	**महिला**	**कुल**
बी बी एम डिग्री	62	35	97
पर्यटन व सेवा उद्योग में बी वीओसी डिग्री	14	4	18

सह-पाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियाँ

1. दि.11.09.2017 को पुदुच्चेरी अभियांत्रिकी महाविद्यालय परिसर में सूचना प्रौद्योगिकी निदेशालय, पी ई जी एस व आई सी टी ए सी टी द्वारा प्रायोजित डिजिटल युवा सम्मेलन 2017
2. दि.07.07.2017 को आई डबल्यू एन व मनटेक इलेक्ट्रानिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मनटेक इलेक्ट्रानिक्स प्राइवेट लिमिटेड, तत्तनचावडी में वैयकित्क और व्यावसायिक विकास के लिए कैजन पर सत्र
3. दि.14.03.2018 को सी आई आई द्वारा होटेल सनवे में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर सत्र
4. दि.25.09.2017 को राष्ट्रीय युवा परियोजना, पुदुच्चेरी इकाई द्वारा अरिकमेडु को विश्व पर्यटन दिवस विरासत मोटारसाइकिल रैली
5. दि.02.03.2018 को स्वप्ने 2018 - मनकुला विनयागार इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नालजी में अंतर-महाविद्यालय प्रबंधन बैठक
6. दि.07.03.2018 को मैटलाइट 18 - मनकुला विनयागार इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नालजी में अंतर-महाविद्यालय प्रबंधन बैठक

अतिथि व्याख्यान/ प्रतिष्ठित आगंतुक

1. दि.10.07.2017 को श्री हसेनली अजितबाषा, रिक्रूटर, अमेजान इंडिया, बंगलूरू द्वारा "भारत में ई-वाणिज्य और किराये पर इसका प्रभाव" पर अतिथि व्याख्यान
2. दि.24.07.2017 को डॉ आर श्रीनिवासन, सह आचार्च, पी जी व रीसेर्च डिपार्टमेंट ऑफ कार्पोरेट सेक्रेटरी शिप, भारतीदासन गवर्नमेंट कॉलेन फर उमेन, पुदुच्चेरी द्वारा "कंपनी सचिव शिक्षा में वृत्तिका" पर अतिथि व्याख्यान
3. दि.27.09.2017 को श्री इवोन मुरुगेशन, वरिष्ठ बिक्री प्रबंधक, ट्रवेलक्शपस, महाबलिपुरम, तमिल नाडु द्वारा "जिम्मेदार पर्यटन" पर अतिथि व्याख्यान
4. दि.27.09.2017 को श्री कार्तीक बलरामन, एम डी – ओसन अकादमी, पुदुच्चेरी द्वारा "सेवा उद्योग में सॉफ्ट कौशल" पर अतिथि व्याख्यान
5. दि.02.04.2018 को सुश्री मुत्तुलक्ष्मी सत्येशराज – प्रबंधक – अधिगम व विकास और इंटेग्रा सॉफ्टवेयर सर्वीसेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ क्रिटिकल ह्रियरिंग द्वारा "ब्रेकिंग दि इमप्लोयबिलिटी कोड" पर अतिथि व्याख्यान

जैव विज्ञान विभाग

वर्ष 1997 में इस विभाग की स्थापना की गई । इस विभाग में पूर्व स्नातक (जैव रसायन), पी जी डिप्लोमा (पौष्ठिक और मधुमेह), डिप्लोमा पाठ्यक्रम (डी एम एल टी) और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी एम एल टी) उपलब्ध हैं।

लक्ष्य

- ज्ञान और कौशल प्रदान करके रोजगार/स्वरोजगार हेतु विद्यार्थियों को उन्मुखीकरण
- ध्यान केंद्रित क्षेत्रों में उच्चतर शिक्षा का प्रावधान

संकाय सदस्य

संकाय का विवरण

क्र सं	नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1	डॉ आर प्रेमलता	सहायक आचार्य	आंत संबंधी अवशेषण, पुनःउत्पादनत्मक जीवविज्ञान
2	डॉ एम ताराहेश्वरी	सहायक आचार्य	मधुमेह
3	डॉ डी वरलक्ष्मी	सहायक आचार्य	हेपटोटोक्सिसिटी

प्रवेश के लिए चालू पाठ्यक्रम

1. बी एससी जैव रसायन
2. पी जी डिप्लोमा (पौष्टिक और मधुमेह)

3. डिप्लोमा पाठ्यक्रम (डी एम एल टी) और
4. प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी एम एल टी)

सम्मेलन/कार्यशालाएँ/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण कार्यक्रम

1. दि.27.02.2018 व 28.02.2018 को डीएसटी-एस ई आर बी व पी यू के प्रायोजन में जैव रसायन अणविकी जैव विज्ञान द्वारा "बयो-गेने-सिस 2018 में ऑन ट्रेंड इन जैव रसायन इन पोस्ट-जेनोमिक एरा" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी
2. दि.08.03.2018 को जैव सूचना विज्ञान, पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के लिए "विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से न पहुँच पाये क्षेत्र को पहुँचना" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

अन्य कोई जानकारी

1. विद्यार्थियों को संगठनों के समक्ष अपनी प्रतिभा दिखाने और रोजगार प्राप्त करने में अपने सपनों को साकार बनाने के क्रम में आई सी टी अकादमी, जो भारत सरकार की पहल, गैर-लाभापेक्ष का स्वायत्त संगठन द्वारा आयोजित किये जानेवाले सॉफ्ट कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में वर्षवार विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंडक्टेड हैंड्स : आई जी सी ए एस, पुदुच्चेरी से पूर्व स्नातक विद्यार्थियों (सूक्ष्म जैव विज्ञान) के लिए एक दिवसीय चिकित्सीय प्रयोगशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित।

आयोजित कार्यशालाएँ/संगोष्ठियाँ/क्षेत्र पर्यटन/स्वास्थ्य शिविर

1. जैव रसायन अणवकीय जैव विज्ञान व जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला, पी यू, पस्टेयुर इनिस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, कोनूर, टी एन को क्षेत्र पर्यटन 2017-18
2. डॉ फ़रज़ाना बेगम, टीम नेता- जैव विज्ञान, चेग्ग विभाग, स्पी टेक्नॉलजीस प्राइवेट लिमिटेड, कुरूमबंपेट द्वारा "विज्ञान-मार्ग और अवसर" पर अतिथि व्याख्यान
3. आई सी टी अकदमी, टी एन द्वारा राजीव गाँधी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड प्रौद्योगिकी, पुदुच्चेरी में भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर संकाय विकास कार्यक्रम पर कार्यशाला
4. जैव रसायन विज्ञान विभाग व डी एस आई पी यू सी सी द्वारा सभी विद्यार्थियों और स्टॉफ के लिए नेलवेंबु कुदिनीर के लिए डेंगू जागुरुकता शिविर की व्यवस्था और प्रावधान
5. पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा "सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2017" के लिए भाषाण और निबंध लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित।

फिजिकल एजुकेशन विभाग

खेल गतिविधियाँ

1. दि.24.03.2018 को शैक्षणिक वर्ष के लिए पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय समुदाय कॉलेज वार्षिक खेल दिवस आयोजित

2. शैक्षणिक वर्ष 2017-18 में पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा बाक्सिंग टीम (पुरुष) में श्री उदय कुमार, बी बी ए-1 ने पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया ।

3. वर्ष 2017-2018 के लिए जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चेन्नै में दक्षिण क्षेत्र युवा राष्ट्रीय वालीबाल टूर्नामेंट में श्री मथन कुमार, बी बी एम II वर्ष ने तमिल नाडु का प्रतिनिधित्व किया ।

4. शैक्षणिक वर्ष 2017-2018 के लिए क्रिकेट टीम में श्री वी मुथुमणि, बी वीओसी (आर आई टी) III वर्ष ने पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया ।

कार्यकलाप

1. दि.11.07.2017 को श्री के जवहर, पी ओ एस चेन्नै द्वारा "आई डी बी आई फेडरल जीवन बीमा कंपनी" में "अंशकालिक नौकरी व वृत्तिका सहित अध्येता" पर अतिथि व्याख्यान
2. दि.11.09.2017 को डिजिटल युवा सम्मेलन 2017
3. सुश्री आर निशांती कबिलन व श्री मनिवन्नन आर द्वारा "सरकार क्षेत्र में जीविका की संभावनाएँ" पर विशेषज्ञ व्याख्यान
4. दि.07.11.2017 को "सिविल सेवा परीक्षा के लिए तैयारी" पर विशेषज्ञ व्याख्यान
5. दि.07.11.2017 को श्री अरुण, टाइम इनिस्टिट्यूट के केंद्र का अध्यक्ष द्वारा "उच्चतर शिक्षा अवसर" पर विशेषज्ञ व्याख्यान
6. दि.01.02.2018 को आकाश एनिमेशन, पुदुच्चेरी द्वारा वृत्तिका जागरूकता सत्र – एनिमेशन व मीडिया इडस्ट्री पर जागरूकता
7. दि.14.02.2018 पर डॉ पूरनी – प्रोफेशनल सॉफ्ट स्किल ट्राइनर द्वारा रेस्यूम तैयारी व साक्षात्कर कौशल पर कार्यशाला
8. दि.12.03.2018 को आई सी टी अकादमी – आई टी फिनिशिंग स्कूल कार्यक्रम से उन्मुखीकरण कार्यक्रम

प्लेसमेंट की गतिविधियाँ

क्र सं	अभिकरण का नाम	चयनित विद्यार्थियों की संख्या
1.	आई डी बी आई फेडरल जनरल बीमा कंपनी	4
2.	ई बिक्री प्रौद्योगिकी	2
3.	इंटेग्रा सॉफ्टवेयर सर्वीसेज प्राइवेट लिमिटेड	2

विभाग/अनुभाग : वर्ष 2017-18 के लिए पुस्तकालय का विवरण

पी यू सी सी में आज की तारीख तक उपलब्ध पुस्तकों की कुल संख्या : 8041

दान में दिए गए पुस्तक : 952

ए डी कल्याण, पुदुच्चेरी द्वारा पुस्तकों के लिए निधि का आबंटन	
(जे ई टी प्रवेश परीक्षा)	: 471
कुल	: 9464
वर्ष के दौरान खरीदी गई पुस्तकों की कुल संख्या	: 4 सं
खरीदी गई पुस्तकों की राशि	: 19,463
जारी की गई पुस्तकों की कुल संख्या	: 838
वापस की गई पुस्तकों की कुल संख्या	: 849
सदस्यता ली गई मैगजैन/जर्नल की कुल संख्या	: 30 सं
पत्रिकाओं के लिए व्यय की गई कुल राशि	: 43,146/-
वर्ष के दौरान दौरे किये अतिथियों की कुल संख्या	: 9025
कुल दाखिल सदस्यों की संख्या	:315

उपलब्ध सुविधाएँ

1. विश्वविद्यालय पुस्तकालय से ली गई ई-संसाधनों की सदस्यता का उपयोग पी यू सी सी पुस्तकालय से किया जा सकता है ।
2. संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और स्टॉफ के लिए इंटरनेट ब्राउसिंग सुविधा उपलब्ध है ।
3. एस ओ यू एल 2.0 (पुस्तकालय स्वचालन सॉफ्टवेयर) के माध्यम से पुस्तकालय संकलन के अन्वेषण हेतु ओ पी ए सी सुविधा उपलब्ध है ।
4. आई एन एफ एल आई बी एन ई टी, अहमदाबाद द्वारा प्रापण किये गए एस ओ यू एल 2.0 पुस्तकालय सॉफ्टवेयर के माध्यम से पुस्कयालय के हाउसकीपिंग गतिविधियों का स्वचालय किया गया है ।
5. आई ए एस, आई पी एस, चिकित्सा, अभियांत्रिकी, गेट, जी आर ई, एम बी ए , कानून, बी वी एस सी, बी डी एस, टोफेल के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए किताब उपलब्ध हैं ।
6. पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय के संकलन और सेवा का उपयोग कर लेने हेतु विद्यार्थियों के लिए संदर्भ सेवा का प्रावधान है ।

5.16 कम्यूनिटी कॉलेज – माहे

विभागाध्यक्ष : **डॉ एस अरुलसेल्वन**

यह केंद्र वर्ष 2014 से डिप्लोमा/व्यवसायिक पूर्व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चला रहा है । वर्तमान देश के सामाजिक आर्थिक परिप्रेक्ष्य में कौशल शिक्षण का अर्जन अत्यंत महत्वपूर्ण है, यह केंद्र कौशल आधारित उच्चतर शिक्षा के प्रसार में अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभल रहा है । इस केंद्र द्वारा निम्नलिखित पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है :

ए) डिप्लोमा इन रेडाइयोग्रॅफिक आंड इमेजिंग टेक्नालजी

बी) डिप्लोमा इन टूरिसम आंड सर्विस इंडस्ट्री

सी) फॅशन टेक्नालजी में पूर्व स्नातक व्यवसाय

डी) पत्रकारिता और जन संचार में पूर्व स्नातक व्यवसाय

प्रशिक्षण में संबंधित उद्योग को शामिल करने के कारण विद्यार्थी अपने अध्ययन के अंतिम चरण तक कार्य करने के लिए तैयार हो जाते हैं । कार्य प्रशिक्षण के लिए केंद्र ने निम्नलिखित संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया :

ए) कन्नूर मेडिकल कॉलेज, अंजाराककांडी

बी) नॅशनल हॉस्पिटल, कोज़िकोडे

सी) आई क्यू आर ए ए अस्पताल, कोझिकोडे

डी) राजीव गाँधी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल

ई) ई एम आई फिल्म प्यूपिल

एफ) तलस्सरी आर्ट्स सोसाइटी

जी) श्री विद्या सेंटर फर ट्राइनिंग एंड पेर्फार्मेंस रीसेर्च

एच) आई वी ए आर हालीडेस कंपनी

आई) एयरकोंड्स वटकरा

इस केंद्र में फैशन प्रौद्योगिकी और जन संचार के क्षेत्रों से संबंधित अद्यतन उपकरण/मशीनरी का प्रावधान है ।

यह केंद्र दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के लिए स्पॉट प्रवेश और जानकारी केंद्र के रूप में भी कार्यरत है । इस केंद्र द्वारा नियमित रूप से निदेशालय के संपर्क कक्षाओं का समन्वय कार्य किया जाता है ।

प्रवेश के लिए चालू पाठ्यक्रम

1. डिप्लोमा इन रेडाइयोग्रॅफिक आंड इमेजिंग टेक्नालजी
2. डिप्लोमा इन टूरिसम आंड सर्विस इंडस्ट्री
3. फॅशन टेक्नालजी में पूर्व स्नातक व्यवसाय
4. पत्रकारिता और जन संचार में पूर्व स्नातक व्यवसाय

विद्यार्थियों की संख्या

क्र सं	पाठ्यक्रम	वर्ष	चयनित विद्यार्थियों की कुल संख्या		
			पुरुष	महिला	कुल
1	रेडियोग्रफी और इमेजिंग टेक्नॉलॉजी	I	12	19	31
		II	10	4	14
2	पर्यटन और सेवा उद्योग	I	-	-	-
		II	11	4	15
		III	5	7	12
3	फैशन प्रौद्योगिकी	I	4	5	9
		II	2	11	13
4	पत्रकारिता और जन संचार	I	7	8	15
		II	4	3	7

आयोजित संगोष्ठियाँ/सम्मेलन/प्रशिक्षण कार्यक्रम

1. दि.17.10.2017 से 22.10.2017 के दौरान संत थेरीसा श्रिने वार्षिक समारोह के अवसर पर डिजायनर कुर्तीस और तेर्रकोटा ज्यूयलरी पर प्रदर्शिनी का आयोजन ।
2. दि.07.11.2017 से 12.11.2017 तक श्री दिबिन तिलकन द्वारा डिजाइनर्स के लिए रीसाइकिलिंग ज्यूट वेस्ट और क्ले मोडलिंग पर छः दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ।
3. दि.11.12.2017 से 15.12.2017 के दौरान फैशन चित्रण के मूल तत्वों पर पाँच दिवसीय कार्यशाला आयोजित ।
4. दि.10.01.2018 से 10.02.2018 के दौरान बुनाई प्रौद्योगिकी, निटवेअर पर मुद्रण, सूती कपड़ों पर रंगाई और मुद्रण पर आई आई एच टी (कन्नूर), फेम अपेरल्स (तिरुपूर), कसवुकड (त्रिवेंड्रम) जैसे विविध फैशन के कंगलोमेरट में द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अध्येतावृत्ति के लिए गए ।
5. दि.05.12.2017 से 19.12.2017 तक केंद्र के पत्रकारिता विद्यार्थियों के लिए शिविर 24 के शीर्षक पर कार्यशाला का आयोजन ।
6. दि.01.01.2018 से 30.01.2018 के दौरान दक्कन क्रोनिकल, देशाभिमानी, केरला कौमुदी जैसी विविध मीडिया संस्थाओं में द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अध्येतावृत्ति ।
7. दि.16.01.2018 को डॉ संतोष मैथ्यू द्वारा समकालीन मीडिया पर कार्यशाला और वक्तव्य ।
8. दि.17.01.2018 को शैक्षणिक और मल्टीमीडिया शोध केंद्र (ई एम एम आर सी), पुदुच्चेरी को औद्योगिक दौरा ।
9. दि.18.01.2018 को समुदाय रेडियो – पुदुवै वाणी को औद्योगिक दौरा ।
10. दि.19.01.2018 को एम ए मुथमिल, सहायक आचार्य, इलेक्ट्रानिक मीडिया और जन संचार विभाग द्वारा दृश्य और श्रव्य उत्पादन पर कार्यशाला आयोजित की गई ।

11. शैक्षणिक वर्ष के दौरान द्वितीय वर्ष और तीसरे वर्ष के विद्यार्थी पी आई एम एस, पुदुच्चेरी, को-ऑपरेटिव अस्पताल, तलस्सेरी, आई क्यू आर ए ए इंटरनेशनल अस्पताल, कालिकट जैसी विविध संस्थाओं में प्रशिक्षण/अध्येतावृत्ति के लिए गए।
12. 27 सितंबर को मल्टी-क्विज़ीन खाद्य फेस्ट और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन पर क्विज का आयोजन करते हुए विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया।

प्रतिष्ठित आगंतुक

1. श्री डिबीन तिलकन, आर्टिस्ट/फॅशन डिज़ाइनर, श्री विद्या सेंटर फॉर ट्रैनिंग एंड रीसर्च
2. श्री देवेंद्रनाथ, थियेटर आर्टिस्ट
3. श्री डॉ के एम पचियप्पन, विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ कॉस्ट्यूम डिज़ाइन & फैशन, पी एस जी कॉलेज ऑफ आर्ट्स & साइन्स, कोयंबत्तूर
4. श्री रंजीत पी के, फैशन डिज़ाइनर
5. श्री परसूरमा कामत, सहायक आचार्य, स्कूल ऑफ बिज़्नेस स्टडीस एंड सोशियल साइन्सस, क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बन्नेरघटता
6. श्रीमती प्रितमला, समन्वयक, इंडियन इन्स्टिट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नालजी, कन्नूर
7. श्री मुहम्मदाली एन, विभागाध्यक्षम, जन संचार विभाग, यूनिवर्सिटी ऑफ कालिकुट, टहनीपलम
8. श्री राजेश्कुमार झा, सहायक आचार्य, नेशनल इनिस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नालजी, कन्नूर
9. श्री आर एस जयदीप, आचार्य, नितवेर डिजाइन विभाग, नेशनल इनिस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नालजी, कन्नूर
10. श्रीमती आयशा खादर, पेथालॉजिस्ट, आई क्यू आर ए ए इंटरनेशनल अस्पताल, कोज़िकोड

आधारभूत संरचना का विकास

यह केंद्र फरवरी, 2018 के दौरान नए भवन में स्थानांतरित हो गया। इस केंद्र द्वारा पहले से प्रयोगशालाओं में स्थापित करने हेतु लगभग पूरा उपस्कर/मशीनरी का अर्जन किया गया। फैशन प्रौद्योगिकी और पत्रकारिता एवं जन संचार के लिए पूर्णतः परिसज्जित प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए प्रक्रिया जारी है।

सह-पाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियाँ

1. पत्रकारिता और जन संचार विद्यार्थियों द्वारा विविध सामाजिक मुद्दों पर वृत्त चित्र बनवाकर जनता के समक्ष प्रस्तुत करवाया गया।

2. स्थानीय पर्व के दौरान फैशन प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों द्वारा अभिकल्पित और तैयार किये गए नमूने पोशाक/आभूषणों की प्रदर्शनी ।

वर्ष 2018-19 के लिए योजना

1. यह केंद्र एन एस एस योजना से संबंधित गतिविधियों और सह-पाठ्यक्रम क्लब प्रारंभ करने का विचार करता है ।
2. यह केंद्र और कुछ पाठ्यक्रम शुरू करने के विचार में है ।
3. रोजगार कक्ष की स्थापना ।
4. विद्यार्थियों की प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए एक वार्षिक फैशन काग्रक्रम का आतिथ्य देना चाहता है ।
5. केंद्र में फैशन प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम की व्यवस्था होने के कारण, यह निर्णय लिया गया कि सभी नए विद्यार्थियों को वर्ष 2018-19 के दौरान इस केंद्र के विद्यार्थियों द्वारा समरूप पोशाक की सिलवाई की व्यवस्था की जाय ।

5.17 भारत अध्ययन कार्यक्रम

समन्वयक : आचार्य नलिनी जे थंपी

यूएसए के इंटर्नेशनल इनिस्टिट्यूट फॉर सैंटिफिक एंड अकदमिक कोलाबरेशन आईएनसी (आईआईएसएसी) के तत्वावधान में वर्ष 2000 में विश्वविद्यालय द्वारा इस कार्यक्रम का आरंभ किया गया। विश्वविद्यालय में भारत अध्ययन कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सत्र के लिए यूएसए और फ्रांस, जर्मनी, फिनलैंड व नार्वे से कई पूर्वस्नातक विद्यार्थी आये। भारत-आगमन के पहले ही ई-मेल के माध्यम से छात्रों से परामर्श किया जाता है। विद्यार्थी पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर प्रासंगिक पाठ्यक्रम से अपने लिए अत्यंत उपयुक्त पाठ्यक्रम का चयन करते हैं।

सत्र की समाप्ति के एक माह के अंतर्गत उन विद्यार्थियों से संबद्ध संस्थाओं को उनके द्वारा अर्जित क्रेडिट्स भेजे जाते हैं । शैक्षणिक कार्यक्रमों के अलावा, विद्यार्थियों को उनके आवास में सुविधाजनक अनुभव को समृद्ध करने हेतु पुदुच्चेरी, दक्षिण भारत और पूरे देश की सुसंपन्न संस्कृति के अनुभव प्राप्त करने के लिए भी अनुमति दी जाती है ।

एसआईपी में व्यापक श्रेणी पाठ्यक्रम का प्रावधान है। कुछ मामलों में, आवश्यकता के आधार पर भी पाठ्यक्रम की परिकल्पना बनायी गयी।

- कक्षा पाठ्यक्रम कार्य में व्याख्यान, संगोष्ठी, समनुदेशन कार्य और परीक्षाएँ शामिल हैं ।
- व्यक्तिगत स्वतंत्र/प्रत्यक्ष अध्ययन, जहाँ संकाय सदस्य पठन, क्षेत्र अध्ययन और निर्दिष्ट विषय पर ध्यान केंद्रित शोध विषय का पर्यवेक्षण करता है ।
- अध्येतावृत्ति, जहाँ विद्यार्थी चयनित संकाय सदस्य के साथ व्यापक क्षेत्र कार्य और/या कार्य करता है ।

प्रत्याशित विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम के चयन के लिए एसआईपी समन्वयक के साथ परामर्श करने की सलाह दी जाती है। विश्वविद्यालय द्वारा विदेशी विद्यार्थियों के लिए विविध प्रकार के विशेष पाठ्यक्रम चालए जाते हैं।

अतः, वर्ष 2017-2018 के दौरान, इन्स्टिट्यूट डि ईट्यूडेस पोलिटिक्स, रेन्नेस, फ्रांस से तीन विद्यार्थी और फ्रीबर्ग यूनिवर्सिटी, जर्मनी से 1 विद्यार्थी एक वर्ष के लिए पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय में विकल्प पाठ्यक्रम में शिक्षा प्राप्त करने हेतु आए।

5.18 स्पेशल हेप्सन एनेब्लिंग यूनिट युक्त व्यक्तियों के लिए उच्चतर शिक्षा केंद्र

समन्वयक	**डॉ ए चिदंबरम**
परामर्शदाता-सह-पी ओ	**डॉ के एस कुप्पुस्वामी**
संपर्क अधिकारी	**डॉ जी मदन मोहन**

विश्वविद्यालय समाज के दिव्यांगों की सेवा में अपने अथक प्रयासों के माध्यम से उनके सामाजिक समावेशन की प्राप्ति के हेतु कटिबद्ध है। विभिन्न रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए विश्वविद्यालय की पहल को सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण (एमएसजेई) कार्यालय के मुख्य आयुक्त से प्रशंसा प्राप्त हुई। पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय दिव्यांग व्यक्तियों की सेवा करने और सभी दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए उच्चतर शिक्षा सुनिश्चित करने के क्रम में उन्हें पूर्णतः सभी प्रकार के शैक्षणिक शुल्क की छूट देते हुए निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान प्रदान कर रहा है। उन्हें निःशुल्क छात्रावास की सुविधा प्रदान की जा रही है और वर्ष 2011 से छात्रावास भोजनालय में 100% सब्सिडी का भी प्रावधान दे रहा है।

विश्वविद्यालय प्रत्येक विषय में विशेष श्रेणी में स्वर्ण पदक प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर रहा है, जिसे प्रति वर्ष दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान किया जाता है।

प्रति वर्ष अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस और वाइट केन डे आयोजित किया जाता है।

इस इकाई को निरंतर प्रोत्साहित करने हेतु रेलिंग के साथ रैंप, एलिवेटर की सुविधायुक्त शौचालय जैसी सुविधाएँ उपलब्ध करते हुए नए भवन का निर्माण किया गया।

इस परिसर में दिव्यांगों को सुविधा प्रदान करने की दिशा में दि. 5 जुलाई, 2011 को विश्वविद्यालय ने एचईपीएसएन-एनेबुलिंग सेल की स्थापना की। यह सेल माननीय कुलपति महोदय के द्वारा नामित विलक्षण रूप से सक्षम दो व्यक्तियों के साथ गठित है। वे समन्वयक और परामर्शदाता-सह-रोजगार अधिकारी के रूप में कार्य निर्वहण करते हैं। वे बराबर विलक्षण रूप से सक्षम लोगों (सभी स्तर के – संकाय, स्टॉफ व विद्यार्थियों) के साथ मुलाकात करते रहते हैं, ताकि विनिर्दिष्ट जरूरतों की पहचान, आवश्यक सहायता और शिकायत (यदि हों तो) और उन पर विशेष रूप से विचार करने हेतु विश्वविद्यालय के प्रशासन का ध्यान केंद्रित किया जाय। अभियांत्रिकी अनुभाग विश्वविद्यालय परिसर में सभी भवनों (मौजूदा व नए दोनों) में दिव्यांग-अनुकूल एक्सिस को सुनिश्चित करता है। अभियांत्रिकी प्रभाग के साथ सभी भवनों को मिलाकर 63 भवनों की तुलना में केवल आठ

भवनों में एनेबुलिंग इकाई की सुविधा नहीं है । इस कार्य से जुड़े हुए अधिकारी अभियांत्रिकी विभाग के साथ लगातार संपर्क करते हुए परिसरमें 100% पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया में हैं ।

सभी शारीरिक दिव्यांग विद्यार्थियों और स्टॉफ के लिए पर्याप्त पठन उपकरण का प्रावधान और व्हील कुर्सियों की सुविधा का प्रावधान है ।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र

विश्वविद्यालय परिसर में और बाहर जागरूकता लाना, समुदाय विद्यार्थियों के बीच सूचना का प्रसार, परामर्श और वृत्ति संबंधी मार्गदर्शन जैसी कल्याण सेवा प्रदान करना, जरूरतमंद विलक्षण रूप से सक्षम बच्चों को सहायक उपकरण की व्यवस्था व आपूर्ति की व्यवस्था करना।

दिव्यांग व्यक्तियों के लिए समग्र नीति की तैयारी, प्राधिकरण के साथ समर्थनीय पहल, कौशल के उन्नयन और रोजगार में अवसर उत्पन्न करने की दिशा में उच्चतर शिक्षा प्रदान करनेवाले क्षेत्र में समग्र परंपरा का आंकलन ।

सम्मेलन/कार्यशालाएँ/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण कार्यक्रम

1. दि.07.02.2018 व दि.08.02.2018 को आर पी डब्ल्यू डी अधिनियम 2016 के कार्यान्वयन में "अंशधारकों की भूमिका" पर संगोष्ठी
2. दि.27.03.2018 को राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के उन्मुखीकरण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी
3. दि.02.02.2018 व दि.03.02.2018 को सुलभ प्रौद्योगिकी पर दो दिवसीय कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम

सह पाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियों का विवरण

1. दि.08.02.2018 को एच ई पी एस एन कार्यकलाप के बारे में प्रस्तुतीकरण और सी सी आर आर सी प्रस्ताव के प्रस्तुतीकरण पर एम एस जे ई सचिव के साथ एक दिवस बैठक
2. दि.26.01.2018 को दृष्टि क्षीणता के साथ व्यक्ति को शैक्षणिक उपकरण के वितरण पर मंद दृष्टि को फ्लक्स टॉक वितरण
3. दि.17.03.2018 को सक्षम व विभिन्न रूप से सक्षम के बीच खेल कार्यक्रम (शतरंज)
4. दि.18.03.2018 को विलक्षण रूप से सक्षम को खेल का आयोजन (वालीबाल, अथ्लेटिक्स)
5. दि.27.03.2018 को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस समारोह
6. सृजनात्मकता कार्यक्रम (विकलांगता पर पाठशाला जानेवाले बच्चों को संवेदनशील बनाना)

संकाय और स्टॉफ सदस्य

क्र सं	विकलांगता प्रकार	पुरुष	महिला	कुल
1	लोकोमोटॉर विकलांगता	7	2	9
2	मंद दृष्टि	4	0	4

विद्यार्थियों की संख्या

क्र सं	विकलांगता प्रकार	पुरुष	महिला	कुल
1	लोकोमोटॉर विकलांगता	24	5	29
2	मंद दृष्टि	28	0	28

5.19 दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

निदेशक : आचार्य शिबनाथ देब

औपचारिक तौर पर कैंपस विधान में उच्चतर शिक्षा प्राप्त न कर सकनेवालों की आवश्यकताओं की पूर्ति के क्रम में पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय ने वर्ष 1995-96 में व्यावसायिक/रोजगार आधारित शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा दूरस्थ शिक्षा क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रबुद्ध निर्णय लिया। फिलहाल, निदेशालय द्वारा पाँच (5) एम बी ए और चार (4) स्नातकोत्तर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय का दूरस्थ शिक्षा निदेशालय अपने अभिनव ट्रिविनिंग कार्यक्रम की संकल्पना के लिए भी प्रख्यात है, जिसमें पूरे भारत की प्रमुख संस्थाओं की सहभागिता के साथ पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों से संबंधित कार्यकलाप आयोजित किये जाते हैं।

पाठ्यक्रम : दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो (डी ई बी), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नयी दिल्ली द्वारा अनुमोदितानुसार निदेशालय निम्नलिखित कार्यक्रमों का संचालन करता है।

एम.बी.ए. पाठ्यक्रम (2 वर्ष –चार अर्धवर्ष)

- विपणन में व्यापार प्रशासन का स्नातकोत्तर
- वित्त में व्यापार प्रशासन का स्नातकोत्तर
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में व्यापार प्रशासन का स्नातकोत्तर
- मानव संसाधन प्रबंधन में व्यापार प्रशासन का स्नातकोत्तर
- सामान्य में व्यापार प्रशासन का स्नातकोत्तर

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (2 वर्ष –गैर-अर्धवार्षिक)

- वित्त में स्नातकोत्तर वाणिज्य
- अंग्रेजी में स्नातकोत्तर कला

- समाज विज्ञान में स्नातकोत्तर कला
- हिंदी में स्नातकोत्तर कला

भावी ध्येयपथ

लागत प्रभावी कैंपस रहित दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से समाज से संबंधित गुणात्मक और जिम्मेदार शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन में नेतृत्व के साथ अग्रणी बनना तथा कुछ कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना और तद्वारा प्रसिद्धि और गुणवत्ता प्राप्त करना विश्वविद्यालय की नीति है।

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय (डीडीई), पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय का व्यापक आशय यह है कि शिक्षा से वंचित देश के अधिक संख्या की आबादी को उच्चतर शिक्षा की पहुँच अत्यंत आसान, विश्वसनीय और वहन करने योग्य बनाना ।

5.20 फिजिकल एजुकेशन व खेल निदेशालय

फिजिकल एजुकेशन खेल निदेशालय फिजिकल एजुकेशन और खेल विभाग से अलग हो गया और वर्ष 2011-2012 में इसकी स्थापना की गई । सभी खेल गतिविधियाँ अध्यक्ष के रूप में कुलपति के साथ विश्वविद्यालय खेल मंडल के पर्यवेक्षण में आयोजित किये गए। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की खेल-गतिविधियों और अभ्यास के लिए पाँच मैदान हैं यथा- 1. राजीव गाँधी क्रिकेट स्टेडियम, 2. तिरुवल्लुवर स्टेडियम, 3. फुटबाल मैदान, 4. टेनीस कोर्ट और 5. वाली बाल कोर्ट । प्रति वर्ष हम सरकार एवं मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लाभार्थ पूरे वर्ष अंतर-महाविद्यालय टूर्नामेंट्स, चयन अभ्यास और अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रहे हैं। प्रति वर्ष इन खेल गतिविधियों में मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों सहित 30,000 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। हमारे यहाँ के विश्वविद्यालय के परिसर में विद्यार्थियों के खेल गतिविधियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएँ हैं। विगत चार वर्ष प्रधान मंत्री आयुष योगा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम से अधिक संख्या में विद्यार्थी, कर्मचारी और संकाय-सदस्य शारीरिक व मानसिक रूप से लाभान्वित हुए। हमारे पास विद्यार्थियों, स्टॉफ और संकाय सदस्य और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य वर्धन और तनाव से मुक्त होने के लिए एक पुरुष व्यायामशाला और एक महिला व्यायामशाला का प्रावधान है।

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय सदस्य का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1	डॉ जी शिवरामन	सहायक निदेशक	फिजिकल एजुकेशन खेल
2	डॉ के चंद्रशेखरन	सहायक निदेशक	फिजिकल एजुकेशन खेल

आधारभूत संरचना का विकास

इंडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु योजना बनायी जा रही है ।

सह-पाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियाँ

खेल निदेशालय दि.21 जून, 2018 को यूजीसी के अनुदेशों के अनुसार प्रधान मंत्री आयुष के तहत 50 दिन योग कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। समापन समारोह में 1. क्विज प्रतियोगिता 2. निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं और योग कक्षाओं का अभ्यास नियमित रूप से करनेवालों को प्रमाणपत्र व पुरस्कार वितरित किये गए।

खेल से संबंधित गतिविधियाँ और पुरस्कार/उपलब्धियाँ

खेल गतिविधियाँ

शैक्षणिक वर्ष 2017-18 के दौरान दि. 6 सितंबर, 2017 (बुधवार) को पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन व खेल निदेशालय द्वारा पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों के फिजिकल एजुकेशन के निदेशकों की बैठक आयोजित की गई।

अंतर-महाविद्यालय टूर्नामेंट

मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों व पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के विभागों के विद्यार्थियों के लिए विविध खेल व कूदों के लिए 20 खेलों में अंतर-महाविद्यालयी (पुरुष व महिला) टूर्नामेंट आयोजित किये गए।

<u>दक्षिण आँचल व अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट</u>

15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 2017-18 का आयोजन :

15 दिनों के लिए 14 खेलों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया और उसे शैक्षणिक वर्ष 2017-18 मके लिए सितंबर, 2017 से मार्च, 2018 तक भारत के भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त विविध विश्वविद्यालयों में अखिल भारतीय/दक्षिण-आँचल अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के 14 टीमों से कम की प्रतिभागिता की जिम्मेदारी दी गई।

- बैडमिंटन (पुरुष व महिला), टेनीस (पुरुष), टेबुल टेनीस (पुरुष व महिला), वालीबाल (पुरुष व महिला), भारोत्तलन व बेहतर काया (पुरुष), हाकी (पुरुष व महिला), खो-खो (पुरुष व महिला), शतरंज (पुरुष व महिला)

उपलब्धियाँ

अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय भारोत्तलन (पुरुष) प्रतियोगिता 17-18

– रजत पदक **-**

1. पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के भारोत्तलन (पुरुष) टीम ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली, चंडीगढ़ द्वारा दि.19 से 22 दिसंबर, 2017 तक आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय भारोत्तलन (पुरुष) प्रतियोगिता 2017-18 में भाग लिया।

2. श्री वी पुरुषोत्तमन को 62 कि ग्रा श्रेणी में रजत पदक प्राप्त हुआ, जो हमारे विश्वविद्यालय के मान्यता प्राप्त ठाकूर विश्वविद्यालय में II बी ए (अर्थ) पढ़ रहा है।

3. श्री वी वेंकदेशन, भारोत्तलन शिक्षक, पुदुच्चेरी राज्य खेल परिषद प्रबंधक व शिक्षक के रूप में उनके साथ रहा।

4. पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के बैडमिंटन (पुरुष) टीम ने के एल विश्वविद्यालय, विजयवाडा द्वारा दि.6 से 10 दिसंबर, 2017 तक आयोजित दक्षिण आंचल अंतर-विश्वविद्यालय बैडमिंटन (पुरुष) टूर्नामेंट 2017-18 में भाग लिया और उपर्युक्त टूर्नामेंट में चौथा स्थान प्राप्त किया। यह टीम के आई आई टी विश्वविद्यालय, भुबनेश्वर, ओदिशा द्वारा दि.5 से 9 जनवरी, 2017 तक आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय आँचल बैंडमिंटन पुरुष टूर्नामेंट 2017-18 के लिए उत्तीर्ण हुए।

5.21 हिंदी कक्ष

अधिकारी का नाम : डॉ जे सुरेंदिरन (दि.31.10.2017 तक)

डॉ सी. जयशंकर बाबू (दि.01.11.2017 से)

परिचय

इस विश्वविद्यालय में वर्ष 2004 के दौरान विश्वविद्यालय के राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के क्रम में हिंदी कक्ष की स्थपाना हुई। केंद्र सरकारी संगठनों में राजभाषा नीति का कार्यान्वयन संवैधानिक दायित्व है। विश्वविद्यालय में राजभाषा हींदी के प्रचार प्रसार के लिए हिंदी कक्ष प्रयास करता है और राजभाषा नीति के अनुरूप हिंदी के प्रगामी प्रयोग को सुनिश्चित करता है।

गतिविद्यियाँ

- आवधिक तौर पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन, जो भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार विश्वविद्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की समीक्षा करती है।
- हिंदी शिक्षण योजना के कार्यान्वयन का समन्वय
- राजभाषा कार्यान्वयन हेतु कागजातों का अनुवाद

हिंदी शिक्षण योजना

नवंबर, 2017 में आयोजित हिंदी परीक्षा में उपस्थित व उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या

प्रवीण = 09 प्राज्ञा = 15

आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें

- दि.4 जुलाई, 2017 को पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय में कुलपति के स्थानापन्न में आचार्य (श्रीमती) अंशिका बशीर खान की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई ।
- दि.5 जून, 2018 को पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय में आचार्य जुर्मीत सिंह, उप कुलपति की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई ।

उपस्थित संगोष्ठियाँ

- दि.23 जून, 2017 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जिपमेर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ जे सुरेंद्रियन, हिंदी अधिकारी को आमंत्रित किया गया ।
- दि.7-8 फरवरी, 2018 को केरला के त्रिवेंद्रम में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नयी दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारत राजभाषा संगोष्ठी में कार्यालय प्रतिनिधि के रूप में डॉ सी जय शंकर बाबू, विभागाध्यक्ष (प्रभारी), हिंदी विभाग व समन्वयक, हिंदी कक्ष ने भाग लिया ।

राजभाषा कार्यशालाएँ आयोजित

- हिंदी कक्ष द्वारा दि.9 सितंबर, 2017 को स्टॉफ सदस्यों के लिए राजभाषा कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 28 स्टॉफ सदस्यों ने अपनी प्रतिभागिता से लाभान्वित हुए ।

हिंदी माह

सितंबर, 2017 के दौरान हिंदी माह मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में राजभाषा के प्रगामी उपयोग को प्रोत्साहित करने स्टॉफ सदस्यों, स्टॉफ सदस्यों के आश्रितों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं। दि. 23 अक्तूबर, 2017 को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री सुनील कुमार गौतम, आई पी एस, पुलिस महानिदेशक, पुदुच्चेरी मुख्य अतिथि रहे।

5.22 यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र

पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र इसके पहले शैक्षणिक स्टॉफ महाविद्यालय के नाम से जाना जाता था। इस केंद्र की स्थापना वर्ष 1987 में हुई थी और तब से इसमें नियमित रूप से (ए) उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम (बी) पुनश्चरण पाठ्यक्रम और (सी) स्वल्पकालिक पाठ्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं । हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कई प्रदेशों के संकाय सदस्य बेहद रूप से लाभान्वित हुए । कौशल भारत डिजिटल इंडिया पहल के प्रारंभ से लेकर आईसीटी, यादगार कौशल, इलेक्ट्रानिक मंच का उपयोग करते हुए शिक्षण और संप्रेषण कौशल, ई-शिक्षण में और बृहदमात्रा में ऑनलाइन ओपेन पाठ्यक्रम (एम ओ ओ

सी एस) का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त, हमने प्रतिभागियों को ई विषय विकास, भूवैज्ञानिक जानकारी प्रणाली (जी आई एस) और शिक्षण और अधिगम में सांख्यकी का उपयोग पर भी प्रशिक्षण दिया। शैक्षणिक संस्थाओं से संबंधित नयी माँग के संदर्भ में एचआरडीसी की भूमिका पुनः परिभाषित की जा रही है। एमओओसी एस की इलेक्ट्रानिक ऑनलाइन अधिगम प्रक्रिया के साथ पारंपरिक कक्षा के एकीकरण से सकल उपस्थिति अनुपात की वृद्धि होगी। कौशल भारत के लिए सुशिक्षित व्यक्तियों की आवश्यकता हैऔर इसके लिए एचआरडीसीएस नियुक्त हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों के मानव संसाधन विकास केंद्र, एमओओसीएस के समन्वयन केंद्रों के रूप में भी सेवा प्रदान कर सकते हैं।

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय सदस्य का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1	आचार्य वेंकट रघोत्तम	निदेशक व आचार्य	मध्ययुगीन इतिहास, विश्व इतिहास, इतिहास संबंधी विद्या
2	पंच रामलिंगम	सह आचार्य	शैक्षणिक मनोविज्ञान, शिक्षा व मार्गदर्शन एवं परामर्श

आयोजित कार्यक्रम

ए. कुल आयोजित पाठ्यक्रम/कार्यक्रमों की संख्या : 15

बी. उपस्थित प्रतिभागियों की कुल संख्या : 645

वर्ष 2018-19 के लिए योजना

हम कार्य करने हेतु अभिप्रेत हैं और हमारे पाठ्यक्रम कौशल-भारत और डिजिटल इंडिया के लक्ष्य के साथ समग्र शैक्षणिक प्रौद्योगिकी पर निर्भर हैं। हमें फ्रांसीसी भाषा और साहित्य के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय संसाधन केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। हमने संकाय विकास केंद्र के लिए एमएचआरडी को आवेदन प्रस्तुत किया है ।

आयोजित उन्मुखीकरण, पुनश्चरण और विशेष पाठ्यक्रम का विवरण

क्र सं	उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	पंजीकृत प्रतिभागियों की कुल संख्या	प्रतिभागियों की कुल संख्या
1	120 उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	17.05.2017 – 13.06.2017	45	25
2	121 उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	13.07.2017 – 09.08.2017	56	43
3	122 उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	01.02.2018 – 28.02.2018	70	53
4	123 उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	01.03.2018 – 28.03.2018	80	62

क्र सं	पुनश्चरण पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	पंजीकृत प्रतिभागियों की कुल संख्या	प्रतिभागियों की कुल संख्या
1	गणित	06.07.2017 – 26.07.2017	40	28
2	तमिल भाषा व साहित्य	04.10.2017 – 24.10.2017	80	71
3	कंप्यूटर विज्ञान	03.11.2017 – 23.11.2017	55	46
4	पर्यावरण विज्ञान और भूविज्ञान	02.01.2018 – 22.01.2018	60	55
5	शिक्षा	08.02.2018 – 28.02.2018	45	35
6	इतिहास, राजनीति विज्ञान और सार्वजनिक प्रशासन	03.03.2018 – 23.03.2018	65	40
7	समाज विज्ञान (इतिहास, राजनीति विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कानून) में गरमी मौसम का पुनश्चरण पाठ्यक्रम	01.06.2017 – 21.06.2017	40	30
8	सरदी मौसम में जीव विज्ञान पाठ्यक्रम	05.12.2017 – 25.12.2017	60	51

क्र सं	कार्यशाला का नाम (स्वल्पकालिक पाठ्यक्रम)	अवधि	पंजीकृत प्रतिभागियों की कुल संख्या	प्रतिभागियों की कुल संख्या
1	शोध प्रविधि (जी आई एस, आई सी टी, कंप्यूटर अप्लिकेशन, एस पी एस एस)	04.10.2017 – 10.10.2017	34	19
2	लिंग संवेदीकरण	21.09.2017 – 27.09.2017	40	23
3	शोधार्थियों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी पर तीन दिवसीय कार्यशाला	27.01.2018 – 29.01.2018	73	64

पधारे हुए प्रतिष्ठित वक्ता/संसाधन व्यक्ति

1. आचार्य के श्रीनिवास, आचार्य, आई सी टी, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ इज्युकेशन प्लानिंग एंड एड्मिनिस्ट्रेशन, नयी दिल्ली
2. आचार्य संजीव सोनवने, आचार्य व विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, सावित्री फूले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
3. आचार्य मकरंद आर परनजपे, अंग्रेजी आचार्य, सेंटर फर अंग्रेजी स्टडीज, स्कूल ऑफ लांग्रेज, साहित्य और संस्कृति अध्ययन, जवहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नयी दिल्ली

4. आचार्य रिला मुखर्जी, इतिहास आचार्य, हैदराबाद विश्वविद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय पी ओ, आचार्य सी आर राव रोड, गच्चिबौली, हैदराबाद

5. आचार्य वाई सुब्बारायलु, इतिहास आचार्य, तमिल विश्वविद्यालय, तंजाऊर

6. आचार्य एन के राजेंद्रन, उप कुलपति, अलगप्पा विश्वविद्यालय, कराइकुडी

7. आचार्य टी सी ए राघवन, आई एफ एस (सेवानिवृत्त), नयी दिल्ली

8. आचार्य अरुण बंदोपाध्याय, इतिहास आचार्य, यूनिवर्सिटी ऑफ कलकत्ता, कोलकत्ता

9. डॉ वी तंगराज, गणित आचार्य, तिरुवल्लुवर विश्वविद्यालय, वेल्लूर

10. आचार्य हरि शंकर वासुदेवन, इतिहास आचार्य, यूनिवर्सिटी ऑफ कलकत्ता

11. डॉ रचना सिंह, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक (उत्तर), पुदुच्चेरी

12. आचार्य वी विजयकुमार, उप कुलपति, दि नेशनल ला इनिस्टिट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल

5.23 महाविद्यालय विकास परिषद

विद्यापीठाध्यक्ष : आचार्य के श्रीनिवास

महाविद्यालय विकास परिषद महाविद्यालयों को उच्चतर शिक्षा के मानकों के सुधार की दिशा में आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करनेवाला विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह परिषद यूजीसी, विश्वविद्यालय, मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों और सरकार के शिक्षा विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य करता है।

सी डी सी की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ इस प्रकार हैं :

- यह विश्वविद्यालय के अधीनस्थ चालू प्रत्येक महाविद्यालय से संबंधित अद्यतन जानकारी की तैयारी व रखरखाव, कमियों की पहचान और सभी सुविधाओं का मूल्यांकन – आधारभूत संरचनात्मक एवं शैक्षणिक दोनों के दृष्टिगत सभी मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों का निरीक्षण आवधिक तौर पर करता है।

- यह नये महाविद्यालयों के विकास और आरंभ में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और तद्वारा विश्वविद्यालय और राज्य के शिक्षा प्राधिकरण द्वारा महाविद्यालय से संबंधित योजना व विकास के लिए दीर्घकालिक निर्णय लिया जा सकता है।

- यह महाविद्यालयों के साथ सदा संपर्क में रहता है, जिससे उनकी पूर्णतः दक्षता के विकास का उपयोग उपयुक्त रूप से होने में, अध्यापकों के चयन में, विद्यार्थियों को सुविधाएँ प्रदान करने में, यूजीसी द्वारा अनुमोदित परियोजना अनुदान का सही उपयोग और शैक्षणिक कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों की पुनःसंरचना का कार्यान्वयन दक्षतापूर्ण करने में मदद मिले।
- यह यूजीसी द्वारा निर्धारित मानकों के मद्देनजर महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर विभागों की सुविधाओं की समीक्षा करता है, जिससे आनेवाले वर्षों में मानकों के अनुरूप क्षमता प्राप्त करने की दिशा में उन्हें सहायता प्राप्त हो ।

परिषद अस्थाई/स्थाई मान्यता की मंजूरी, अस्थाई मान्यता की अवधि व विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने और मान्यता को जारी रखने से संबंधित सभी मामलों के मद्देनजर मान्यता प्राप्त संस्थाओं का निरीक्षण करता रहता है। अब महाविद्यालय विकास परिषद के अधीन 93 मान्यता प्राप्त महाविद्यालय/संस्थाएँ हैं, जो पुदुच्चेरी, माहे, कारैकाल, यानम और अंडमान व निकोबार आइलैंड में विविध जगहों में स्थापित व फैले हुए हैं ।

निष्कर्षतः, पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय का सीडीसी कार्यालय यूजीसी नियम और विनियमों की पुष्टि के लिए सभी शैक्षणिक संस्थाओं को सन्नद्ध करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। एक अनुश्रवण और पर्यवेक्षक अभिकरण के रूप में, सीडीसी कार्यालय पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के सभी मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों में भौतिक रूप से आधारभूत संरचना के तहत अच्छे संकाय और उसके बराबर अच्छे शैक्षणिक माहौल को सुनिश्चित करते हुए उच्च शैक्षणिक मानकों के अनुरक्षण हेतु प्रयास करता है ।

मान्यता प्राप्त महाविद्यालय/संस्थाएँ

i)	पुदुच्चेरी में स्थित महाविद्यालयों की संख्या	: 62
ii)	कराइकल में स्थित महाविद्यालयों की संख्या	: 14
iii)	महे में स्थित महविद्यालयों की संख्या	: 6
iv)	यानम में स्थित महाविद्यालयों की संख्या	: 2
v)	अंडमान व निकोबार आइलैंड में स्थित महाविद्यालयों की संख्या	: 9
vi)	अन्य कोई (विनिर्दिष्ट नाम)	: शुन्य

		93

वर्ष 2017-18 के दौरान किये गए निरीक्षण की संख्या :

कला और विज्ञान	-	19
शिक्षा	-	18
अभियांत्रिकी	-	19
कानून	-	2
चिकित्सा	-	6
नर्सिंग/पारा-मेडिकल	-	9
दंत	-	3
पशुचिकित्सा	-	1
कृषि	-	1
कला व संस्कृति	-	1

कुल :		**79**

स्वायत्तता स्थिति प्राप्त महाविद्यालय : तीन

1. भारतीदासन सरकारी महिला महाविद्यालय, पुदुच्चेरी
2. कांची मामुनिवार सेंटर फॉर पी जी स्टडीस, पुदुच्चेरी
3. पुदुच्चेरी इंजीनियरिंग कॉलेज, पुदुच्चेरी

दक्ष उत्कृष्टता स्थिति (सी पी ई) प्राप्त महाविद्यालय – शून्य

स्थायी मान्यता प्राप्त महाविद्यालय

1. महात्मा गाँधी गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज, महे
2. अरगनर अन्ना गवर्नमेंट आर्ट्स आंड साइन्स कॉलेज, कराइकल
3. अव्वैयर गवर्नमेंट कॉलेज फॉर विमन, कराइकल
4. पेरुनतलवर कामरजर आर्ट्स कॉलेज, पुदुच्चेरी
5. राजीव गाँधी आर्ट्स & साइन्स कॉलेज, पुदुच्चेरी
6. डॉ बी आर अंबेड्कर गवर्नमेंट लॉ कॉलेज, पुदुच्चेरी

7. मदर थेरीसा पोस्ट ग्रॅजुयेट एंड रीसर्च इनिस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ साइन्सस, पुदुच्चेरी
8. महात्मा गाँधी पोस्ट ग्रॅजुयेट इनिस्टिट्यूट ऑफ डेंटल साइन्सस, पुदुच्चेरी
9. वेक्टर कंट्रोल रिसर्च सेंटर, पुदुच्चेरी

यूजीसी अधिनियम 2(एफ)-12(बी) के तहत महाविद्यालय :

1. अरगनर अन्ना गवर्नमेंट आर्ट्स आंड साइन्स कॉलेज, कराइकल
2. अव्वैयर गवर्नमेंट कॉलेज फॉर विमन, कराइकल
3. भारतीयार पालकलैईकूडम, पुदुच्चेरी.
4. भारतीदासन सरकारी महिला महाविद्यालय, पुदुच्चेरी
5. डॉ बी आर अंबेड्कर गवर्नमेंट लॉ कॉलेज, पुदुच्चेरी
6. डॉ एस आर के गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज, यानम
7. कांची मामुनिवार सेंटर फॉर पी जी स्टडीस, पुदुच्चेरी
8. महात्मा गाँधी गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज, न्यू महे
9. पेरुनतलवर कामरजर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कराइकल
10. पेरुनतलवर कामरजर आर्ट्स कॉलेज, पुदुच्चेरी
11. पुदुच्चेरी इंजीनियरिंग कॉलेज, पुदुच्चेरी
12. पोप जॉन पॉल ईई कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पुदुच्चेरी.
13. राजीव गाँधी इनिस्टिट्युउट इनिस्टिट्यूट ऑफ वेट्रिनरी एजुकेशन एंड रीसर्च, पुदुच्चेरी.
14. ठाकोर आर्ट्स कॉलेज, पुदुच्चेरी.
15. ठाकोर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अंडमान एंड निकोबार आइलैंड

यूजीसी अधिनियम 2(एफ) के तहत महाविद्यालय :

1. इंदिरा गाँधी कॉलेज ऑफ आर्ट्स व साइंस, पुदुच्चेरी
2. कस्तूरबा कॉलेज फॉर विमन, विल्लियानूर, पुदुच्चेरी
3. कृष्णासामी कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर विमन, पुदुच्चेरी.
4. राजीव गाँधी आर्ट्स & साइन्स कॉलेज, पुदुच्चेरी
5. सबरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पुदुच्चेरी
6. शारदा गंगाधरण कॉलेज, पुदुच्चेरी.
7. श्री मनकुल विनयागार मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल, पुदुच्चेरी.
8. वेक्टर कंट्रोल रिसर्च सेंटर (आई सी एम आर), पुदुच्चेरी.

9. उषा लतचूमनन कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पुदुच्चेरी
10. राजीव गाँधी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी , पुदुच्चेरी.

5.24 छात्र कल्याण केंद्र

विद्यापीठाध्यक्ष : डॉ डी लाज़र

सहायक विद्यापीठाध्यक्ष : डॉ शहीन सुल्ताना

पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों का कल्याण एक महत्वपूर्ण विषय है। इसमें व्यापक रूप से भौतिक, मानसिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भलाई शामिल हैं। निम्नलिखित सुविधाओं के साथ विद्यार्थियों की जरूरतों की पूर्ति की जाती है :

- परामर्श और मार्गदर्शन
- परामर्श सेवा
- विद्यार्थियों को स्वस्थ्य सेवा
- शिक्षणिक यात्राएँ
- विद्यार्थियों के विचार और प्रतिभा के आबंटन हेतु प्रेरणा नामक विद्यार्थी पत्रिका का प्रकाशन
- एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रमों का आयोजन
- विद्यार्थियों द्वारा मंच पर तत्काल प्रतियोगिताओं का आयोजन
- मनोरंजन, सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यकलाप
- पर्याप्त खेल कार्यक्रम
- विद्यार्थियों को छुट्टियों और अध्येतावृत्ति, क्षेत्र पर्यटन और शिक्षणिक यात्राओं के अवसर पर रेलवे रियायत प्रपत्रों को जारी करने का प्रावधान
- रैगिंग के विरुद्ध अभियान
- पारिस्थितिकी विद्यार्थियों के क्लब कार्यकलाप
- साइकिल मरम्मत का अनुरक्षण – 200 साइकिल मौजूद हैं
- लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुपालन के क्रम में विद्यार्थी परिषद चुनाव का आयोजन

कंपस में रैगिंग के रोकथाम के लिए विद्यापीठाध्यक्ष-कार्यालय ने प्रत्येक विभाग में प्रथम वर्ष के छात्रागमन के संदर्भ में इसके संबंध में सूचित करने व आवशयक बैनर लगाकर जागरूक बनाने के विषय में परिपत्र जारी किया। प्रथम वर्ष के प्रवेश के तुरंत पश्चात जेएन ऑडिटोरियम में छात्र व छात्राओं के लिए एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के सभी छात्रों के साथ नियमित रूप से आपसी चर्चा हेतु कुलपति के कार्यालय द्वारा विद्यार्थी-बैठकें आयोजित की जाती हैं। इस वर्ष के दौरान अब तक तीन बैठकें आयोजित की गयीं और माननीय कुलपति जी ने विद्यार्थियों के साथ परस्पर विचार-विमर्श किया। विद्यार्थियों के कल्याण कार्यालय द्वारा विद्यार्थियों की साइकिल मरम्मत और रखरखाव कार्यकलाप आयोजित किये गए ।

विद्यार्थी कल्याण कार्यालय द्वारा दि.15-16 मार्च, 2018 के दौरान (एक भारत श्रेष्ठ भरात के तहत) अंतर-विद्यालय नृत्य प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं। इस कार्यक्रम का नाम 'आट्टम् : दो दिवसीय कार्यक्रम' है । यह सभी कैंपस केंद्रों सहित पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के विद्यापीठों के बीच की प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता में भारत के विविध राज्यों के शास्त्रीय व लोक नृत्यों का प्रदर्शन विद्यार्थियों को अभिज्ञ करने हेतु किया गया।

5.25 प्रशिक्षण कक्ष

अधिकारी का नाम : डॉ के देवन, प्रशिक्षण अधिकारी

वर्ष 2006 से पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण कक्ष चालू है। यह कक्ष पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के संकाय, अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण देता है और सभी विश्वविद्यालयों के आईएसटीएम, आईपीए, एनयूईपीए, एआईयू, आईएनएफएम, आईएमपीएसीटी, एनआईटी, सीपीआरआई, टीईडीए, यूजीसी-एएससी आदि अन्य प्रशिक्षण अभिकरणों के लिए अधिकारियों/ संकायों का नामांकन करता है। प्रशिक्षण केंद्र द्वारा शिक्षा से संबंधित उच्चतर शिक्षा और अन्य प्रशासनिक विषयों पर महिलाओं से संबंधित कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में महिला संकायों की प्रतिनियुक्ति की गई। कक्ष के द्वारा पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के समूह–डी, कनिष्ठ सहायक, सभी संविदा कर्मचारी (डाटा एंट्री ऑपरेटर, केर टेकर, वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, तकनीकी सहायक, कनिष्ठ अभियंता, ध्वनि रिकार्डर, अनुवादक सह उद्घोषक, शूटिंग सहायक, कैमेरामैन, स्टॉफ नर्स, नर्सिंग अटेंडेंट, पूर्व-प्राथमिक अध्यापक और स्नातक प्रशिक्षणार्थी) और विश्वविद्यालय के वाहन चालकों जैसे गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए स्पोकन इंग्लीश में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नयी दिल्ली के तत्वावधान में दि.21.02.2018 को मानव अधिकारों पर एक दिवसीय मूल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

5.26 सार्वजनिक शिकायत कक्ष

अधिकारी का नाम : डॉ के देवन, सार्वजनिक शिकायत अधिकारी

जून, 2005 से पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय में सार्वजनिक शिकायत कक्ष चालू है। सार्वजनिक शिकायत कक्ष में शिकायत के साथ विद्यालय आनेवाले (यानि अस्थायी प्रमाणपत्र, अंक सूची, समेकित अंक सूची, दीक्षांत स्मारोह और माइग्रेशन प्रमाणपत्र आदि अप्राप्त दीर्घ लंबित प्रमाणपत्रों के लिए) सहित ई-मेल के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा सभी शिकायत प्राप्त की जाती हैं ।

विद्यार्थियों को पूर्ण संतुष्टि के साथ शिकायतों का निवारण किया जाता है। संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग शिकायत समितियाँ गठित की गयीं।

5.27 शिशु सदन केंद्र

विश्वविद्यालय के कर्मचारी, शोधार्थी और विद्यार्थियों द्वारा उनके बच्चों के कल्याण के लिए दि.1 फरवरी, 2008 को शिशु सदन केंद्र की स्थापना की गयी। इस शिशु सदन केंद्र में 4 माह और 3 ½ वर्ष और 14 वर्षों के समूह के बीच उनके विद्यालय समय और छुट्टियों के दौरान अत्यधिक सेवा प्रदान की जाती है।

चयनित समिति के माध्यम से प्रशिक्षित एवं पेशेवार अभीक्षक की भर्ती द्वारा बच्चों के संज्ञानात्मक, भावुक, सामाजिक और भौतिक विकास के संबंध में इष्टतम विकास के लिए चुनौतीपूर्ण और प्रेरणादायक माहौल उपलब्ध कराना इस केंद्र का प्रमुख आशय है। अभीक्षक उपयुक्त रूप से बच्चों के सामयिक जारूरतों की पूर्ती पर व्यक्तिगत ध्यान केंद्रित करते हैं। इसके अतिरिक्त, इस शिशु सदन केंद्र के बच्चों की देखभाल अत्यंत संयम से की जाती है, जिससे बच्चे अपनी पूर्ण दक्षता तक पुहँचने में सक्षम हों। साथ ही, इस शिशु सदन केंद्र को सुरक्षा और घर के माहौल के लिए मान्यता प्राप्त है, जो बच्चों के विकास और उन्नति में मदद देता है।

अध्यक्ष	:	आचार्य गुरुमीत सिंह, उप कुलपति
समन्वयक	:	डॉ नारायनसामी संगीता, सहायक आचार्य, खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

सुविधाएँ

- प्रेममय, सुरक्षित और स्वास्थ्य वर्धक माहौल
- सहृदयी और सेवारत सुयोग्य और अनुभवी संरक्षक, सहायक
- चार वातानुकूल कमरें (कार्यालय कमरा सहित), एक बड़ा वातानुकूल सभा भवन और एक छोटा फीडिंग कमरा। इन कमरों को हरित कमरा (खेल कमरा), नीला कमरा (पूर्व किंडर गार्डेन कक्ष) गुलाबी कमरा (सोने का कमरा) और एक फीडिंग कमरा।
- आयु के अनुकूल स्लाइड, झूले, मेर्री गो राउंड, सी-सा, टन्नेल, जंबो खेल स्टेशन, बच्चों का साइकिलव स्कूटर जैसे खौलौने खेलने हेतु उपलब्ध हैं।
- आयु के अनुकूल शिक्षण सहायक सामग्री, शिक्षणिक खिलौने, सी डी और पुर्व किंडर गार्डेन कक्ष के लिए लकड़ी के मेज व कुर्सियाँ
- लकड़ी के चारपाई, लकड़ी के क्राडेल्स, इस्पात के क्राडेल्स, पटेला, चटाई व सोने के गद्दे आदि सोने के कमरे में उपलब्ध हैं
- दूध और फलों के भंडारण के लिए रिफ्रिजरेटर की सुविधा
- दूध व भोजन को पुनः गरम करने हेतु ओवेन व इंडक्शन स्टोव की सुविधा

- केटेल व हीटर
- आक्वागार्ड का सुरक्षित जल
- टी वी और डी वी डी
- स्लाइड, झूले, मेर्री गो राउंड, रीवाल्विंग फ्लाटफारम और सी-सा जैसे खुल आउटडोर खेल सुविधाएँ उपलब्ध हैं ।
- विश्रांत कमरे में गीजर

विद्यार्थियों की संख्या

कनिष्ठ शिशु सदन (4 माह से 1 वर्ष तक) = 04 बच्चे

वरिष्ठ शिशु सदन (1 वर्ष से 2 वर्षों तक) = 21 बच्चे

पूर्व किंडर गार्डेन (2 + से 3 वर्षों तक) = 22 बच्चे

विद्यालय के बच्चे

- विद्यालय समय के पश्चात (अपराह्न 3.45 से 5.30 तक) = 16 बच्चे
- गरमी की छुट्टियों के दौरान (2 माह) पूर्वाहन 9.30 से शाम 5.30 तक) = 15 बच्चे

पूर्व किंडर गार्डेन [संरक्षक और पूर्व किंडर गार्डेन अध्यपाक : श्रीमती जी संगीता]

बच्चों के लिए योजित कार्यकलाप में निम्नलिखित मुद्दों पर हमारा ध्यान केंद्रित है : नेत्र-हाथ का समन्वय

- अवलोकन और सुनने के कौशल
- शब्दसूची बनावट
- वार्तालाप कौशल
- दृश्य अंतर कौशल
- जोड़ और सहयोग कौशल
- वर्णों की पहचान
- सामान्य जागरूकता
- अवयवों संबंधी जानकारी कौशल
- फाइन मोटर कौशल
- सामाजिक कौशल
- संगीत व गति

शिशु सेवा केंद्र में समरोह :

तारीख	समरोह
22.08.2017	लाल दिवस
29.08.2017	बक्रीद
14.09.2017	पीला दिवस
22.09.2017	सरस्वती पूजा/आयुध पूजा
13.10.2017	दिवाली
26.10.2017	फल दिवस
14.11.2017	बाल दिवस

05.12.2017	हरित दिवस
13.12.2017	फूल दिवस
22.12.2017	क्रिसमस
10.01.2018	नील दिवस
11.01.2018	संक्रांति
13.02.2018	तरकारी दिवस
23.03.2018	नारंगी दिवस

आयोजित सामान्य कार्यक्रम

समिति के सदस्यों को शामिल करते हुए अत्यंत भव्य रूप से बाल दिवस मनाया गया, जिसमें बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। बच्चों एवं विश्वविद्यालय कर्मचारियों के बच्चों को विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं और वार्षिक दिवस एवं स्नातक दिवस समारोह में बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गये।

माननीय अध्यक्ष, कुलपति आचार्य गुरुमीत सिंह की अध्यक्षता में और डॉ मालाबिका डियो, वित्त अधिकारी (प्रभारी) और डॉ नलिनी जे तंबी, विद्यापीठाध्यक्ष, मानविकी विद्यापीठ और डॉ पी नटराजन, परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी), डॉ बी चित्रा, संयुक्त पंजीयन और शिशु सदन व पी यू पी पी एस समिति के सदस्य की उपस्थिति में दि.01 फरवरी, 2018 को दशक वर्ष मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शित किये गए । अध्यक्षीय भाषण उल्लेखनीय है और उन्होंने अतिथियों की भव्य उपस्थिति में इस समारोह का उद्घाटन किया ।

आचार्य गुरुमीत सिंह की अध्यक्षता में कुलपति और डॉ मालाबिका देव, वित्त अधिकारी (प्रभारी) व सम्मानित अतिथि – श्री उदय सुरियन, प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय सं.2 की गरिमामय उपस्थिति में जे एन ऑडिटोरियम में दि. 28.03.2018 को वार्षिक दिवस एवं स्नातक दिवस समारोह भव्य रीति में मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शित किये गए । बच्चों के लिए विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं और पुरस्कार वितरित किये गये।

5.28 पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के पूर्व प्राथमिक विद्यालय

पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय ने रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में माननीय पूर्व कुलपति प्रोफ्फेसर जे ए के तरीन के महत्वपूर्ण प्रयास के फलस्वरूप हमारे राष्ट्र के नागरिकों को सृजनात्मक, उत्पादनपरक और गुणवत्तापूर्ण पूर्व-प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के आशय से विश्वविद्यालय के कैंपस में दि.1 जुलाई, 2010 को पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय पूर्व प्राथमिक विद्यालय (पीयूपीपीएस) की स्थापना की, जिसका उद्घाटन दि.06.09.2010 को महामहिम पुदुच्चेरी राज्य के उप राज्यपाल, विश्वविद्यालय के मुख्य कुलदेशिक के द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, शोधार्थी व विद्यार्थियों, समीप के मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों (पीआईएम एसवपीईसी) और यदि रिक्त सीट हों तो विश्वविद्यालय कैंपस के परिसर क्षेत्रों के बच्चों को प्रवेश की व्यवस्था करने हेतु उक्त विद्यालय की परिकल्पना की गयी। इसमें चयन समिति द्वारा भर्ती किये गए अत्यंत योग्य, सक्षम, प्रतिबद्ध व प्रतिभाशाली कनिष्ठ नर्सरी और वरिष्ठ नर्सरी में प्रवीण अध्यापक समाविष्ठ हैं ।

शैक्षणिक वर्ष 2017-18 में, 44 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया और संबंधित विवरण नीचे प्रस्तुत हैं :

श्रेणी	कनिष्ठ नर्सरी के विद्यार्थियों की संख्या	वरिष्ठ नर्सरी विद्यार्थियों की संख्या
नियमित कर्मचारी	13	16
संविदा कर्मचारी	4	5
शोधार्थी	1	1
अतिथि परिवार	1	-
आम जनता	3	-
कुल	22	22

अध्यक्ष : **आचार्य गुरुमीत सिंह, कुलपति**

समन्वयक : **डॉ नारायणसामी संगीता, सहायक आचार्य, खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग**

पूर्व प्राथमिक विद्यालय शिक्षा

औपचारिक प्राथमिक शिक्षा प्रारंभ करने के पूर्व तीन वर्षों में पूर्व प्राथमिक शिक्षा में विद्यालय के तैयारी-कौशल सिखाए जाएँगे।

पूर्व प्राथमिक शिक्षा का आशय है कि साक्षरता कौशल, पूर्व-गणित कौशल, सामान्य जागरूकता कौशल, भावुक व समाजिक कौशल एवं शारीरिक अवयवों संबंधी ज्ञान कौशल सहित सुदृढ़ ज्ञान प्रदान करना। आत्मविश्वास, स्वअनुशासन, आत्म सम्मान, समूह भावना और साथी बच्चों के साथ सहयोग की भावना का विकास करते हुए तद्वारा बच्चों को विद्यालय और समाज के लिए सृजनत्मक, उत्पादनपरक और योग्य सदस्य के रूप में बनाना इन शिक्षा क्षेत्रों के चयन का आशय है ।

विद्यालय की महत्वपूर्ण विशिष्टताएँ

- व्यापक शिक्षा
- शिक्षा में नवीकरण पद्धति
- लेखन शैली का निष्कासन
- स्व-शिक्षा सामग्री का प्रावधान
- स्व-शिक्षा प्रक्रियाएँ
- बहुल बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने योग्य कार्यकलाप
- व्यक्तिगत ध्यान
- बच्चों की प्रगति पर निरंतर परख
- क्षेत्र पर्यटन
- सुयोग्य, अनुभवी, समर्पित और देखभाल करनेवाले स्टॉफ
- वातानुकूल कक्षाएँ
- कंप्यूटर व एल सी डी प्रोजेक्टर, पुप्पेट थियेटर आदि सहित कक्षाएँ
- नियमित तौर पर माता-पिता और अध्यापक बैठक
- आक्वा गार्ड के माध्यम से सुरक्षित पेय जल
- सुसज्जित आउटडोर खेल मैदान

- उचित भोजनशाला
- स्वच्छ शौचालय

जूनियर नर्सरी [अध्यापक : श्रीमती एम मुरुगा जुरिया]

कनिष्ठ शिशु सदन में आयोजित समरोह/कार्यक्रम

तारीख	दिवस
03.08.2017	लाल दिवस
07.08.2017	मित्रता दिवस/परस्पर लेनदेन दिवस
14.08.2017	स्वतंत्रता दिवस
17.08.2017	स्वस्थ खाद्य खाने आदत दिवस
23.08.2017	पीला दिवस
29.08.2017	बक्रीद
06.09.2017	हरित दिवस
22.09.2017	सरस्वती पूजा/आयुध पूजा
13.10.2017	दिवाली
17.10.2017	हाथ धोने का दिवस
14.11.2017	बाल दिवस
01.12.2017	नीला दिवस
22.12.2017	क्रिसमस
11.01.2018	संक्रांति
25.01.2018	गणतंत्र दिवस
09.03.2018	फल दिवस
16.03.2018	विश्व आटा खेल दिवस
19.03.2018	नारंगी दिवस

वरिष्ठ शिशु सदन : [अध्यापिका : श्रीमती जे सगयमरयी]

वरिष्ठ शिशु सदन में कार्यक्रम

तारीख	आयोजित समारोह दिवस
21/7/17	रेड दिवस
24/7/17	दंत धावन/हाथ धोने का दिवस
28/7/17	ब्लू दिवस
11/8/17	हरित दिवस
14/8/17	स्वतंत्रता दिवस
24/8/17	हल्दी दिवस
8/9/17	क्षेत्र पर्यटन में मैं
31/8/17	बक्रीद
22/09/2017	सरस्वती पूजा
3/10/17 से 13/10/17	पौष्ठिक खाद्य सप्ताह
13/10/17	दिवाली
14/11/17	बाल दिवस
27/11/17	फल दिवस
4/12/17	मित्रता दिवस/आपस में बंटवारा दिवस
22/12/17	क्रिसमस
11/01/18	संक्रांति
25/01/18	गणतंत्र दिवस
8/02/17	तरकारी/सब्जी दिवस
23/02/18	विश्व पर्यावरण दिवस

आयोजित सामान्य कार्यक्रम

1. हमारे पूर्व प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने दि.15.08.2018 को स्वतंत्रता दिवस और दि.26.01.2018 को गणतंत्रदिवस समारोह में भाग लिया ।

2. दि.8 सितंबर, 2017 को बच्चों को ज्ञानार्जन और अनुभव प्रदान करने के आशय से क्षेत्र पर्यटन के तौर पर पुदुच्चेरी के वन विभाग के छोटा चिड़ियाघर और पुदुच्चेरी के कृषि विभाग के वनस्पति उद्यान में मछलीघर दिखाया गया ।

3. दि.14.11.2017 को पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय पूर्व-प्राथमिक विद्यालय और शिशु सदन केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से बाल दिवस मनाया गया।

4. दि.28.03.2018 को वार्षिक सहित स्नातक दिवस मनाया गया ।

5.29 पुदुवै वाणी

अधिकारी का नाम व पदनाम

- अन्नाबत्तुनि रवि, टी. (2017) "जेएनटीयूके से संबद्ध चयनित अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में संग्रह का विकास: एक विश्लेषणात्मक अध्ययन"। अनुसंधान पर्यवेक्षक: डॉ. बी.आर. दोरस्वामी नायक, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग, जवाहरलाल नेहरू तकनीकी विश्वविद्यालय, काकिनाडा।

पीएच.डी मौखिकी परीक्षा के लिए बाहरी परीक्षक :

- सी. सत्यवती (2017), पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग, अनुसंधान और विकास केंद्र, भारतीयार विश्वविद्यालय, कोयंबत्तूर, पीएच.डी. मौखिक परीक्षा 24.8.2017 को संपन्न हुआ।

पुस्तक में अध्याय :

- नागलिंगम, यू (2017) *"यकृत रोगों के क्षेत्र में भारतीय योगदान (2009-2013): एक बिब्लियोमेट्रिक अध्ययन"* 'पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में अनुसंधान' (पीपी.378-380) संपादक : एस. धनवनंदन; जे. वरदराजुलु और आर. गोविंदराजन, नई दिल्ली: स्टडेरा प्रेस।

अंतर्राष्ट्रीय कार्यवाहियों में प्रकाशन:

- नागलिंगम, यू. & राजेश आर. (2017) 'ओपन एक्सेस: ए पाथ वे टु न्यू नालेज'। अगस्त 18-19, 2017 के दौरान पुस्तकालय सेवा विभाग, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लूर और एशिया व प्रशांत पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान समिति (LISSASPAC) के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित "सीमाओं से परे पुस्तकालय: ज्ञान प्रसार में अभिनव प्रवृत्तियाँ, मुद्दे और चुनौतियाँ" – अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ , (पीपी.257-260) प्रो. रमेश बाबू और डॉ. जॉयसन सौंदरराजन् द्वारा संपादित, आईएसबीएन 978- 9- 381992388

- नागलिंगम, यू.(2017) 'पब्लिक लाइब्रेरीज़ इन द डिजिटल एरा- रिफ्लेक्टिंग द फ्यूचर लाइब्रेरीज़'। अगस्त 18-19, 2017 के दौरान पुस्तकालय सेवा विभाग, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लूर और एशिया व प्रशांत पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान समिति (LISSASPAC) के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित "सीमाओं से परे पुस्तकालय: ज्ञान प्रसार में अभिनव प्रवृत्तियाँ, मुद्दे और चुनौतियाँ",– *अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ* (पीपी.28-33), प्रो. रमेश बाबू और डॉ. जॉयसन सौंदरराजन् द्वारा संपादित, आईएसबीएन 978- 9- 381992388
- सुरेश सी.; रमेश बाबू वी. & नागलिंगम, यू. (2017) 'ग्लोबल रिसर्च आउटपुट एंड ग्रोथरेट स्टडी इन एबोला वाइरस'। (1977-2016) अगस्त 18-19, 2017 के दौरान पुस्तकालय सेवा विभाग, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लूर और एशिया व प्रशांत पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान समिति (LISSASPAC) के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित "सीमाओं से परे पुस्तकालय: ज्ञान प्रसार में अभिनव प्रवृत्तियाँ, मुद्दे और चुनौतियाँ" – अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ (पीपी.883-889) प्रो. रमेश बाबू और डॉ. जॉयसन सौंदराजन् द्वारा संपादित, आईएसबीएन 978- 9- 381992388

जे. ओलिरवेल, कंप्यूटर/सूचना वैज्ञानिक

आमंत्रित व्याख्यान:

- 9 जनवरी, 2018 को अनुसंधान पर्यवेक्षकों और शोधार्थियों के लिए "उच्च प्रभावक अनुसंधान कौशल" पर चेन्नई लोयोला महाविद्यालय (स्वायत्त) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में 'उद्धरण उपकरण और प्लेगियारिज़म जांच उपकरण' पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

डॉ. जी. शिवसुब्रमणियन्, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष:

जर्नलों में प्रकाशित आलेख:

- राजेश, आर., डॉ. जी. शिवसुब्रमणियन्, & कल्पना, एल. (2018)- "इनफरमेशन सीकिंग बिहेवियर एमांग बीएड कॉलेज स्टूडेंट्स: ए केस स्टडी ", सूचना आंदोलन का अंतर्राष्ट्रीय शोध-जर्नल, खंड- 2, दसवाँ अंक, फरवरी 2018, (पीपी.110-112)
- डॉ. जी. शिवसुब्रमणियन्, & राजेश. आर. (2018). "बिब्लियोमेट्रिक स्टडी ऑफ ग्लोबल रिसर्च आउटपुट एंड ग्रोथ रेट स्टडी ऑन द सब्जेक्ट ऑफ माइक्रो एकनामिक्स(1971 - 2016)" सूचना आंदोलन का अंतर्राष्ट्रीय शोध-जर्नल, खंड- 2, दसवाँ अंक, फरवरी 2018, (पीपी.113-119)

नहीम के.टी. व्यावसायिक सहायक :

जर्नलों में प्रकाशित आलेख :

- नहीम के.टी. & राव, एम.एस. (2017) 'तेलुगू में समाचारपत्र वेबसाइटों का वेबोमेट्रिक विश्लेषण: एलेक्सा इंटरनेट का उपयोग करते हुए एक मूल्यांकन अध्ययन', डिजिटल पुस्तकालय सेवाओं का अंतर्राष्ट्रीय जर्नल (आईजेओडीएलएस), 7(2), 26-32
- नहीम के.टी. (2017) 'भारत में पुस्तकालय और सूचना विज्ञान पेशेवरों की कॉपीराइट साक्षरता: एक सर्वेक्षण'- सूचना प्रसार और प्रौद्योगिकी का अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, 7(4), 261

राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रकाशित आलेख:

- नहीम के.टी.; शिवरामन, पी. & शरवणन् जि. (2018) 'स्कोपस उद्धरण डेटाबेस में अनुक्रमित पुस्तकालय और सूचना विज्ञान पत्रिकाएँ: एसजेआर 2015 का उपयोग करते हुए एक विश्लेषणात्मक अध्ययन,', 'अभिनव पुस्तकालयाध्यक्षता : चुनौतियाँ तथा अवसर' पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की कार्यवाहियों में प्रकाशित- 26- 27 मार्च (पीपी.372-377) सं: एस. धनवन्दन, एस. रवि, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग और केंद्रीय पुस्तकालय, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय, तिरुवारूर, तमिलनाडु।

सरस्वती राव एम. व्यावसायिक सहायक :

जर्नलों में प्रकाशित आलेख:

- नहीम के.टी. & सरस्वती राव, एम. (2017) 'तेलुगू में समाचारपत्र वेबसाइटों का वेबोमेट्रिक विश्लेषण: एलेक्सा इंटरनेट का उपयोग करते हुए एक मूल्यांकन अध्ययन', डिजिटल पुस्तकालय सेवाओं का अंतर्राष्ट्रीय जर्नल (आईजेओडीएलएस), 7(2), 26-32

शिबू के.एम., सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष :

जर्नलों में प्रकाशन :

- नहीम के.टी. & शिबू के. एम. (2017) 'पांडिच्चेरी अभियांत्रिकी महाविद्यालय (पी.ई.सी.), पुदुच्चेरी के अनुसंधान परिणाम और प्रकाशन प्रभाव' (1996-2015), ज्ञान और सूचना प्रबंधन का जर्नल खंड- 7, (1), अप्रैल, 2017 पीपी.74-87, (आई.एस.बी.एन. 2277-7938)

आमंत्रित व्याख्यान :

- 22.07.2017 को शिक्षण केंद्र, बन्नारी अम्मन प्रौद्योगिकी संस्थान, सत्यमंगलम् द्वारा 'विद्वत्तापूर्ण लेखन और उसका प्रभाव' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में 'स्कोपस और जेसीआर का उपयोग करते हुए अनुसंधान प्रभाव का प्रत्योक्षकरण' विषय पर व्याख्यान दिया।
- 9 जनवरी, 2018 को अनुसंधान पर्यवेक्षकों और शोधार्थियों के लिए "उच्च प्रभावक अनुसंधान कौशल" पर चेन्नई लोयोला महाविद्यालय (स्वायत्त) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में 'डॉक्युमेंटेशन स्टाइल एंड मैन्युअल्स: टाइप्स ऑफ रैटिंग एंड हाउ नाट टु प्लेगियराइज़' पर व्याख्यान दिया।

डॉ.पि. विजयकुमार, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष :

आमंत्रित व्याख्यान :

- 9 जनवरी, 2018 को अनुसंधान पर्यवेक्षकों और शोधार्थियों के लिए "उच्च प्रभावक अनुसंधान कौशल" पर चेन्नई लोयोला महाविद्यालय (स्वायत्त) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में 'रेफरेंस मैनेजर्स और साइटेशन टूल्ज़' पर व्याख्यान दिया।

सी. सुरेश व्यावसायिक सहायक :

जर्नलों में आलेख:

- कालिशदा ए.; सुरेश सी. & शंकर सुब्रमणियन् एन. (2018) ' भारत में उच्चतर शिक्षा- विश्वविद्यालय पुस्तकालयों की भूमिका ', आई.ए.एल.ए. जर्नल (यूजीसी अनुमोदित, क्र.सं. 352) खंड-6 (1&2) मार्च (पीपी.220-226)
- कालिशदा ए. & सुरेश सी. (2018) 'पुस्तकालय और सूचना विज्ञान व्यावसायिकों के लिए पुस्तकालय प्रबंधन कौशल: एक सर्वेक्षण', आई.ए.एल.ए. जर्नल (यूजीसी अनुमोदित, क्र.सं. 352) खंड-6 (1&2) मार्च (पीपी.250-257)

पुस्तक में अध्याय :

- सुरेश सी.; रमेश बाबू वि. & हेमा आर. (2017) "मृदा और जल संरक्षण जर्नल का साइंटोमेट्रिक विश्लेषण - एक अध्ययन (2007-2016) 978-8190833362 (पीपी.242-251) अन्नामलै नगर, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान : एवरग्रीन ट्रेंड्स: अन्नामलै विश्वविद्यालय.

कार्यशाला :

- 'बिग डेटा, रिसर्च डेटा एंड लाइब्ररीज़' (2018, 23&24 मार्च) डीएसटी द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला, तिरुच्चिरापल्लि, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग, भारतीदासन विश्वविद्यालाय

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन :

- सुरेश सी.; रमेश बाबू वी. & नागलिंगम, यू. (2017) 'ग्लोबल रिसर्च आउटपुट एंद ग्रोथरेट स्टडी इन एबोला वाइरस (1977-2016)' अगस्त 18-19, 2017, "सीमाओं से परे पुस्तकालय: ज्ञान प्रसार में अभिनव प्रवृत्तियाँ, मुद्दे और चुनौतियाँ" – अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ (पीपी.883-889) प्रो. रमेश बाबू और डॉ. जॉयसन सौंदराजन् द्वारा संपादित, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लूर
- सुरेश सी.; रमेश बाबू वी. & शंकर सुब्रमणियम् एन. (9 & 10 मार्च 2018) 'रिसर्च आउटपुट एंड ग्रोथरेट स्टडी इन सिल्वी कल्चर & साईन्टोमेट्रिक एनालिसिस (2007-2016)' पि. रविचंद्रन और आर. पोन्नुदुरै द्वारा संपादित, "रिजुवेनेटिंग लाइब्ररीज़ फॉर इनफर्मेशन एक्सिस इन द डिजिटल एरा – अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ" (पीपी.1270-1280), अन्नामलै नगर, अन्नामलै विश्वविद्यालय, आईएसबीएन 978-81-935783-2-2.

राष्ट्रीय सम्मेलन :

- सुरेश सी; रमेश बाबू वी. & शंकर सुब्रमणियन् एन. (26- 27 मार्च, 2018) '2007-2016 के दौरान औषधीय पौधों के अनुसंधान में भारतीय अनुसंधान-परिणामों का साइन्टोमेट्रिक विश्लेषण', सं: एस. धनवन्दन, एस. रवि, 'अभिनव पुस्तकालयाध्यक्षता : चुनौतियाँ तथा अवसर' पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की कार्यवाहियों में प्रकाशित- (पीपी.343-349) पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग और केंद्रीय पुस्तकालय, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय, तिरुवारूर, तमिलनाडु।
- कलिशदा ए.; सुरेश सी & शंकर सुब्रमणियन् एन. (26- 27 मार्च, 2018) '2007-2016 के दौरान सामुदायिक पारिस्थिकी अनुसंधान: एक बाइब्लोमेट्रिक विश्लेषण', सं: एस. धनवन्दन, एस. रवि, 'अभिनव पुस्तकालयाध्यक्षता : चुनौतियाँ तथा अवसर' पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की कार्यवाहियों में प्रकाशित- (पीपी.392-396) पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग, केंद्रीय पुस्तकालय, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय, तिरुवारूर, तमिलनाडु।

ए. उमा स्वर्ण मंजरी, व्यावसायिक सहायक:

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में आलेख :

- उमा स्वर्ण मंजरी & प्रभाकरन् टी. (2018) "पुस्तकालय विज्ञान के छात्रों और संकाय समुदाय को ओपन वेब एक्सिसिबिलिटी: एक परिदृष्टि', पि. रविचंद्रन और आर. पोन्नुदुरै द्वारा संपादित, *"रिजुवेनेटिंग लाइब्ररीज़ फॉर इनफर्मेशन एक्सिस इन द डिजिटल एरा* – अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ (पीपी.548-555), अन्नामलै नगर, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग, अन्नामलै विश्वविद्यालय, आईएसबीएन 978-81-935783-2-2.

एल. कल्पना, अर्द्ध व्यावसायिक सहायक:

जर्नल में आलेख:

- राजेश आर.; डॉ. जी. शिवसुब्रमणियन् & कल्पना, एल. (2018)- "इनफरमेशन सीकिंग बिहेवियर एमांग बीएड कॉलेज स्टूडेंट्स: ए केस स्टडी ", सूचना आंदोलन का अंतर्राष्ट्रीय शोध-जर्नल, खंड- 2, दसवाँ अंक, फरवरी 2018, (पीपी.110-112)

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन :

- कल्पना एल. & राजेश आर. (2018) 'रिसर्च आउटपुट एंड ग्रोथरेट इन डेटा मैनेजमेंट सिस्टम (1992-2016)' *"रिजुवेनेटिंग लाइब्ररीज़ फॉर इनफर्मेशन एक्सिस इन द डिजिटल एरा* – अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ, अन्नामलै नगर, अन्नामलै विश्वविद्यालय, 9-10 मार्च 2018

राष्ट्रीय सम्मेलन :

- राजेश आर. & कल्पना एल. (26- 27 मार्च, 2018) "बिब्लियोमेट्रिक स्टडी ऑफ ग्लोबल रिसर्च आउटपुट एंड ग्रोथ रेट स्टडी ऑन द सब्जेक्ट ऑफ माइक्रो एकनामिक्स (2000 - 2018)', पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग, केंद्रीय पुस्तकालय, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय, तिरुवारूर, तमिलनाडु द्वारा 'अभिनव पुस्तकालयाध्यक्षता : चुनौतियाँ तथा अवसर' पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की कार्यवाहियों में प्रकाशित- (पीपी.392-396)

आर. राजेश, पुस्तकालय सहायक :

जर्नल में आलेख:

- राजेश आर.; डॉ. जी. शिवसुब्रमणियन्, & कल्पना, एल. (2018)- "इनफरमेशन सीकिंग बिहेवियर एमांग बीएड कॉलेज स्टूडेंट्स: ए केस स्टडी", सूचना आंदोलन का अंतर्राष्ट्रीय शोध-जर्नल, खंड- 2, दसवाँ अंक, फरवरी 2018, (पीपी.110-112)
- डॉ. जी. शिवसुब्रमणियन् & राजेश. आर. (2018). "बिब्लियोमेट्रिक स्टडी ऑफ ग्लोबल रिसर्च आउटपुट एंड ग्रोथ रेट स्टडी ऑन द सब्जेक्ट ऑफ माइक्रो एकनामिक्स(1971 - 2016)" सूचना आंदोलन का अंतर्राष्ट्रीय शोध-जर्नल, खंड- 2, दसवाँ अंक, फरवरी 2018, (पीपी.113-119)
-

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन :

- कल्पना एल. & राजेश आर. (2018) 'रिसर्च आउटपुट एंड ग्रोथरेट इन डेटा मैनेजमेंट सिस्टम (1992-2016)' *"रिजुवेनेटिंग लाइब्ररीज़ फॉर इनफर्मेशन एक्सिस इन द डिजिटल एरा* – अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ, अन्नामलै नगर, अन्नामलै विश्वविद्यालय, 9-10 मार्च 2018

राष्ट्रीय सम्मेलन :


- राजेश आर. & कल्पना एल. (26- 27 मार्च, 2018) "बिब्लियोमेट्रिक स्टडी ऑफ ग्लोबल रिसर्च आउटपुट एंड ग्रोथ रेट स्टडी ऑन द सब्जेक्ट ऑफ माइक्रो एकनामिक्स (2000 - 2018)', पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग, केंद्रीय पुस्तकालय, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय, तिरुवारूर, तमिलनाडु द्वारा 'अभिनव पुस्तकालयाध्यक्षता : चुनौतियाँ तथा अवसर' पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की कार्यवाहियों में प्रकाशित- (पीपी.392-396)

पुस्तकालय कर्मचारियों के द्वारा यूजीसी-नेट / एसईटी परीक्षा में उत्तीर्णता

- आर. राजेश, पुस्तकालय सहायक, अप्रैल 2017 में तमिलनाडू एसईटी (अर्थशास्त्र) परीक्षा में उत्तीर्ण।
- आर. रेणुका देवी, पुस्तकालय सहायक, जनवरी 2018 में यू.जी.सी. नेट (पुस्तकालय विज्ञान) परीक्षा में उत्तीर्ण।


सांख्यिकी : एक परिदृष्टि

1. पुस्तकालय की सदस्यता (वर्षवार विवरण)



सदस्यता	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
छात्र	2575	2397	2144	2372	2001
शोधार्थी	295	292	313	300	144
अध्यापक	11	9	12	11	6
अन्य	164	93	96	118	263
कुल	**3045**	**2791**	**2565**	**2801**	**2177**

2. गेट परीक्षा की सांख्यिकी (संख्या के आधार पर)




गेट परीक्षा की सांख्यिकी	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
पुस्तकालय सदस्यों की संख्या	175944	173129	159313	174442	216254

3. पुस्तकालय का संग्रह :

क. **पुस्तकें - 4,97,248 (मुद्रित पुस्तकें- 2,22,342, ई- पुस्तकें – 2,74,906)**

वर्षवार जोड़ – 4875 मुद्रित पुस्तकें, 24 संयुक्त राष्ट्रसंघ की दस्तावेजें और 23,418 ई-पुस्तकें 2017-18 के दौरान जोड़ी गयी हैं।




पुस्तकें मात्र परियोनाओं के तहत खरीदी गयी हैं।

पुस्तकें (मुद्रित & इलेक्ट्रॉनिक)	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
पुस्तकें	1983*	1133*	1446*	4881	4875
सीडी	-	-	-	96	
पीएच.डी शोध-प्रबंध	-	-	-	-	-
एम.फिल. लघु शोध-प्रबंध	-	-	-	-	-

संयुक्त राष्ट्रसंघ की दस्तावेजें	3	35	552	61	24
कुल मुद्रित	**1986**	**1168**	**1998**	**5073**	**4899**
ई-पुस्तकें	14560	5611	9551	8900	23418
ई-शोध-प्रबंध	122	-	-	-	300
कुल इलेक्ट्रॉनिक	**14682**	**5611**	**9551**	**8900**	**23718**
कुल मुद्रित & इलेक्ट्रॉनिक	**16668**	**6779**	**11549**	**13973**	**28617**


*पुस्तकें मात्र परियोनाओं के तहत खरीदी गयी हैं।

ख. जर्नल– 37587 (मुद्रित– 242, पुराने अंक – 13110, इलेक्ट्रॉनिक – 24235)



जर्नल	**2013-14**	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**
मुद्रित जर्नल – राष्ट्रीय	118	101	118	107	93
मुद्रित जर्नल - अंतर्राष्ट्रीय	158	138	153	135	89
कुल	**276**	**239**	**271**	**242**	**182**
मुद्रित जर्नल – पुराने अंक	-	374	810	573	Nil
कुल मुद्रित जर्नल	**276**	**613**	**1081**	**815**	**182**
ई- जर्नल – यू.जी.सी. इन्फोनेट	-283	-	175	652	-2227
ई- जर्नल – पीयू सदस्यता	-423	212	-	2	2711
कुल ई-जर्नल	**-706**	**469**	**268**	**754**	**484**


4. जर्नल और पुस्तकों का व्यय:



व्यय (लाखों में)	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
पुस्तकें और ई- संसाधन (योजना)	नहीं	नहीं	नहीं	56.02	24.36
परियोजनाएँ और अन्य कार्यक्रम	15.38	9.99	17.63	20.08	21.67
पुस्तकें और ई- संसाधन (योजनेतर)	204.94	223.68	328.16	293.99	453.80
कुल	**220.32**	**233.67**	**345.79**	**370.09**	**499.83**


2016-17 वर्ष की योजना के दौरान रू.21.52 लाख मूल्य के ई-संसाधन और सीडी खरीदे गये थे।

5. क. परिचालन- उपयोग संबंधी सांख्यिकी :



पुस्तकों की जारी और वापसी	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
पुस्तकों की जारी	79758	64614	54802	66391	41209
पुस्तकों की वापसी	83464	59217	54864	65848	36525
कुल	**163222**	**123831**	**109666**	**132239**	**77734**


ख. **ई-संसाधन- उपयोग संबंधी सांख्यिकी :**




ई-संसाधन- उपयोग सांख्यिकी	2013	2014	2015	2016	2017
ई-शोध सिंधु: कंसोर्टियम् (इससे पहले यूजीसी- इन्फोनेट सदस्यता)	809471	734653	716803	701651	677360
विश्वविद्यालय सदस्यता	339796	385867	469917	401287	584435
कुल	**1149267**	**1120520**	**1186720**	**1102938**	**1261795**

6. अनुसंधान परिणाम : शोध-प्रकाशन (वर्षवार)

शोध प्रकाशन (2010-2017)




शोध-प्रकाशनों का साइटेशन (संचयी दिसंबर 2017 तक)



	1996	1997	1998	1999	2000	2001	2002	2003	2004	2005	2006	2007	2008	2009	2010	2011	2012	2013	2014	2015	2016	2017
Publications yearwise	1828	2514	3358	4142	5253	6821	8483	10244	12549	14025	15615	17289	19750	21585	24900	28880	32439	36320	40014	42805	44475	45164
Citations yearwise	188	227	263	313	359	433	516	595	673	749	842	927	1039	1172	1369	1663	2026	2452	2976	3518	4023	4643

शोध-प्रकाशनों का साइटेशन (वर्षवार दिसंबर 2017 तक)



	1996	1997	1998	1999	2000	2001	2002	2003	2004	2005	2006	2007	2008	2009	2010	2011	2012	2013	2014	2015	2016	2017
Publications	188	39	36	50	46	74	83	79	78	76	93	85	112	133	197	294	363	426	524	542	505	620
Citations	1828	686	844	784	1111	1568	1662	1761	2305	1476	1590	1674	2461	1835	3315	3980	3559	3881	3694	2791	1670	689

9.2 कंप्यूटर केंद्र

परिचय : कंप्यूटर केंद्र की स्थापना 1992 में हुई थी, और केंद्रीय सुविधा के रूप में, यह विश्वविद्यालय के विभिन्न निदेशकों, विध्यापीठों, विभागों, केंद्रों और प्रशासनिक अनुभागों की कंप्यूटिंग और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

कार्य समय :

सोमवार से शुक्रवार तक : सुबह 9.30 से – रात 8.30 बजे तक

छुट्टियों मे : सुबह 9.30 से – शाम 5.30 बजे तक

उद्देश्य / कार्य

1. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के माध्यम से विश्वविद्यालय के शिक्षण, अनुसंधान और अन्य संबंधित कार्यों के विकास को बढ़ावा देना।
2. विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों के लिए आईसीटी पर कार्यशालाओं / अल्पकालिक पाठ्यक्रमों का आयोजन और संचालन करना।
3. विश्वविद्यालय में अपनी गतिविधियों को कम्प्यूटरीकृत करने में विभिन्न विभागों / केंद्रों / कार्यालयों / अनुभागों की सहायता करना।
4. इंटरनेट और संबद्ध सेवाओं सहित कैंपस विस्तृत नेटवर्क की स्थापना, समन्वय, रखरखाव और प्रशासन करना।
5. विशेषज्ञता और सॉफ्टवेयर के आदान-प्रदान हेतु अन्य विश्वविद्यालयों के कंप्यूटर केंद्रों के साथ नेटवर्क बनाये रखना।
6. प्रशिक्षण प्रदान करके सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मानव संसाधनों को विकसित करना।
7. कंप्यूटर हार्डवेयर/ सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकियों और इंटरनेट प्रौद्योगिकियों में नवीनतम विकास की जानकारी रखते हुए सूचना को एकत्र करना, आवश्यक तकनीकी ज्ञान प्राप्त करके विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को प्रदान करना।

गतिविधियाँ :

i.शैक्षिक

1992 में अपनी स्थापना के समय से लेकर कंप्यूटर केंद्र के कर्मचारी पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी विद्यापीठ में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के छात्रों को नियमित कक्षाएं पढ़ा रहे हैं। यह केंद्र एम.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), एम.टेक. (नेटवर्क और इंटरनेट इंजीनियरिंग), एम.सी.ए. और एमएससी (कंप्यूटर विज्ञान) के लिए परियोजना-मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

ii.प्रशिक्षण

2006 से भारत सरकार के केंद्र श्रम मंत्रालय के सहयोग से, सीओपीए व्यापार प्रत्याशियों को एक वर्ष शिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम (पीएएसएए) का आयोजन करता आ रहा है। अब तक केंद्र ने 10 दलों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर दिया। कफ्यूटर केंद्र के द्वारा इन प्रशिक्षुओं के लिए नियमित थियोरी और फील्ड प्रशिक्षण की कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के तहत शिक्षुता प्रशिक्षण क्षेत्रीय निदेशालय (आरडीएटी), चेन्नई के निर्देश के अनुसार अखिल भारतीय व्यापार परीक्षा का आयोजन यहां किया जाता है। यह केंद्र प्लेसमेंट में पूर्व प्रशिक्षुओं की सहायता भी करता है।

iii.अनुसंधान

कंप्यूटर सेंटर द्वारा 24x7 के आधार पर प्रदान की जानेवाली कैंपस नेटवर्क, इंटरनेट, वेब, ई-मेल सेवाएँ पिछले एक दशक में विश्वविद्यालय के संकाय और विद्वानों की शोध गतिविधियों को बढ़ावा दे रही हैं। कंप्यूटर केंद्र के कर्मचारी पांडिचेरी विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी विद्यापीठ के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के साथ अनुसंधान में सक्रिय रूप से शामिल हैं और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं / सम्मेलनों में शोध पत्र प्रकाशित किए हैं।

iv.समिति-सदस्यता

मैरी स्टान्सलास अशोक, सिस्टम प्रबंधक एवं प्रमुख

i. सदस्य, आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी)

ii. सदस्य, तकनीकी समिति

iii. सदस्य, प्रवेश समिति

iv. सदस्य, आधिकारिक भाषा कार्यान्वयन समिति

v. सदस्य, छात्र अकादमिक प्रबंधन प्रणाली (एसएएस) समिति

श्री के. पलनिवेल्, सिस्टम विश्लेषक

i. सदस्य, एम.टेक/ एम.बी.ए. कार्यक्रम समिति, कंप्यूटर विज्ञान विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय

ii. अध्यक्ष, स्क्रुटिनाइजिंग समिति, स्नातक कार्यक्रम (बी.एस.सी. कंप्यूटर विज्ञान), तिरुवल्लुवर विश्वविद्यालय

iii. समन्वयक, 'कैंपस कनेक्ट' तकनीकी दल, कैंपस कनेक्ट परियोजना

श्री डबल्यू.जे. कालेशा, प्रोगामर

i. नोडल अधिकारी, केंद्रीय विश्वविद्यालय पोर्टल, (सीयूपी), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

ii. नोडल अधिकारी, केंद्रीय विश्वविद्यालय पोर्टल, (सीयूपी), मानव संसाधन विकास मंत्रालय

आधारभूत संरचना और सेवाएँ

कंप्यूटर केंद्र कलापेट में स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के साथ-साथ कारैकाल (पुदुच्चेरी से 160 किलोमीटर),पोर्ट ब्लेयर (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) के विश्वविद्यालय ऑफ कैंपस केंद्रों में और लॉसपेट (पुदुच्चेरी) तथा माहे (केरल) में उपस्थित कम्युनिटी कॉलेजों में विभिन्न सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सिस्टम / परियोजनाओं / सेवाओं / आधारभूत संरचना की स्थापना की योजना, निष्पादन और समर्थन / निगरानी की गतिविधियों में एक प्रमुख भूमिका निभाता है।

i. कैंपस नेटवर्क

विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में सभी भवन, भवनों के मध्य आप्टिक फाइबर केबल (ओएफसी) के माध्यम से, भवनों के अंदर यूटीपी केबल या वायरलेस के द्वारा कैंपस नेटवर्क के साथ संबद्ध हैं। सभी कक्षाओं के कमरे, प्रयोगशालाएँ, संकाय / अधिकारी / कर्मचारी कक्ष, कार्यालय, अनुभाग, पुस्तकालय, छात्रावास, अतिथि गृह, कर्मचारी आवास-भवन (आंशिक रूप से), कैंपस नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। वेब, ई-मेल, इंटरनेट, वॉयस, वायरलेस, बायोमेट्रिक उपस्थिति, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी, ऑनलाइन सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन, शैक्षिक सॉफ्टवेयर का एक्सिस, लाइब्रेरी के ई-संसाधन इत्यादि कई सेवाएं इस नटवर्क-प्लेट्फार्म पर प्रदान की जाती हैं। यह नेटवर्क विश्वविद्यालय के डिजिटल राजमार्ग के रूप में कार्य करता है। यह नेटवर्क सुरक्षा हेतु फोर्टिगेट यूटीएम का उपयोग करता है। अगस्त 2017 से, कोर इंट्रानेट लिंक को 1 जी से 10 जी तक अपग्रेड किया गया है।

ii. इंटरनेट लीज्ड लाइन्ज़ (आई.एल.एल.एस)

विश्वविद्यालय की अकादमिक, अनुसंधान और प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पुदुच्चेरी के विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में दो इंटरनेट लीज्ड लाइन्स (आईएलएल) की सदस्यता ली गयी है –

1) एमएचआरडी की एनएमईआईसीटी योजना के तहत राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) से 1 जीबीपीएस लिंक

2) मेसर्स भारतीय संचार निगम लिमिटेड से 100 एमबीपीएस लिंक (पहले 240 एमबीपीएस था)।

यह केंद्र, विशेष रूप से केंद्रीय पुस्तकालय, जैव सूचना विज्ञान केंद्र, मीडिया सेंटर और परीक्षा विंग के लिए आधारभूत सूचना और प्रौद्योगिकी सेवाएँ प्रदान करता है।

सर्वर स्थान सेवाएं केंद्रीय पुस्तकालय और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा जन संचार विभाग को प्रदान की जाती हैं, जहाँ उनके सर्वर सुरक्षित स्थान, निर्बाध बिजली आपूर्ति, शीतलन, इंटरनेट / इंट्रानेट कनेक्टिविटी आदि के परिचालन हेतु भौतिक रूप से कंप्यूटर सेंटर में रखे जाते है।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और जन संचार, केंद्रीय पुस्तकालय, पुदुवै वाणी (एफएम स्टेशन) और परीक्षा विंग विभाग जैसी इकाइयों के सार्वजनिक सर्वरों के लिए कंप्यूटर केंद्र द्वारा डीएनएस पंजीकरण की सुविधा प्रदान की जाती है।

कारैकाल परिसर में 24 एमबीपीएस ब्रॉडबैंड कनेक्शन- बीएसएनएल से

पोर्ट ब्लेयर परिसर में 512 केबीपीएस वीएसएटी बीएसएनएल से

पांडिचेरी विश्वविद्यालाय कम्युनिटी कॉलेज-लॉससेट परिसर में, 10 एमबीपीएस एनएमईआईसीटी के माध्यम से- बीएसएनएल से

पांडिचेरी विश्वविद्यालाय कम्युनिटी कॉलेज- माहे परिसर में, 10 एमबीपीएस एनएमईआईसीटी के माध्यम से - बीएसएनएल से

राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन)

पांडिचेरी विश्वविद्यालय देश के ऐसे बहुत कम संस्थानों में से एक है, जिसे राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) के लिए 1 जीबीपीएस की कनेक्टिविटी प्रदत्त है, जो कि देश के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को जोड़ने के लिए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना का हिस्सा है। इस नेटवर्क पर वर्तमान में 150 एमबीपीएस इंटरनेट एक्सेस सक्षम हैं। पांडिच्चेरी विश्वविद्यालाय के परिसर में इसके संचालन और रखरखाव के लिए कंप्यूटर केंद्र ही ज़िम्मेदार है।

सभी प्रदत्त ऑनलाइन जर्नलों की उपलब्धता अब इस एनकेएन नेटवर्क की प्लेटफार्म पर संभव है। इंटरनेट एक्सिस के अलावा एनकेएन, देश भर में शैक्षणिक संस्थानों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करता है।

iii. वेब और ई-मेल सेवाएँ

विश्वविद्यालय का वेब पोर्टल अपने हितधारकों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों, कार्यों और घोषणाओं (परिपत्र, सूचना इत्यादि) की जानकारी देता है। वेब पोर्टल पर प्रकाशित ई-परिपत्र, ई-मेल और अन्य सूचनाएँ विश्वविद्यालय को पर्यावरण-हित के कार्य करने, गम्यता और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ अपनी गतिविधियों में दक्षता प्राप्त करने में सहायता करती हैं।

कंप्यूटर केंद्र ने विश्वविद्यालय के शिक्षक-समुदाय, अधिकारियों और शोधार्थियों को ई-मेल की सुविधा प्रदान की। 06.06.2017 से वेब और ई-मेल सेवाओं को एनकेएन मंच पर माइग्रेट किया गया था। मेल सर्वर के रखरखाव का दायित्व राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली का है। एनआईसी, पुदुच्चेरी द्वारा आवश्यक सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। मेल खातों के निर्माण और उनके उपयोगकर्ताओं के मेल खातों के रखरखाव (डोमेन pondiuni:edu.in, bicpu.edu.in के तहत) को एनआईसी द्वारा प्रदान किए गए डैश बोर्ड के माध्यम से केंद्र द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

ई-मेल की मुख्य विशेषताएं -

• सुरक्षित मेल एक्सेस

• स्पैम मेल नियंत्रण

• 'पासवर्ड खुद-बदलें' मॉड्यूल

• servicedesk@nic.in, सर्विस डेस्क पोर्टल के माध्यम से 24x7 मेल समर्थन

• स्व-अध्ययन उपयोगकर्ता मैनुअल और दिशानिर्देश

• आईएमएपी / पीओपी के माध्यम से माइग्रेट कओल;'रने के विकल्प

• मोबाइल आधारित मेल का उपयोग बहुत सरल

iv. वीओआईपी इंटरकॉम

विश्वविद्यालय के परिसर-उपयोगकर्ताओं के लिए कैंपस नेटवर्क पर वॉयस ओवर आईपी (वीओआईपी) तकनीक का उपयोग करके इंटरकॉम की सुविधा प्रदान की जाती है जिससे पैर्लल वॉयस केबल नेटवर्क की स्थापना / रखरखाव की बचत होती है। अवया आईपी ऑफिस आर 630 सर्वर अवाया 1603 आईपी फोन 670 उपयोगकर्ताओं के लिए दिये गये हैं। यह पुराने एनालॉग तादीरान इंटरकॉम सिस्टम के साथ-साथ पुरानी अवया एसआईपी सर्वर सिस्टम के साथ एकीकृत है। लगभग 40 एनालॉग इंटरकॉम उपयोगकर्ताओं को अभी भी वीओआईपी सिस्टम में स्थानांतरित करना बाकी है और यह काम बहुत शीघ्र ही पूरा हो जायेगा। दो पीआर आई लाइन के द्वारा प्रत्यक्ष इनवर्ड डायलिंग सुविधा (डीआईडी) उपलब्ध कराया जाता है।

v. इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली

परिसर में मुख्य द्वार और प्रशासनिक भवन में सीमित इलेक्ट्रॉनिक निगरानी सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। पुस्तकालय, पुस्तकालय उपभवन और यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र के भवनों में अपनी स्वयं की निगरानी प्रणाली उपलब्ध है। छात्रावास और परिसर के अन्य हिस्सों को भी इससे जोड़ने का प्रस्ताव है।

vi. बॉयोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली

कंप्यूटर केंद्र ने विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय कम्युनिटी कॉलेज- लॉससेट, पुदुच्चेरी पर बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (बीएएस) की स्थापना और एकीकरण की सुविधा प्रदान की। वर्तमान में सभी अनुबंध कर्मचारी, आउटसोर्स श्रमिक और सुरक्षा श्रमिक बीएएस के तहत नामांकित हैं।

vii. ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

कंप्यूटर केंद्र डेडिकेटेड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली या पीसी-आधारित कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम का उपयोग करते हुए आधिकारिक बैठक, वार्षिक दीक्षांत समारोह, कार्यशाला, व्याख्यान, संगोष्ठी, भर्ती परीक्षाएँ/ साक्षात्कार इत्यादि के संचालन हेतु लाइव वेबकास्ट और ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आदि विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं का समर्थन करता है।

viii. सॉफ्टवेयर विकास / समर्थन

कंप्यूटर केंद्र अपने कम उपलब्ध मानव संसाधनों (जिसमें एक पूर्णकालिक प्रोग्रामर और अनुबंध पर दो तकनीकी कर्मचारी शामिल हैं)के ज़रिए लगातार विभिन्न कार्यों के कम्प्यूटरीकरण में विश्वविद्यालय समुदाय का समर्थन करता आ रहा है।

जानबूझकर केंद्र सभी सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों के अभिकल्प, विकास और कार्यान्वयन हेतु केवल एफओएसएस का उपयोग करता है जिससे महत्वपूर्ण पूंजी लागत, पुनरावर्ती उन्नयन और रखरखाव लागतों को बचाया जा सके। तैनात सभी एप्लिकेशन संतोषजनक ढंग से कार्य कर रहे हैं और पारदर्शिता, दक्षता, सटीकता तथा प्रशासन में सरलता लाने के संबंध में सहायक हैं।

कंप्यूटर केंद्र द्वारा किए गए सर्वोच्च प्रयासों के कारण विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर/ शोध कार्यक्रमों के लिए एंड-टू-एंड ऑनलाइन प्रवेशों को वास्तविक रूप देना संभव हो गया है। इस पहल के कारण विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त छात्रों के लिए ऑनलाइन एंड-टू-एंड छात्र अकादमिक प्रबंधन प्रणाली (एसएएस) संपन्न हो पायी जो जैव सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित की गयी है।

वर्ष 2017-18 में वित्त अनुभाग के लिए ऑनलाइन फॉर्म 16 डाउनलोड करने का नया सॉफ्टवेयर, आईक्यूएसी वेबसाइट और छात्रों द्वारा संकाय के ऑनलाइन आकलन का नया सॉफ्टवेयर विकसित / लॉन्च किया गये हैं और कंप्यूटर केंद्र द्वारा समर्थित हैं।

ix. विश्वविद्यालय प्रवेशों के लिए आनलाइन आवेदन

कंप्यूटर केंद्र ने टेस्टिंग (सीबीटी) विधियों का उपयोग करके विश्वविद्यालय की प्रवेश-परीक्षा का आयोजन करने के साथ-साथ वर्ष 2017-18 के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन के सर्वीस प्रोवाइडर के चयन में भी सहायता की है।

विश्वविद्यालय के प्रवेशों के साथ जुडी पूरी प्रक्रिया में भी इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, जैसे कि- प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदनों के डिजाइन/ परीक्षण /लॉन्च में सहायता, ऑनलाइन आवेदन शुल्क संग्रह/ निपटान, प्रवेश परीक्षा का आयोजन, परीक्षा-परिणामों का प्रकाशन, प्रवेश के लिए ऑनलाइन परामर्श, शुल्क संग्रह आदि।

विश्वविद्यालय के छात्रावास-प्रवेश भी शुल्क भुगतान सहित ऑनलाइन किया गया है।

x. कैंपस कनेक्ट परियोजना का कार्यान्वयन

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय ऐसे केंद्रीय विश्वविद्यालयों में से एक है, जहाँ मानव संसाधन विकास मंत्रालय की 'कैंपस कनेक्ट परियोजना' सफलतापूर्वक कार्यान्वित की जा रही है। सितंबर 2017 तक संपन्न परियोजना के पहले चरण में 62 भवनों को वायरलेस की कनेक्टिविटी दी गयी। इसके तहत वायरलेस एक्सेस कंट्रोलर के साथ लगभग 420 वायरलेस एक्सेस पॉइंट्स स्थापित/ इंस्टॉल किए गए हैं और उपयोगकर्ताओं ने एक्सेस के लिए नामांकित किया था।

छुटे हुए / नये भवनों को जोड़ने का कार्य अभी प्रगति पर है और यथा शीघ्र पूरा होने की संभावना है। इस चरण के तहत, छुटे हुए /नये भवनों के भीतर ओएफसी कनेक्टिविटी और संरचित डेटा कैबलिंग को अतिरिक्तताओं सहित स्थापित किया जाएगा। कोर और वितरण स्तर पर वर्तमान 1जी से 10जी - 40जी तक नेटवर्क के प्रदर्शन स्तर को बढ़ाने हेतु नये कोर स्विच (2), वितरण स्विच (6) और एक्सेस स्विच (145) प्रदान/स्थापित किए जाने हैं।

सर्वोत्तम प्रथाएँ :

i. एफओएसएस और लाइसेंस प्राप्त सॉफ्टवेयर का प्रचार

कंप्यूटर केंद्र हमेशा जहां भी आवश्यक हो, केवल लाइसेंस प्राप्त सॉफ़्टवेयर के उपयोग को बढ़ावा देता है और साथ ही विश्वविद्यालय में मुफ़्त और ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (एफओएसएस) के उपयोग को प्रोत्साहित करता है। माइक्रोसॉफ्ट कैंपस समझौते के तहत माइक्रोसॉफ्ट उत्पाद- जैसे डेस्कटॉप/ लैपटॉप / सर्वर आदि के लिए माइक्रोसाफ़्ट ऑपरेटिंग सिस्टम और एमएस ऑफिस के लाइसेंस प्राप्त उपयोग शामिल हैं। एसपीएसएस, सिस्टैट, क्वालकॉम सिम्युलेटर इत्यादि विशेष शैक्षणिक सॉफ्टवेयर को आवश्यकताओं के अनुरूप अनुशंसित और खरीद किया जाता है।

ऑपरेटिंग सिस्टम और एप्लिकेशन की आवश्यकताओं के लिए परिसर में एफओएसएस के उपयोग का जोरदार ढंग से बढ़ावा दिया जाता है। कई सौ पीसी लिनक्स ओएस पर चलते हैं और सर्वर -वेब, मेल, एलडीएपी, आदि एफओएसएस ऑपरेटिंग सिस्टम और टूल्स पर चलते हैं।

- अपाचे वेब सर्वर सेंट ओएस के साथ
- पोस्टफिक्स ई-मेल सॉफ्टवेयर सेंट ओएस के साथ
- एलडीएपी प्रमाणीकरण सेंट ओएस के साथ

- स्क्विड प्रॉक्सी सॉफ्टवेयर सेंट ओएस के साथ
- मूडल ई-लर्निंग सॉफ्टवेयर सेंट ओएस के साथ
- पीआरटीजी फ्रीवेयर
- ए-व्यू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपकरण - फ्रीवेयर
- एस ए एन (लिनक्स आधारित)
- डीएचसीपी (विंडोज़)
- छात्रों को दोनों प्लेटफार्मों में काम करने का विकल्प देने हेतु प्रयोगशाला में सारे सिस्टम पर दोहरी मोड ओएस उपलब्ध है।

ii. हरित आचरण और ई-गवर्नेन्स

कंप्यूटर केंद्र ने स्वचालन/ कम्प्यूटरीकरण/ई-गवर्नेंस के प्रचार के माध्यम से विश्वविद्यालय समुदाय में कागज रहित कार्य करने की संस्कृति लाने के लिए पहल की है।

- ई-परिपत्रों के परिचय के कारण सालाना 8 लाख से अधिक कागज की बचत
- ऑनलाइन फॉर्म 16 डाउनलोड का परिचय
- छात्रों द्वारा संकाय के ऑनलाइन आकलन की पहल से सालाना 26,000 सेट आकलन फॉर्म (प्रत्येक 4 शीट) की बचत हुई।
- ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के उपक्रम से लगभग 40,000 उत्तर पुस्तिकाओं तथा ऑनलाइन आवेदन से लगभग 40,000 सेट की विवरण पुस्तिकाओं (120 पृष्ट) व आवेदन पत्रों (2 शीट + अनुबंध 10 शीट) की बचत होती है।
- संकाय के लिए ऑनलाइन अवकाश प्रबंधन प्रणाली का परिचय कागज के कई हजार पृष्टों की बचत करता है और अवकाश निगरानी कार्य को सरल कर देता है।
- ऑनलाइन शुल्क भुगतान की पहल के द्वारा भुगतान किए गए शुल्क की त्वरित जानकारी होगी और स्वीकृत शुल्क की त्वरित सुलह के साथ-साथ संबंधित कागजात (चालान/ चेक/ मांग ड्राफ्ट) की बचत भी होती है।

iii. सोशल मीडिया का उपयोग

कुलपति महोदय का विचार है कि विश्वविद्यालय के विकास और लाभ हेतु सोशल मीडिया का जहाँ तक हो सके अधिक उपयोग किया जाये। उनके विजन के अनुसार ही कंप्यूटर केंद्र ने जनवरी 2018 से दो ट्विटर खातें

PondicherryUniversityVC और *GurmeetSinghVC* नामों से खोलकर उनका संचालन आरंभ कर दिया। इन ट्विटर खातों के लिए अच्छी खासी प्रतिक्रिया और फालोइंग प्राप्त हुए। इधर फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया नेटवर्क का कार्य भी निर्माण की दिशा में है।

कंप्यूटर केंद्र के सिस्टम मैनेजर और प्रमुख ने 10 अप्रैल 2018 को नई दिल्ली में मानव विकास संसाधन मंत्रालय के द्वारा आयोजित "सोशल मीडिया-उपयोग और प्रभाव" पर एक कार्यशाला में भाग लिया।

9.3 केंद्रीय इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा

अधिकारियों के नाम और पदनाम

1. प्रोफेसर बालमणिमारन् आचार्य & केंद्र के अध्यक्ष
2. ईआर. एस. रामस्वामी, तकनीकी आफीसर ग्रेड-1 (एस.जि.)
3. ईआर. पि. तिल्लैमणि, तकनीकी आफीसर ग्रेड-1 (एस.जि.)

परिचय

विज्ञान स्कूलों के शिक्षण और शोध में उत्कृष्टता के लिए अत्याधुनिक परिष्कृत उपकरणों, विभिन्न कार्यशालाओं और समर्थन-सुविधाओं की आवश्यकता होती है। ये उपकरण और सुविधाएं मूलभूत और अनुप्रयुक्त विज्ञान में विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धी अनुसंधान एवं विकास करने में संकाय, शोधार्थियों और छात्रों की सहायता करती हैं। चूंकि शोधकर्ता वैयक्तिक तौर पर शोध उपकरणों के लिए भारी शोध-निधि लाने में सक्षम नहीं हो सकते हैं, कुछ वर्ष पहले अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने हेतु सहयोग के आधार पर संसाधनों को समृद्ध करने के लक्ष्य के साथ निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में केन्द्रीय इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा (सीआईएफ) का आरंभ किया गया था-

1. एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के विज्ञान-विषयों में उच्च अनुसंधान के लिए तकनीकी आधारभूत संरचना को मजबूत बनाना और अकादमिक विद्यालयों और विभागों में सेवाएँ उपलब्ध कराना।
2. परिष्कृत उपकरणों के संचालन और रखरखाव में डेटा और प्रशिक्षित कर्मियों के अधिग्रहण में मार्गदर्शन देना।
3. इस क्षेत्र में हमारे विश्वविद्यालय तथा उससे संबद्ध संस्थानों, अन्य विश्वविद्यालयों और उद्योगों के छात्रों, शिक्षकों और तकनीकी कर्मियों के लिए विभिन्न स्पेक्ट्रोस्कोपिक और विश्लेषणात्मक तकनीकों के उपयोग और अनुप्रयोग पर अल्पकालिक पाठ्यक्रम/कार्यशालाओं का आयोजन करना।

इसे यूजीसी के समर्थन से वर्ष1992 में यूनिवर्सिटी साइंस इंस्ट्रुमेंटेशन सेंटर (यूएसआईसी) के रूप में स्थापित किया गया था। वर्ष 1997 में, एक केंद्र के रूप में इसे विश्वविद्यालय द्वारा अवशोषित किया गया था। वर्ष 2006 में, यूएसआईसी का नाम केंद्रीय इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा (सीआईएफ) के रूप में परिवर्तित किया गया था और भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान के विद्यापीठों से जोडा गया था। यह प्रबंधन सलाहकार समिति द्वारा शासित है जिसके अध्यक्ष कुलपति हैं, सभी विज्ञान विद्यापीठाध्यक्ष, सभी विज्ञान विषयों के विभागाध्यक्ष, बाहरी विशेषज्ञ सदस्य हैं तथा केंद्र प्रमुख सदस्य-सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए आवश्यक वैज्ञानिक अभिकल्पों के लिए प्रमुख वैज्ञानिक उपकरणों और यांत्रिकी निर्माण कार्यों की इलेक्ट्रॉनिक सेवा आवश्यकताओं की पूर्ति केंद्रीय इंस्ट्रुमेंटेशन सुविधा द्वारा की जाती है।

सुविधा-केंद्र में उपलब्ध परिष्कृत विश्लेषणात्मक उपकरण :

केंद्र में कई मूल्यवान परिष्कृत उपकरण उपलब्ध हैं, जैसे- वाइब्रेटिंग नमूना मुंबकत्व मापी , प्रकाशमापी यूवी-वीआईएस-एनआईआर, मिड-आईआर और फार आईआर, स्पेक्ट्रोफ्लोरिमीटर, स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप, वेव लेंग्त डिस्पेर्सिव एक्स-रे फ्लोरोसेंस वर्णक्रममापी, ब्रॉडबैंड डिलेक्ट्रिक वर्णक्रम मापी, थर्मल विश्लेषण उपकरण , परमाणु चुंबकीय रिसोनेन्स वर्णक्रममापी, इलेक्ट्रॉन प्रोब माइक्रो विश्लेषक, जेटा साइज़र और भूतल क्षेत्र विश्लेषक, माइक्रोस्कोप के साथ संबद्ध लेजर कॉन्फोकल रामन वर्णक्रममापी, उच्च स्तरीय थिन लेयर क्रोमैटोग्राफ, सर्कुलर डिक्रोइज्म वर्णक्रममापी, फेमटो द्वितीय (अल्ट्रा-फास्ट) लेजर सिस्टम, भौतिक गुण-मापन प्रणाली, फास्ट प्रोटीन लिक्विड क्रोमैटोग्राफ, सेमी मैक्रो एलिमेंटल (सीएचएनएस) विश्लेषक, आयन क्रोमैटोग्राफ, फ्लोरोसेंस असिस्टेड सेल सॉर्टर और हाई रेजेल्युशन ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (एचआरटीईएम) इत्यादि।

सुविधा-केंद्र में नमूने के उप-सूक्ष्म और नैनो कणों की तैयारी के लिए प्लेनेटरी माइक्रोमिल है और नमूने पर विकिरण एक्सपोजर के प्रभाव के अध्ययन हेतु गामा विकिरण स्रोत भी उपलब्ध है। विश्वविद्यालय के सभी विज्ञान विभागों ने अपने शिक्षण और अनुसंधान की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में विश्लेषणात्मक सुविधा का उपयोग किया है। विश्वविद्यालय से संबद्ध और गैर-संबद्ध, दोनों पार्श्ववर्ती शैक्षणिक संस्थानों ने व्यापक रूप से सुविधा-केंद्र का उपयोग किया है। इस क्षेत्र के अन्य विश्वविद्यालयों और अन्ना विश्वविद्यालय, आईआईटी-एम, आईआईएससी, बीएआरसी, सीएसआईआर-चेन्नै इत्यादि प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों ने भी अपने नमूनों का विश्लेषण करने में सुविधा-केंद्र का उपयोग किया है।

आयोजित कार्यक्रम

विश्वविद्यालय से संबद्ध और गैर-संबद्ध संस्थानों द्वारा शैक्षिक यात्राओं को पर्याप्त प्रोत्साहन दिया गया। शैक्षणिक यात्राओं के दौरान इन शैक्षणिक संस्थानों के कई छात्र/शोधार्थी और संकाय-सदस्य भी विश्लेषणात्मक उपकरणों के कामकाज के प्रदर्शन में भाग लेकर लाभान्वित हुए।

विज्ञान दिवस समारोह के उपलक्ष्य में, सीआईएफ ने 28 फरवरी, 2018 को विद्यालय और महाविद्यालय के छात्रों के लिए वैज्ञानिक उपकरणों का प्रदर्शन आयोजित किया।

22 और 23 मार्च, 2018 को एक्सपीएस और एचआरटीईएम इंस्ट्रुमेंटेशन और विश्लेषण तकनीकों पर एक परिचयात्मक संगोष्ठी का आयोजन डीएसटी-पीयूआरएसटी कार्यक्रम के साथ संयुक्त रूप से दो दिन के लिए आयोजित किया गया।

अन्य सूचना

2017-18 (1.4.2017 से 31.03.18) की अवधि के दौरान केन्द्रीय इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा में विश्लेषित किए गए नमूनों की संख्या नीचे दी गई तालिका में दिखायी गयी है:

क्र.सं.	उपकरण का नाम	आंतरिक	बाहरी	कुल
1	स्कैनिंग इलेक्ट्रॉनिक माइक्रोस्कोप	1044	10	1054
2	फारियर ट्रांसफार्म इन्फ्रारेड वर्णक्रम मापी	1503	125	1628
3	स्पेक्ट्रोफ्लोरि मीटर	1409	514	1923
4	परमाणु चुंबकीय रिसोनेन्स वर्णक्रम मापी	6505	68	6573
5	थर्मल विश्लेषक (एसडीटी)	182	20	202
6	थर्मल विश्लेषक (डीएससी)	248	9	257
7	ब्रॉडबैंड डिलेक्ट्रिक वर्णक्रम मापी	54		54
8	हाई पेरफारमेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी	101		101
9	पार्टिकिल साइज विश्लेषक	323	11	334
10	भूतल क्षेत्र विश्लेषक	16		16
11	माइक्रोस्कोप के साथ संबद्ध लेजर कॉन्फोकल रामन वर्णक्रम मापी	2952	257	3209

12	सर्कुलर डिक्रोइज्म वर्णक्रममापी	185		185
13	उच्च स्तरीय थिन लेयर क्रोमैटोग्राफी	166		166
14	भौतिक गुण-मापन प्रणाली	25		25
15	फास्ट प्रोटीन लिक्विड क्रोमैटोग्राफी	3		3
16	यूवी-वीआईएस-एनआईआर वर्णक्रम मापी	3340	400	3740
17	सेमी मैक्रो मौलिक विश्लेषक	688	1	689
18	अयान क्रोमोटोग्राफी प्रणाली	1729		1729
19	हाई रेसेल्योशन ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप	47		47
20	प्लेनेटरी माइक्रो मिल	48		48
21	गामा चैंबर	290	15	305

ध्यानार्थ :

(i) वीएसएम, डब्ल्यूडी-एक्सआरएफ, ईपीएमए और यूएफएलएस अवधि के दौरान भंग/रखरखाव सेवा की स्थिति के तहत हैं।

(ii) एफएसीएस ने अभी परीक्षण और टेस्ट/अंशांकन परिचालन शुरू कर दिए हैं।

9.4 स्वास्थ्य केंद्र

विश्वविद्यालय औषधालय ने अगस्त 1989 से विश्वविद्यालय के छात्रों, कर्मचारियों और उनके आश्रितों को चिकित्सा कवर देने का काम करना आरंभ किया। यह शिक्षक-गैर शिक्षक कर्मचारियों, उनके आश्रितों और छात्रों को चिकित्सा संबंधी सहायता कर रहा है।

इन-पेशेंट की सुविधा के साथ और विश्वविद्यालय के कर्मचारी-गण, उनके आश्रितों और छात्रों को स्वास्थ्य-परीक्षण और रेडियोलॉजी सुविधा प्रदान करने के विचार से विश्वविद्यालय औषधालय को दिसंबर 2002 से स्वास्थ्य-केंद्र के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र निम्नलिखित कर्मचारियों के साथ सप्ताह में सभी दिनों में सुबह 9.30 बजे से शाम 5.30 तक काम कर रहा है।

स्वास्थ्य केंद्र आवासीय क्षेत्रों और अस्पताल के पास स्थित है। यहाँ सभी आउट-पेशेंट को चिकित्सा दी जाती है। इंजेक्शन, ड्रेसिंग और मामूली सर्जिकल प्रक्रिया के बाद चिकित्सा की परीक्षाएँ भी यहां की जाती हैं। आवश्यक औषधियाँ निःशुल्क जारी की जाती हैं।

स्वास्थ्य केंद्र सभी प्रकार की आपातकालीन दवाओं और इंजेक्शन से लैस है। आपातकालीन मामलों में प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने के बाद सरकारी अस्पताल या जेआईपीएमईआर को आगे के उपचार और प्रबंधन के लिए भेजा जाता है। इन-पेशेंट के लिए, बडी शल्य चिकित्सा के दौरन, विशेषज्ञ राय के लिए रोगियों को सरकारी अस्पताल, प्रसूति अस्पताल, जेआईपीएमईआर, पांडिचेरी को संदर्भित किया जाता है। आवश्यक प्रयोगशाला जांच उन्हें सरकारी अस्पताल या निजी प्रयोगशालाओं में संदर्भित करके किया जाता है और मामलों का पालन विश्वविद्यालय चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया जाता है।

विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की चिकित्सा-परीक्षा उनकी नियुक्ति के समय पर विश्वविद्यालय चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जाती है और जब कभी भी आवश्यक हो, छात्रों की चिकित्सा-परीक्षा भी यहाँ की जाती है। आमतौर पर सरकारी क्षेत्र की कंपनियों से ही खरीदी जाती हैं और जो दवाएँ सरकारी क्षेत्र में उपलब्ध नहीं हैं, उनकी प्राप्ति खरीद और स्टोर अनुभाग के माध्यम से समीकरणों को बुलाकर निजी क्षेत्र से की जाती हैं।

4 सितंबर 2006 से, विश्वविद्यालय प्राधिकरण ने पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय, पुदुच्चेरी के स्वास्थ्य केंद्र में पांडिच्चेरी चिकित्सीय विज्ञान संस्थान (पांडिच्चेरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज -पीआईएमएस) की स्थापना की है। यह एक निजी संस्थान है जो छात्रों, कर्मचारियों और उनके आश्रितों को हर समय चिकित्सा संबंधी सेवाएँ उपलब्ध कराता है। केंद्र में प्रयोगशाला- सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। यहाँ उपस्थित रोगियों को विश्वविद्यालय प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार सुबह 9.30 बजे से शाम के 5.30 तक स्वास्थ्य केंद्र, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय, पुदुच्चेरी से मुफ्त दवाओं का प्रावधान भी है।

26/04/2017 से सिद्ध क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (एसआरआरआई) द्वारा एक सिद्ध चिकित्सा सेवा इकाई की सेवाएँ पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में आरंभ की गयी हैं। यह हर गुरुवार को

सुबह 1.30 बजे से शाम के 4.30 बजे तक कार्यरत है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी: डॉ. (श्रीमती) शीला दास

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी: डॉ. एस. महालक्ष्मी

पैरामेडिकल कर्मचारी :

स्टाफ नर्स	:	2
फार्मासिस्ट	:	1
जूनियर सहायक	:	1
कार्यालय उपस्थिति	:	2

उपचार की सांख्यिकी

आउट-पेशेंट की कुल संख्या	:	12,839 + पीआईएमएस स्वास्थ्य केंद्र

इंजेक्शन की कुल संख्या : 1454

ड्रेसिंग की कुल संख्या : 2106

कुल आपातकाल केस : 149

जांच के लिए भेजे गये रोगियों की कुल संख्या: 2614

9.5 कैंटीन

संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों के लिए परिसर के भीतर 24 घंटे फास्ट फूड सेंटर के साथ तीन कैंटीन काम कर रहे हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि कैंटीन प्रबंधन स्वच्छता के उच्च प्रमाण बनाए रखें और गुणवत्ता से युक्त स्वादिष्ट भोजन दें।

9.6 अन्य सुविधाएँ

ए टु जेड स्टोर और ड्राई क्लीनिंग की दुकान

संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों के लिए परिसर में ए टु जेड स्टोर और एक ड्राई क्लीनिंग की दुकान भी हैं।

डाक घर

बचत बैंक सुविधा सहित सभी डाक सेवाओं की सुविधाओं से युक्त एक उप-डाकघर भी परिसर में उपलब्ध है। विश्वविद्यालय प्रशासन, छात्र और कर्मचारियों की सामान्य डाक सेवाओं के अलावा दूरस्थ शिक्षा निदेशालय से संबंधित विशाल डाक लेनदेन को संभालने में यह उप डाकघर व्यस्त है।

बैंक

विश्वविद्यालय परिसर में सभी मूल्यवर्धित सुविधाओं और सेवाओं सहित इंडियन बैंक एक शाखा का संचालन एटीएम की सुविधा के साथ कर रहा है।

9.7 परिवहन

विश्वविद्यालय परिसर से दूर पांडिच्चेरी शहर और कुछ दूरवाले क्षेत्रों के कर्मचारियों और छात्रों के लिए विश्वविद्यालय के द्वारा परिवहन की सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। यात्रा में सरलता और आराम के कारण अधिकांश छात्र, संकाय और गैर-शिक्षण कर्मचारी विश्वविद्यालय की बस से ही यात्रा करना पसंद करते हैं। कर्मचारियों से बहुत ही साधारण बस-किराया वसूल किया जाता है, जबकि छात्रों के लिए बस की सुविधा बिलकुल मुफ़्त है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय परिसर के अंदर स्थित केन्द्रीय विद्यालय स्कूल के छात्रों और शिक्षकों को शहर और परिसर के बीच यात्रा करने के लिए विश्वविद्यालय की बसें चलायी जाती हैं। परिसर के भीतर घूमने के लिए क्वार्टर के निवासियों और छात्रावास निवासियों के लिए बैटरी कारों का (प्रदूषण मुक्त)

उपयोग किया जाता है। संकाय/ कर्मचारी / परिसर के भीतर रहनेवाले छात्रों के चलने हेतु, बसें परिसर के सभी स्थानों को मिलाते हुए हर घंटे में एक बार घूमती हैं। दोपहर के भोजन के दौरान, कैंपस यात्रा की आवृत्ति 15 मिनट में एक बार बढ़ जाती है।

छात्रों के लिए : 10

कर्मचारियों के लिए : 5

9.8 विश्वविद्यालय अतिथि-गृह

सामान्य सुविधाएँ

- 360 बैठने की क्षमता से लैस वातानुकूलित और पूरी तरह सुसज्जित सभागार।
- 80 बैठने की क्षमता से दो वातानुकूलित हॉल।
- 20 पूरी तरह सुसज्जित वातानुकूलित डबल बेड वाले कमरे।
- 04 पूरी तरह सुसज्जित वातानुकूलित सूट।
- 50 बैठने की क्षमता के वातानुकूलित भोजनालय

गति-विधियाँ :

- पूर्णतया तैयार रसोईघर का काम आरंभ हो गया है। (नाश्ता, दोपहर रात का भोजन अतिथि गृह की रसोई में तैयार किया जाता है और मेहमानों को परोसा जाता है)।
- सम्मेलन सह सांस्कृतिक परिसर में अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ/सम्मेलन/ कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं।
- कमरों में ठहरे अतिथियों के लिए शेविंग किट, डेंटल किट, कंघी, 'फॉर युवर केर किट', साबुन, मॉइश्चराइजर, शैम्पू, टैल्कम पाउडर, नारियल तेल, शौचालय रोल और बाथरूम चप्पल जैसी सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं।
- अतिथियों की देख-भाल हेतु 24 घंटे कार्मिक उपलब्ध हैं।
- सभी कमरों में डीटीएच सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं।
- अथिथि गृह में 100% पावर बैक अप की सुविधा उपलब्ध है।
- अतिथियों के द्वारा उच्चतम रखरखाव, स्वच्छता व सेवा के लिए कुलमिलाकर अच्छी प्रशंसा प्राप्त की गयी है।

9.9 विश्वविद्यालय-प्रकाशन :

विश्वविद्यालय नियमित रूप से (1) सूचना विवरणिका (2) समाचार पुस्तिका (3) वार्षिक प्रतिवेदन और (4) वार्षिक लेखा प्रकाशित करता है । इनके अलावा, संकाय सदस्यों द्वारा लिखित जर्नल / पुस्तकों का भी प्रकाशन विश्वविद्यालय के द्वारा किया जाता है।

9.10 सहकारी स्टोर :

छात्रों के लिए, विशेष रूप से छात्रावास के छात्रों और कैंपस में रहने वाले कर्मचारियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक सहकारी स्टोर काम कर रहा है।

9.11 स्कूल

विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, संकाय और पार्श्ववर्ती जनों की संतान की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 22.07.1996 से परिसर में केन्द्रीय विद्यालय -II की स्थापना की गयी है और यहाँ प्रथम से लेकर दसवीं कक्षा तक पढ़ाया जाता है।

अध्याय-10

विश्वविद्यालय वित्त

लेखा और लेखा परीक्षा प्रणाली

विश्वविद्यालय के खातों का परिपालन निम्नलिखित चार भागों के अंतर्गत किया जाता है-

भाग- I	**रखरखाव अनुदान (वार्षिक आबंटन)**	विश्वविद्यालय और राजस्व प्राप्तियों के रखरखाव-व्यय के साथ संबंधित है।
भाग- II	**सामान्य विकास अनुदान (योजना)**	योजना अवधि और तत्संबंधी प्राप्तियों के लिए यूजीसी द्वारा जारी किए गए योजना प्रावधान के द्वारा संपन्न विकास गतिविधियों के व्यय से संबंधित है।
भाग-III	**उद्दिष्ट विशेष निधि (ई.एम.एस.एफ.)**	अनुसंधान, सम्मेलन, संगोष्ठियों का आयोजन, शोध-छात्रों को छात्रवृत्ति का वितरण जैसे विशिष्ट उद्देश्यों के लिए भारत सरकार, यूजीसी और डी.एस.टी, सी.एस.आई.आर, डी.बी.टी. जैसी विभिन्न एजेंसियों के अनुदानों से संबंधित है।
भाग-IV	**ऋण और जमा, जी.पी.एफ., सी.पी.एफ. और विश्वविद्यालय निधि**	सामान्य भविष्य निधि, योगदान भविष्य निधि, हाउस बिल्डिंग अग्रिम, मोटर कार अग्रिम, यूडीएफ इत्यादि प्रकारों की निधियों की प्राप्तियों और व्यय के साथ संबंधित है।

विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष सरकार के अनुरूप यानी वर्ष के 1 अप्रैल से अगले वर्ष 31 मार्च तक है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय/यू.जी.सी. द्वारा प्रस्तुत किए गए वार्षिक खातों के नए प्रारूप के अनुसार विश्वविद्यालय के वार्षिक खातों को एकत्रित आधार पर तैयार किया जा रहा है और संकलित खाते भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा लेखा परीक्षा के अधीन हैं, जो कि लेखा परीक्षा प्रधान निदेशक (केंद्रीय)), तमिलनाडु और पांडिच्चेरी के द्वारा प्रतिनिधित्व किये जाते हैं। अलग लेखापरीक्षा रिपोर्ट के साथ लेखापरीक्षित लेखा अगले वर्ष 31 दिसंबर तक संसद के समक्ष रखा जाता है।

भाग-I रखरखाव अनुदान (वार्षिक आबंटन)

वर्ष 2017-2018 के दौरान इस खाते के तहत प्राप्तियाँ निम्नानुसार हैं :-

क्र.सं.	**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्राप्त अनुदान**	**(रू. लाखों में)**
i.	रखरखाव अनुदान (17-18)	**17328.67**
ii.	छात्रों से प्राप्त शुल्क	**1925.87**
iii.	भवन और अन्य संपत्तियों से आय	**83.92**
iv	विविध आय	**261.28**
	कुल	**19599.74**

व्यय (रखरखाव खाता) वर्ष 2017-2018 के दौरान मोटे तौर पर व्यय का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.सं.	विभाग/ विद्यापीठ/ केंद्र का नाम	रू.लाखों में
क	**वेतन :**	
	(क)प्रशासनिक विभाग	1834.14
	(ख) शैक्षिक विभाग	5697.77
	कुल (क)	**7531.91**
ख	**अन्य घटक कुल (ख)**	**1382.41**
ग	**पेंशन कुल (ग)**	**803.22**
घ	**गैर-नेट अध्येता वृत्ति कुल (घ)**	**439.10**
ङ	**गैर-वेतन**	
	(i) शैक्षिक व्यय	
1	प्रयोगशालाएँ चलाने संबंधी व्यय	81.01
2	छात्रों का फील्ड वर्क	4.88
3	विभागीय व्याख्यान	13.84
4	हिंदी दिवस का आयोजन	0.91
5	संस्कृत दिवस का आयोजन	0.40
6	संगोष्ठियाँ/ कार्यशालाएँ	3.72
7	यात्रा/ फील्ड	1.60
8	तरल नाइट्रोजन सुविधा	16.20
9	परीक्षकों/ प्रश्नपत्र निर्माताओं को पारिश्रामिक का भुगतान	451.11
10	परीक्षकों/ प्रश्नपत्र निर्माताओं को यात्रा भत्ता/ महंगाई भत्ता	89.43
11	परीक्षाओं का संचालन/ केंद्रीय मूल्यांकन	174.07
12	उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण/ कवरों का क्रय	70.59
13	प्रश्न पत्रों का मुद्रण	84.24
14	पाठ्यक्रम फॉर्म और रजिस्टरों का मुद्रण	11.49
15	डाक-व्यय और टेलीग्राम (परीक्षा विंग)	39.60
16	सी.बी.सी.एस. परीक्षा का संचालन	50.24
17	स्टेशनरी और उपभोज्य वस्तुएँ (परीक्षा विंग)	6.27
18	परीक्षा विंग का स्वचालन प्रभार	6.13
19	प्रवेश परीक्षा का संचालन	82.68
20	दीक्षांत समारोह का आयोजन	8.74
21	पशु गृह (आवर्ती)	2.18
22	पशु गृह (गैर-आवर्ती)	0.46
23	अंतर विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय खेल-प्रतियोगिताएँ (यात्रा भत्ता/ महँगाई भत्ता आदि)	5.00
24	उत्पादन व्यय	0.93
	कुल (i)	**1205.72**
	(ii) प्रशासन & सामान्य व्यय	
1	विद्युत प्रभार	506.76
2	पुस्तकालय/ प्रयोगशाला/ विश्वविद्यालय कार्यालयों के लिए बीमा	5.50
3	भवन के किराये	36.95

4	डाक-व्यय	5.48
5	टेलिफोन प्रभार	30.73
6	इंटरनेट सेवा प्रभार	37.59
7	स्वचालन (परिसर नेटवर्किंग)	8.50
8	फॉर्म और रजिस्टरों का मुद्रण	16.15
9	लेखा सामग्री की खरीदी	7.25
10	विश्वविद्यालय कर्मचारियों/ संकाय का यात्रा भत्ता/ महँगाई भत्ता	29.33
11	ई.सी./ ए.सी./ एफ.सी/ योजना बोर्ड सदस्यों का यात्रा भत्ता	16.66
12	चयन समिति/ पाठ्यनिर्माण समिति/ बी.एल.जी. समिति के सदस्यों का यात्रा भत्ता	35.95
13	सदस्यता/ पंजीकरण शुल्क और यात्रा के व्यय (भारत में)	9.16
14	आतिथ्य व्यय	7.20
15	कानूनी व्यय	42.90
16	विज्ञापन	138.04
17	अनुबंध सेक्यूरिटी	305.67
18	कंप्यूटर संबंधी उपभोज्य वस्तुएँ	34.28
19	आकस्मिक व्यय	96.81
20	समयोपरि भत्ते	13.52
21	कर्मचारियों को मानदेय/ पारिश्रामिक	10.07
22	कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण	3.68
23	वर्दी और यूनिफॉर्म	0.10
24	दैनिक मजदूरी (अंशकालिक)	216.41
25	दैनिक मजदूरी और एन.एम.आर. वेतन	0
26	'अर्न व्हाइल यू लेर्न'	0.40
27	दवाइयों की लागत	33.29
28	स्नातकोत्तर योग्यता छात्रवृत्ति & साधन	99.69
	कुल (ii)	**1748.07**
	(iii) यातायात संबंधी व्यय	
1	कर्मचारी कार- रखरखाव	14.90
2	भारी वाहनों का रखरखाव	14.26
3	बीमा (वाहन)	1.67
4	वाहनों का किराया	57.03
5	आकस्मिक व्यय	0
	कुल (iii)	**87.86**
	(iv) मरम्मत और रखरखाव व्यय	
1	संपदा का रखरखाव	57.84
2	लघु और बृहद निर्माण कार्य (सिविल)	5.99
3	चालू वाटर पंपों का रखरखाव	0
4	कर्मचारी आवास गृह/ छात्रावासों का रखरखाव	12.92
5	लघु और बृहद कार्य (विद्युत)	59.76
6	उपकरणों का रखरखाव	269.12
7	उद्यान का वार्षिक रखरखाव	94.32

8	सफाई सामग्री और सेवाएं	114.44
9	झाडियों और पेडों की सफाई व कटाई	0.53
	कुल (iv)	**614.92**
	(v) अचल परिसंपत्तियाँ और अन्य व्यय	
1	फर्नीचर	2.32
2	उपकरण	8.00
3	कंप्यूटर	0
4	साफ्ट्वेयर	0
5	प्री-पेयड बीमा	2.12
	जर्नल का नवीनीकरण	
6	ई-जर्नल	65.24
7	पुस्तकें & जर्नल	41.90
	कुल (v)	**119.58**
	कुल (ङ)	**3776.16**
	न्यून	
(ङ)	अस्थाई अग्रिम वापसी	**5.02**
	कुल (च)	**5.02**
	कुल >>> (ङ) - (च)	**3771.14**
	कुल योग >>> (क) + (ख) + (ग) + (घ)+ (ङ)- (च)	**13927.78**

योजनेतर रखरखाव अनुदान - संपूर्ण व्यय (लाखों में)

1.	वेतन	7531.91	
2.	अन्य उपकरण	1382.41	
3.	पेंशन	803.22	
4.	अन्य प्रभार	3771.14	
5.	गैर-नेट अध्येता वृत्ति		439.10
6.	पूँजीगत परिसंपत्तियाँ	174.06	

	कुल	**14101.84**	

भाग-II - सामान्य विकास स्कीम (योजना)

प्राप्तियाँ (लाखों में)

XII वीं योजना सामान्य विकास स्कीम	2782.83
विशिष्ट योजना स्कीम	167.92
निवेश पर ब्याज	132.64
अग्रिम समायोजन	6.00
कुल	**3089.39**

वर्ष 2017-2018 के लिए मद वार व्यय निम्नानुसार हैं-

क	**XII वीं योजना के सामान्य विकास स्कीम**	**राशि (रू. लाखों में)**
	भवन	830.77
	वार्षिक आवंटन में अंतरण	1970.29

	कुल-क	**2801.06**
ख	सावधि जमा ब्याज	**339.30**
ग	**विशिष्ट योजना स्कीम & अन्य**	**721.27**
	कुल योग (क+ ख+ ग)	**3861.63**

भाग-III - उद्दिष्ट विशेष निधि (ई.एम.एस.एफ.)

क) अध्येता वृत्ति और छात्रवृत्तियाँ

वर्ष 2017-2018 के दौरान विश्वविद्यालय के छात्रों को दिए गए अध्येता वृत्ति/ छात्रवृत्तियों पर किए गए व्यय को नीचे दर्शाया गया है –

उद्दिष्ट विशेष निधि खाते के माध्यम से : रू. 539.02 लाख

क्र.सं.	**योजना**	**राशि (रू. लाखों में)**
1	जूनियर रिसर्च अध्येता वृत्ति (यू.जी.सी. जे.आर.एफ./ एस.आर.एफ)	237.37
2	राजीव गांधी राष्ट्रीय अध्येता वृत्ति	1.52
3	रामन पोस्ट डॉक्टोरल अध्येता वृत्ति	26.82
4	बी.एस.आर. अध्येता वृत्ति	31.01
5	प्रतिभा अध्येता वृत्ति	12.63
6	पांडिचेरी सरकार अध्येता वृत्ति	0.18
7	भारत सरकार अध्येता वृत्ति	2.88
8	टाटा मेमोरियल अध्येता वृत्ति	8.58
9	डी.एस.टी. पोस्ट डॉक्टोरल अध्येता वृत्ति	44.82
10	डी.एस.टी. इनस्पाइर अध्येता वृत्ति	25.21
11	डी.बी.टी. अध्येता वृत्ति	9.38
12	आई.सी.एम.आर. छात्रवृत्ति	6.01
13	आई.सी.एस.एस.आर. अध्येता वृत्ति	16.54
14	एम.एन.आर.ई. अध्येता वृत्ति	6.76
15	सी.एस.आई.आर. अध्येता वृत्ति	1.96
16	विश्वसारा अध्येता वृत्ति	19.37
17	यू.एम.आई.एस.ए.आर.सी.अध्येता वृत्ति	48.97
18	यू.एम.आई.जी.ई.टी.अध्येता वृत्ति	39.01
	कुल	**539.02**

ख) विभिन्न संगठनों से विशिष्ट उद्देश्यों (परियोजनाएँ आदि) के लिए प्राप्त निधियों व व्ययों का विवरण-

वर्ष 2017-18 के दौरान अध्येता वृत्ति और छात्रवृत्तियों, अनुसंधान परियोजनाओं, सम्मेलनों, संगोष्ठियों आदि के लिए विभिन्न संगठनों से प्राप्त निधि व व्यय का विवरण नीचे दर्शाया गया है।

क्र.सं.	**निधीयन एजेंसी**	**प्राप्तियाँ (रू.लाखों में)**	**भुगतान (रू.लाखों में)**
1	यू.जी.सी.	154.61	655.93
2	सी.एस.आई.आर.	16.63	20.13
3	डी.एस.टी.	998.29	544.85

4	डी.बी.टी.	159.62	341.98
5	आई.सी.एस.एस.आर.	48.44	52.83
6	एम.ओ.ई.एस.	8.66	62.91
7	यू.जी.सी.डी.ए.ई.	5.30	10.30
8	पांडिच्चेरी सरकार	9.10	9.21
9	अन्य	928.98	385.75
	कुल	**2329.63**	**2083.89**

भाग-IV : ऋण और जमा, जी.पी.एफ., सी.पी.एफ. और विश्वविद्यालय निधि

क्र.सं.	**विवरण**	**प्राप्तियाँ (रू.लाखों में)**	**भुगतान (रू. लाखों में)**
1.	नामे और जमा खाता		
	i. नामे और जमा	1032.89	937.49
	ii. एच.बी.ए.	74.22	2.22
